फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 316 प्रभात जयपुर, मंगलवार 21 जून, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Chhogaji and Gulku Goojari**

Now look at my husband – simply owning a moustache does not make a man. He sits quietly when people threaten us.

**ASANAS: Tips To Do A Perfect Headstand**

**WORLDMUSICDAY: Where Words Fail, Music Speaks**



*मार्सूपिअल जीवों की एक प्रजाति, लैडबीटर पॉसल जब 50 साल तक नहीं दिखे तो उन्हें लुप्त मान लिया गया और 1961 में उनके पुनः नजर आने तक उन्हें लुप्त ही माना जाता रहा। छोटे आकार के ये फुर्तीले जीव अन्य मार्सूपिअल की तरह रात में सक्रिय होते हैं और दिन में पेड़ों के कोटरों में सोते रहते हैं। उन्हें ऐसे जंगल की जरुरत होती है जो ना तो ज्यादा पुराना हो और ना ही ज्यादा युवा हो। क्योंकि रहने के लिए पेड़ों के कोटर के अलावा वो पेड़ों से निकलने वाले तरल का भी सेवन करते हैं। लेकिन जंगल में आग लगने की घटनाओं और बड़ी तादाद में पेड़ कटने की वजह से इनके आवास को गंभीर खतरा है। ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ विक्टोरिया में मिलने वाले ये जीव अपने जीनस, जिम्नोबैलाइडिअस की एकमात्र प्रजाति हैं। ऑस्ट्रेलिया की मूल प्रजाति, लैडबीटर पॉसम विक्टोरिया सैन्ट्रल हाइलैंड्स के 5600 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सीमित हैं। इसके अलावा मैलबर्न से 50 कि.मी. पूर्व में यैलिंगबो जंगल के दलदली भाग में भी इनका एक समूह रहता है। कीड़े-मकोड़े और फूलों का पराग इनका प्रिय भोजन है। इनकी पूंछ मुगदर जैसी होती है जिसमें ये पेड़ों की छाल को फंसा के ले जाते हैं, जो घर बनाने के काम आती है। ये जीव छोटे-छोटे समूहों में रहते हैं। एक समूह में 4 से 8 पॉसम होते हैं। प्रजनन काल में एक नर एक ही मादा के साथ मेट करता है। लैडबीटर्स पॉसम तीन विशिष्ट प्रकार के जंगलों में मिलते हैं, लम्बे नम युकलिप्टस वृक्षों वाले वन, सब एल्पाइन वुडलैंड और लोलैण्ड स्वॉम्प फॉरेस्ट (निचले भागों के दलदली वन)। लैडबीटर पॉसन मीठे पौधों और कीटों को खाते हैं, जैसे सैप्स, गम्स, हनीड्यू, जिनसे इन्हें कार्बोहाइड्रैट मिलता है और कीड़ों से प्रोटीन।*

# पवार, फारुख के बाद गोपाल गांधी ने भी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने से इन्कार किया

## विपक्ष की एकता के सोच के खोखलेपन को उजागर किया गोपाल गांधी की इस ''ना'' ने

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। यह विपक्षी दलों का दयनीय दशा को दर्शाता है कि पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी तीसरे ऐसे व्यक्ति बन हैं जिन्होंने राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने के विपक्ष के प्रस्ताव को ठुकरा दिया हैं।

इससे पहले नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार और नैशनल कॉन्फ्रैंस के फारूख अब्दुल्लाह ने भी 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनावों के लिए संयुक्त विपक्ष का प्रत्याशी बनने से इनकार कर दिया।

- **विपक्ष ने राष्ट्रपति पद के महत्व को बहुत कम आंका, तथा इस चुनाव को बड़े हल्के व गैर गंभीर तरीके से लिया, तथा भाजपा के लिये खुला मैदान छोड़ दिया गोल दागने के लिये।**
- **अगर विपक्ष वाकई में देश की प्रजातंत्रीय व्यवस्था पर भाजपा-संघ के प्रहार से बहुत आशंकित व आतंकित था, तो इस पद पर विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार के लिये तैयारी कुछ माह पूर्व शुरु होनी चाहिये थी।**
- **क्षेत्रीय पार्टियाँ अपने ही गुरुर में, कांग्रेस से आशंकित रहीं और राष्ट्रपति के चुनाव को वो महत्व नहीं दे सकीं, जो ''समय'' की पुकार थी। ऐसा लग रहा है, जैसे विपक्ष की एकता को केवल मौखिक समर्थन दिया जा रहा था, गंभीरता का नितान्त अभाव था।**

सोमवार को जारी एक बयान में गांधी ने कहा कि मामले को गहराई से देखने पर मुझे लगता है कि विपक्ष का प्रत्याशी ऐसा व्यक्ति होना चाहिये जो विपक्षी एकता के अलावा राष्ट्रीय आम सहमति बना सके। मुझे लगता है कि और भी ऐसे लोग होंगे जो मुझसे बेहतर तरीके से यह काम कर सकेंगे। इसलिए मैंने नेताओं से कहा है कि ऐसे ही व्यक्ति को अवसर देना चाहिए। महात्मा गांधी के पौत्र और पूर्व राजनयिक रहे गोपाल कृष्ण गांधी ने कहा कि हो सकता है भारत को ऐसा राष्ट्रपति मिले जैसे अंतिम गवर्नर जनरल राजाजी थे या फिर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जिन्होंने इस पद की शोभा सबसे पहले बढाई थी।

विपक्ष सर्वसम्मत प्रत्याशी के लिए 21 जून को विचार करने जा रहा है और उसके ठीक एक दिन पहले गांधी ने यह घोषणा कर दी है।

पवार, अब्दुल्लाह और अब गोपाल कृष्ण गांधी के इनकार ने साफ कर दिया है कि विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति पद के चुनाव का महत्व बहुत कम आ को और भाजपा के लिए मैदान खुला छोड़ दिया। क्षेत्रीय पार्टियों का अपना अलग ही अहं है और कांग्रेस को लेकर भारी संदेह में है इसलिए उन्होंने भी राष्ट्रपति चुनाव को महत्व नहीं दिया। इस प्रकार भाजपा के पास पूरा मौका है।

अगर विपक्षी दलों को देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर मंडरा रहे खतरों की चिन्ता होती तो वे महीनों पहले से इस प्रतिष्ठित मुकाबले की तैयारी शुरू कर देते। विपक्षी दल एकता की सिर्फ

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# साध्वी का निधन

जोधपुर, 20 जून (कासं)। जैनाचार्य योग तिलक सूरिश्वर महाराज की आज्ञानुवर्ती साध्वी हितज्ञा की शिष्या साध्वी शास्त्रज्ञा का आज सुबह पाली से जोधपुर की तरफ विहार करते समय खारड़ा टोल के निकट तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से निधन हो गया।

घटना स्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि टक्कर इतनी जोरदार थी की

- **जैन साध्वी शास्त्रज्ञा का पाली से जोधपुर जाते समय तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से निधन हो गया।**

साध्वी 20 फुट ऊपर उछल कर गिरी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर रोहट पुलिस व पाली से जैन समाज के लोग घटना स्थल पर पहुंचे। चिंतक सोहन मेहता व महावीर शासन स्थापना महोत्सव समिति के राष्ट्रीय महामंत्री धनराज विनायकिया ने कहा कि इस दुखद घटना से देश भर के जैन समाज शोक की लहर है। उन्होंने कहा कि पिछले माह में दो सन्तों के दुर्घटना में हुए निधन से आहत जैन जगत उस हृदयविदारक घटना से उभरा ही था कि फिर से इस लोमहर्षक हादसे से वह सकते में आ गया है। साध्वी के देवलोक गमन पर भैंरूबाग जैन तीर्थ तपागच्छ ट्रस्ट मंडल क्रिया भवन की ओर से नवकार महामंत्र स्मरण करते हुए भाव भरी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# 'जेल में कैद एक साधारण कैदी व कारावास में बंद विधायक में फर्क है'

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस प्रश्न पर और सोचने व मंथन की जरूरत है, पर महाराष्ट्र में कारावास में बंद मंत्रियों को विधान परिषद में मतदान का हक नहीं दिया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। सर्वोच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र विधान परिषद के

- **सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह तर्क भी दिया गया कि, दोनों मंत्री न्यायिक हिरासत में हैं, न कि, पुलिस की ''कस्टडी'' में अतः उन्हें मतदान का अधिकार मिलना चाहिये। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, धारा (62/5) में ऐसा कोई अन्तर नहीं किया गया।**
- **बम्बई हाई कोर्ट, जिसने दोनों मंत्रियों को वोटिंग अधिकार नहीं दिया था, ने अपने निर्णय में यह भी कहा था कि, न्यायालय को विधानसभा में मतदान में हिस्सा लेने का अधिकार देने का साधारण तौर पर तब तक कोई कारण नहीं बनता, जब तक किन्हीं कारणों से मतदान के ठीक पहले बहुत से विधायकों को हिरासत में डाल दिया गया हो।**

आगामी चुनावों में महाराष्ट्र के मंत्रियों नवाब मलिक तथा अनिल देशमुख, जो इस समय हिरासत में हैं, को वोट डालने की अनुमति देने से सोमवार को इनकार कर दिया, लेकिन अदालत इस बात पर सहमत थी कि जेल में बंद विधायकों के वोट देने के अधिकार से संबंधित कानून पर विचार किया जाना चाहिये।

ज्ञातव्य है कि पूर्व गृह मंत्री देशमुख कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में न्यायिक हिरासत में हैं, जबकि मलिक कथित रूप से मनी लॉन्डरिंग एवं साधनों से अधिक गैर कानूनी सम्पत्ति रखने के मामले में हिरासत में हैं।

किन्तु, न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार तथा सुधांशु धूलिया की बैंच ने कहा कि यह याचिका किसी मैम्बर ऑफ लेजिस्लेटिव असेम्बली (एम. एल. ए.) को अपने विधानसभा क्षेत्र की ओर से विधान परिषद चुनावों में वोट देने के अधिकार के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है।

बैंच ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने 17 जून को उन्हें वोट देने के अधिकार का उपयोग करने देने से इनकार कर दिया था क्योंकि रिप्रजेन्टेशन ऑफ पीपुल एक्ट की धारा 62(5) कैदियों को वोट देने का निषेध करती है। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा कि तर्क यह दिया जा रहा है कि वे ऐसे अन्य लोगों के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, जो किसी अन्य व्यक्ति का चुनेंगे। यह प्रतिनिधित्व

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# जनरल रावत व अग्निपथ

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने युवा विरोधी अग्निपथ योजना और मोदी सरकार की प्रतिशोध की राजनीति के खिलाफ लगातार दूसरे दिन जंतर-मंतर पर सत्याग्रह किया। कांग्रेस का आरोप

- **कांग्रेस के महासचिव अजय माकन ने कहा अग्निपथ भर्ती स्कीम, दिवंगत जनरल रावत के सोच से विश्वासघात है।**

है कि मोदी सरकार नैशनल हैरल्ड केस में मनी लॉंडरिंग के झूठे आरोप में उनके नेता राहुल गांधी से ई.डी. के जरिए 30 घंटे से भी ज्यादा पूछताछ करवाई है यह सब कांग्रेस पर दबाव बनाने का प्रयास है।

पार्टी महासचिव अजय माकन ने सरकार पर कांग्रेस की छवि खराब करने के झूठी, मनगढंत खबरें फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि ए.आई.सी.सी. मुख्यालय को पुलिस छावनी बना दिया गया है पुलिस देश की

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# अग्निपथ स्कीम अग्निपरीक्षा होगी आगामी वर्ष में

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान सुस्थापित परम्परानुसार भारी संख्या में सेना में युवकों को भेजते हैं, और अगले वर्ष इन राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। केन्द्र सरकार की अग्निपथ भर्ती योजना की लोकप्रियता/अलोकप्रियता की पहली परीक्षा इस साल में होने वाले तीन लोकसभा तथा सात विधानसभा सीटों के लिये हाने वाले उप चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन के माध्यम से हो जायेगी।

इस साल मध्य प्रदेश में स्थानीय निकायों तथा मुम्बई में बी.एस.सी. के चुनाव होने हैं तथा इसके बाद, गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। 2023 में, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजथान में विधानसभा चुनाव होने हैं। ये सभी राज्य परम्परागत रूप से बड़ी संख्या में युवाओं को सैनिकों के रूप में भेजते आ रहे हैं। इसलिये यह प्रश्न पैदा होना स्वाभाविक ही है कि क्या अग्निपथ योजना को लेकर युवाओं की व्यग्रता एक ऐसे आंदोलन का रूप लेगी जो भाजपा की

- **अग्निपथ स्कीम लोकप्रिय है या अलोकप्रिय, इस स्कीम को इन राज्यों ने स्वीकार किया या नहीं किया, इसका फैसला चुनाव करेंगे।**
- **अग्निपथ की तुलना किसान आंदोलन से करी जा रही है। और, निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि, किसान आंदोलन के बाद भी भाजपा यू.पी. जीत कर आयी थी।**
- **यह पूर्णतया सत्य नहीं, क्योंकि 2017 के विधानसभा चुनाव की तुलना में, 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यू.पी. में 57 सीटें खोयी थीं, तथा सपा के आंकड़े में 64 का इजाफा हुआ था।**
- **अतः डेढ़ साल चले किसान आंदोलन के बाद भी यू.पी. में भाजपा की सरकार तो बनी थी, पर, सीटें काफी कम हुई थीं।**

चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुँचा सकती हो?

किसान संगठनों द्वारा डेढ़ साल तक किये गये आंदोलन के बावजूद, भाजपा उत्तर प्रदेश में दोबारा सरकार बनाने में सफल हो गई थी, जो राज्य के पिछले 32 साल के इतिहास में पहली

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# सुप्रिया श्रीनेत

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के कुछ घंटों के अंदर ही, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को जयराम रमेश की अध्यक्षता वाले

- **कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को कांग्रेस के सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रमुख नियुक्त किया।**

नए कम्युनिकेशन्स डिपार्टमैंट के सोशल मीडिया डिजिटल प्लैटफॉर्म्स का चेयरपर्सन नियुक्त किया।

सुप्रिया, रोहन गुप्ता का स्थान ले रही हैं, जिन्हें तुरंत प्रभाव से ए.आई.सी.सी. का एक प्रवक्ता बनाया गया है। ए.आई.सी.सी. जनरल सैक्रेटरी (संगठन), के.सी. वेणुगोपाल के एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्त जानकारी दी है।

# 'कोविड-19 की भांति यूक्रेन युद्ध खत्म होता नज़र नहीं आता'

## नाटो के सर्वोच्च अधिकारी स्टोल्टेनबर्ग व ब्रिटेन के प्र.मंत्री बोरिस जॉनसन ने अपने-अपने तरीके से यह सोच दोहराया, जर्मनी व इंग्लैंड में

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। कोविड-19 की वैश्विक महामारी जिस तरह से जाने का नाम नहीं ले रही है, उसी तरह से दुनिया को यूक्रेन में एक लम्बे युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि रूस यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में अपना नियंत्रण स्थापित करने को लेकर क्रमिक रूप से बढ़त प्राप्त कर रहा है।

यह आकलन है नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का, जिन्होंने क्रमशः जर्मन और ब्रिटिश मीडिया को दिए अलग-अलग बयानों में यह चेतावनी दी हैं।

सी.एन.एन. की एक रिपोर्ट कहती है कि स्टोल्टेनबर्ग और जॉनसन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भविष्य के आक्रमण की रोकथाम के लिए रेखांकित किया है कि पश्चिमी देशों की सरकारों को यूक्रेन को अपना समर्थन जारी रखने की आवश्यकता है।

स्टोल्टेनबर्ग ने जर्मनी के अखबार

- **स्टोल्टेनबर्ग ने यह बात कही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, तथा बोरिस जॉनसन ने, सण्डे टाइम्स के संपादकीय पृष्ठ पर लिखे आलेख में।**
- **बोरिस जॉनसन ने अपने लेख में कहा, आठ साल से, पुतिन ने यूक्रेन के पूर्वी हिस्से पर आधिपत्य जमाने का अभियान शुरु किया हुआ था, अब वह सपना पूरा नहीं हो रहा। पर, विश्व के संचार तंत्र से कटे होने के कारण, पुतिन शायद इस सत्य से अनभिज्ञ रहेंगे और युद्ध को जारी रखेंगे।**
- **स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि, पुतिन ने 2008 में जॉर्जिया व 2014 में क्रीमिया पर आधिपत्य स्थापित किया था, तथा विश्व चुपचाप देखता रहा, और अब यूक्रेन युद्ध में भी रूस यही उम्मीद कर रहा है। यह विश्व के लिये बहुत खतरनाक सोच है। क्योंकि, अगर रूस ने यूक्रेन पर धीरे-धीरे कब्जा कर लिया, तो क्या ''गारंटी'' है कि, इससे शान्ति स्थापित हो जायेगी।**

''बाइल्ड आम सॉन्टाग को बताया कि कोई नहीं जानता कि यह संघर्ष कब समाप्त होगा, लेकिन ''चाहे इसमें कितना भी धन खर्च हो जाए, हमें इस वास्तविकता के लिये तैयार रहने की जरूरत है कि इसमें सालों लग सकते हैं।''

''हमें यूक्रेन का समर्थन करना बंद नहीं करना चाहिए। बावजूद इसके कि इसमें खर्चा अधिक है, हमें ना केवल उसका सैन्य समर्थन करना है, बल्कि ऊर्जा और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण भी उसका साथ देना है।''

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को कीव का अपना दूसरा दौरा करने के बाद संडे टाइम्स में लिखे एक लेख में कहा कि पश्चिमी सहयोगियों को एक लम्बे युद्ध लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि पुतिन नृशंसताएं कर यूक्रेन को सताने की कोशिश कर रहे हैं और दमनात्मक कार्रवाई पर उतर आए हैं।

जॉनसन ने कहा कि यूक्रेन के अधिकांश पूर्वी हिस्से को कवर करने वाले दोन्बास पर कब्जा कर लिया गया है। यह पिछले आठ सालों में पुतिलन कर उद्देश्य रहा है क्योंकि इसी को लेकर उन्होंने एक अलगाववादी विद्रोह भड़काकर अपना पहला आक्रमण किया था।

रूस जहां अपना उद्देश्य अब भी पूर्ण नहीं कर पाया है, वहीं ''पुतिन को यह एहसास नहीं होगा कि यूक्रेन की पूर्ण विजय की उनकी महा साम्राज्यशाली योजना विफल कर दी गई है, लेकिन फिलहाल अलग-थलग रह रहे पुतिन अब भी यह सोचते होंगे कि पूर्ण विजय संभव है।''

रूस के भविष्य के आक्रमण को टालने की आवश्यकता पर जोर देते हुए नाटो प्रमुख ने कहा कि यदि पुतिन इस युद्ध से सबक लेकर यह सोचते हैं कि वर्ष 2008 के जॉर्जिया युद्ध और वर्ष 2014 में क्रीमिया का अधिग्रहण करने के जैसे वह इस युद्ध को भी जारी रख सकते हैं तो हमें एक भारी कीमत चुकानी होगी। जॉनसन ने प्रश्न किया कि रूस की फौज के नियंत्रण में यूक्रेन के जो क्षेत्र हैं, यदि राष्ट्रपति पुतिन उन सभी क्षेत्रों को अपने पास रखने में स्वतंत्र रहते हैं तो क्या होगा। यदि उन्होंने इस विजित क्षेत्र

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# महात्मा गांधी के पौत्र का इन्कार

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। विपक्ष के समक्ष इस समय एक बहुत बड़ी उलझन एवं मुश्किल यह है कि उसके पास 18

- **गोपाल गांधी ने कहा, राष्ट्रपति पद का विपक्ष का उम्मीदवार ऐसा व्यक्ति होना चाहिये जो सर्वसम्मति से स्वीकार्य हो, और इस कार्य के लिए मेरे से बेहतर अन्य बहुत लोग हैं।**

जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिये कोई उम्मीदवार नहीं है।

18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति पद के आसन्न चुनाव के लिए विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी के चयन के लिये होने वाली विपक्ष की दूसरी मीटिंग से एक दिन पहले, महात्मा गांधी के पौत्र गोपाल

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## विचार बिन्दु

अधर्म की सेना का सेनापति झूठ है। जहाँ झूठ पहुँच जाता है वहाँ अधर्म-राज्य की विजय-दुंदुभी अवश्य बजती है। –सुदर्शन

# 'अग्नि-पथ, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़'

भारत सरकार ने 'अग्नि पथ' नामक योजना घोषित की है, जिसे सरकार रोजगार देने वाली बहुत बड़ी योजना के रूप में प्रचारित कर रही है। इसके बारे में देश के सभी समाचार पत्रों में पूरे पृष्ठ के विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं। सरकार का यह दावा है कि इस योजना के माध्यम से 17.5 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के लगभग 50000 युवाओं की भर्ती भारतीय सेना के तीनों अंगों में प्रति वर्ष की जाएगी। यह नियुक्ति चार वर्ष के लिए होगी। इस अवधि के बाद भर्ती किए लोगों में से 25 प्रतिशत को नियमित किया जाएगा और शेष को निकाल दिया जाएगा। ये सब 22 से 25 साल की आयु में ही 'भूतपूर्व' की श्रेणी में सम्मिलित हो जाएंगे। निकाले गए 75 प्रतिशत लोगों को अन्य सेवाओं में प्राथमिकता देने की बात की जा रही है। यह उल्लेखनीय है कि इन्हें किसी प्रकार की नौकरी की कोई गारंटी नहीं दी गई है। सरकार इस कदम को एक मास्टर- स्ट्रोक की तरह प्रचारित कर रही है और इसे बेरोजगारी दूर करने के साथ ही, सेनाओं की औसत आयु कम करके, उसे अधिक ऊर्जावान और आधुनिक बनाने का निर्णय भी बता रही है।

प्रधानमंत्री जी ने इस अग्निपथ योजना की घोषणा के साथ ही, अगले डेढ़ वर्ष में 10 लाख रिक्त सरकारी पदों को भरने की घोषणा भी की है। यह घोषणा की गई है कि सभी विभागों के रिक्त पद, अगले डेढ़ साल में भर दिए जाएंगे।

हम इस आलेख में यह समझने का प्रयास करेंगे कि सेना में भर्ती की नई योजना अग्नि पथ का युवाओं के लिए क्या तात्पर्य है एवं इसका उनके भविष्य पर क्या प्रभाव होगा?

यह उल्लेखनीय है कि सेना में दो-तीन साल से कोई भर्ती नहीं हुई है तथा वर्तमान में लगभग 1.25 लाख पद रिक्त पड़े हैं जिन पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। कई युवाओं ने लिखित परीक्षा तथा शारीरिक क्षमता की परीक्षा भी दे दी थी। अब नई योजना की घोषणा के साथ उस पूरी प्रक्रिया को रोक दिया गया है। इसके कारण, कई ऐसे युवक जो 2-3 साल से तैयारी कर रहे थे, वे अधिकतम आयु सीमा 21 साल से अधिक होने के कारण अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती हेतु अयोग्य हो जाएंगे। पहले वाली भर्ती, नियमित भर्ती थी, जिसमें पेंशन, ग्रेच्युटी आदि का लाभ मिलता एवं नौकरी लंबे समय के लिए थी। नई योजना के अंतर्गत अग्नि वीरों की कुल नौकरी चार साल की होगी, जिसमें से 6 माह प्रशिक्षण होगा। चार साल पश्चात, उन्हें निकाल दिया जाएगा और वे पुनः बेरोजगार हो जाएंगे। उन्हें न पेंशन मिलेगी, न ग्रेच्युटी और न कोई अन्य लाभ। उन्हें केवल उनके वेतन 30000 रुपये प्रतिमाह में से काटी गई 9000 रुपये प्रतिमाह एवं इतनी ही सरकार द्वारा मिलाकर, चार साल बाद, ब्याज समेत कुल 11.70 लाख रुपये मिलेंगे।

सरकार ने कहा है कि जो 75 प्रतिशत लोग सेना से निकाले जाएंगे, उन्हें अन्य अर्ध सैनिक बलों में होने वाली भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी। पूर्व अनुभव के अनुसार इस प्रकार के आश्वासन केवल लॉलीपॉप ही सिद्ध होते हैं। इनमें नियमित नौकरी की गारंटी के अभाव में भूतपूर्व अग्निवीर के रूप में ये युवा पुनः बेरोजगारों की फौज में सम्मिलित होकर मानसिक अवसाद में चले जाएंगे। अच्छा तो यह होता कि सरकार इन्हे सेवा से मुक्त होते ही अन्य किसी सेवा में समायोजित कर लेती। ऐसा कोई प्रावधान इस योजना में नहीं है। क्योंकि चार साल तक ये लोग अन्य किसी नौकरी में न आवेदन कर पाएंगे और न ही चयनित हो पाएंगे, एक प्रकार से ये रोजगार के अन्य अवसरों से इस अवधि में वंचित हो जाएंगे।

सेना में सदैव गोरखा रेजिमेंट, राजपूत रेजिमेंट, जाट रेजिमेंट आदि में भर्तियां होती रही हैं और प्रत्येक के मन में अपनी रेजिमेंट का नाम ऊंचा रखने की भावना कूट-कूट कर भरी जाती रही है। अब इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। कई पूर्व सैनिक अधिकारियों के अनुसार, इसका सैनिकों के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। जिस व्यवस्था को बनाने और मजबूत करने में कई साल लगे, उसे एक निर्णय लेकर सरकार द्वारा ध्वस्त किया जा रहा है।

**इस योजना का एक और दूरगामी दुष्प्रभाव समाज पर होने की आशंका है। चार साल बाद प्रति वर्ष 30-35 हजार पूर्ण प्रशिक्षित युवा जब बेरोजगार होकर समाज में लौटेंगे तो उनकी मनःस्थिति क्या होगी? ये लोग सभी प्रकार के आधुनिकतम हथियार चलाने में पारंगत होंगे।**

इस योजना से तो ऐसा लगता है कि भारतीय सेना में अब सैनिक ठेके पर रखे जाएंगे। ठेके पर रखे गए सैनिकों में वह निष्ठा और समर्पण की भावना कैसे आएगी? सरकारों ने अपने कई विभागों में तो ठेका प्रथा कई सालों से चला ही रखी है, अब उसका विस्तार सेना तक में कर दिया है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ समय पूर्व, इसी भारत सरकार ने 'वन रैंक, वन पेंशन' लागू कर वाह-वाही लूटने का काम किया था। नई योजना में उसका क्या हश्र होगा? सरकार ने शायद उससे बचने के लिए ही अग्निपथ योजना बनाई है ताकि 'न रहे बांस, न बजे बांसुरी' की तर्ज़ पर 'न रहे नियमित नौकरी, न रहे पेंशन' की स्थिति उत्पन्न होने के कारण पेंशन ही नहीं रहेगी तो पेंशन में समानता की बात स्वतः समाप्त हो जाएगी।

सरकार ने शायद यह अनुमान नहीं लगाया होगा कि 'अग्नि पथ' योजना के कारण वह कितने 'अग्नि वीरों' की अग्नि परीक्षा लेने की तैयारी कर रही है? सरकार को शायद यह भी भान नहीं है कि चार वर्ष बाद ये अग्नि वीर नौकरी में तो नहीं रहेंगे किन्तु इनके दिलों में बेरोजगारी के कारण क्रोध से धधकती 'अग्नि' अपनी ज्वाला में क्या-क्या नहीं जला देगी?

देश का युवा, बेरोजगार अवश्य है, किंतु बेवक़ूफ़ नहीं है। वह समझदार है। इसी समझदारी का ही परिणाम है कि सरकार की आशा के विपरीत, उन्होंने इस योजना के विरुद्ध पूरे देश में मोर्चा खोल दिया है और प्रदर्शन प्रारंभ कर दिए हैं। बेरोज़गारी के बढ़ते स्तर से वह पहले ही बहुत कुंठित और आक्रोशित था। अब इस योजना की घोषणा ने, उसकी रही-सही आशा पर भी तुषारापात कर दिया है।

वह यह समझ गया है कि जो नियमित पद रिक्त थे और जिन पर नियमित भर्ती की प्रक्रिया चल रही थी, उसे ही रोककर, उनके विरुद्ध 'अग्नि वीरों' के नाम से ठेके पर चार साल के लिए भर्ती की जाएगी। जो व्यक्ति प्रतिदिन अपने भविष्य के प्रति आशंकित होगा, वह भला किस प्रकार पूर्ण उत्साह, निष्ठा और समर्पण की भावना स्वयं में ला पाएगा?

केंद्र सरकार इस योजना के माध्यम से अपना खर्चा भले ही कम कर ले, क्योंकि उसे सेवा संबंधी कोई लाभ जैसे पेंशन, ग्रेच्युटी आदि नहीं देने होंगे, ऐसा करके वे सेना को कमजोर करने का ही काम करेगी। विडंबना है कि इस योजना के विरुद्ध, कुछ अपवादों को छोड़कर, पूर्व सेनाध्यक्ष भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। आश्चर्य तो तब हुआ जब केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह ने इस योजना के बारे में पूछे जाने पर अपनी अनभिज्ञता प्रकट की। स्पष्ट है, मंत्री मंडल में सम्मिलित पूर्व सेनाध्यक्ष को भी ऐसा दूरगामी निर्णय लेते समय विश्वास में नहीं लिया गया।

इस योजना का एक और दूरगामी दुष्प्रभाव समाज पर होने की आशंका है। चार साल बाद प्रति वर्ष 30-35 हजार पूर्ण प्रशिक्षित युवा जब बेरोजगार होकर समाज में लौटेंगे तो उनकी मनःस्थिति क्या होगी? ये लोग सभी प्रकार के आधुनिकतम हथियार चलाने में पारंगत होंगे। इनका उपयोग राष्ट्रिवरोधी गतिविधियों में कोई संगठन कर ले, इस संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

वास्तव में यदि ऐसा हो गया और इनका दुरुपयोग राष्ट्र विरोधी या असामाजिक गतिविधियों में होने लग गया, तो समाज में कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी विपरीत असर पड़ेगा।

उपरोक्त वर्णित सभी पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए, सरकार को यह चाहिए कि वह इस योजना पर पुनर्विचार करे तथा इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं बनाए।

युवाओं के आंदोलन की बढ़ती उग्रता को देखते हुए सरकार ने कुछ संशोधन अवश्य किए हैं, जैसे अधिकतम आयु सीमा में दो साल की वृद्धि, अर्ध सैनिक बलों और असम राइफल्स में भर्ती में अग्नि वीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण आदि। कई राज्य सरकारें भी सेना से निकाले गए अग्नि वीरों को पुलिस भर्ती में प्राथमिकता के आश्वासन दे रही हैं। इससे यह तो स्पष्ट है कि सरकार ने दो वर्ष के मंथन में भी युवाओं की समस्याओं का अनुमान नहीं लगाया।

कुल मिलाकर सरकार प्रतिदिन कोई न कोई नया आश्वासन देकर युवाओं के आक्रोश को कम करने का प्रयास अवश्य कर रही है, किन्तु ये सारे प्रयास सतही हैं और इनसे युवा की भविष्य के प्रति अनिश्चितता कम नहीं होती। इसकी संभावना कम ही है कि युवा इनसे संतुष्ट होंगे। यदि सरकार वास्तव में सेना से निकाले गए अग्नि वीरों के बारे में गम्भीर है तो उन्हें चार साल बाद न्यूनतम 30000 रुपए प्रतिमाह की नौकरी की गारंटी देनी चाहिए क्योंकि उसका प्रारंभिक वेतन ही अभी 39000 रुपये प्रतिमाह है।

यदि सरकार ने इस पर सम्वेदनशीलता नहीं दिखाई और इसे वर्तमान स्वरुप में ही लागू करने पर अड़ी रही तो यह न केवल देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा, अपितु इससे राष्ट्र की सुरक्षा पर भी विपरीत प्रभाव होगा। देशवासी तो सरकार के नीति निर्धारकों को सद्बुद्धि देने हेतु ईश्वर से प्रार्थना ही कर सकता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

## (21 जून - विश्व संगीत दिवस विशेष)

# विश्व में शांति, भाईचारे एवं सद्भाव के लिए विश्व संगीत दिवस का आयोजन



पन्नालाल मेघवाल




**■ म्यूजिक डे का मकसद विशेषज्ञों एवं नए कलाकारों को एक मंच पर लाना है**

विश्व संगीत दिवस को वर्ल्ड म्यूजिक डे एवं फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से जाना जाता है। इसका अर्थ म्यूजिक फेस्टिवल है। 21 जून 1982 को म्यूजिक फेस्टिवल की शुरुआत फ्रांस के पूर्व संस्कृति मंत्री जेक लेंग ने की। उन्होंने शांति, भाईचारा एवं सद्भाव के लिए म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया। इसको मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीक़े से संगीत का प्रचार करना, विशेषज्ञों एवं नए कलाकारों को एक मंच पर लाना है।

संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता है इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। यह दुःखी से दुःखी इंसान को भी खुश कर देता है। संगीत दुनिया में हर जगह है, अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है। कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट हर जगह संगीत ही तो है, बस इसे महसूस करने की जरूरत है।

संगीत न सरहदों में कैद होता है और ना भाषा में बंधता है। भले ही हर देश की भाषा पहनावा एवं खानपान अलग-अलग हो लेकिन हर देश के संगीत में सभी सात स्वर एक जैसे होते हैं। और लय-ताल भी एक सी होती है। संगीत हर इंसान के लिए अलग-अलग मायने रखता है। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं है।

भारत में विश्व संगीत दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। भारत में संगीत गायन की- शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत एवं लोकगीत तीन श्रेणियां मानी गई हैं। शास्त्रीय संगीत में ध्रुपद, ख्याल एवं तराना तीन विधाएं हैं। सुगम संगीत में ठुमरी, टप्पा, गजल, भजन, दादरा, अष्टपदी एवं धमार सात विधाएं हैं। लोक संगीत में कजरी, झूला, हिंडोला, आल्हा, बिरहा, बारहमासा एवं संस्कार गीत सात विधाएं हैं।

ध्रुपद गायन भारत की प्रसिद्ध गायन शैली है। अधिकांश विद्वानों का मत है कि पन्द्रहवी शताब्दी में ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर ने इसकी रचना की थी। ध्रुपद गायन तनाव व दौड़-धूप भरी जिंदगी से शांति प्रदान करता है। तानसेन, स्वामी हरिदास, बैजू बावरा, उस्ताद जियाउद्दीन डागर आदि प्रमुख ध्रुपद गायक रहे हैं।

संगीत अवार्ड से सम्मानित पंडित विश्व मोहन भट्ट ने संगीत का परिमार्जन करते हुए गिटार से सितार, सरोद और वीणा के चौदह अतिरिक्त तारों का सटीक और अद्भुत समन्वय कर विश्व को मोहन वीणा का अपूर्व उपहार दिया। मरू प्रदेश के लंगा कलाकारों ने आज विश्व भर में अपनी गायकी की छाप छोड़ी है। अपनी गायन परंपरा को निभाने वाले लंगा लोक वाद्य खड़ताल, सारंगी, अलगोजा, सुरन्दा, ढोलक, सुरनाई, मोरचंग और पूंगी आदि स्वरों का सहज उतार-चढ़ाव और ताल गूढ का समन्वय कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। मांगणियार लोक कलाकार वंश परंपरा से लोकगीतों, लोक वाद्यों और लोक संगीत के मौलिक स्वरूप को संजोए हुए हैं।

स्वर्गीय गवरी देवी राजस्थान की मांड गायिका की उस हस्ती का नाम है जिन्होंने अपने स्वर माधुर्य से न केवल लोक गायिकी शैली को समृद्ध किया बल्कि देश की सीमाओं को लांघ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। मेवाड़ धरा की माटी में जन्मी स्वर्गीय मांगी बाई भी ऐसी ही लोक गायिका थीं जिन्होंने खटके व मुर्कियों का सहज प्रयोग कर मांड गायन को एक नई ताजगी प्रदान की। मेवाड़ क्षेत्र में कहीं केसरिया बालम आवो नी पधारो म्हारे देश स्वर गूंजते हैं तो स्वर्गीय मांगीबाई की स्मृति दिलो-दिमाग में तरोताजा हो जाती है।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं**
**स्वतंत्र पत्रकार**

## मारवाड़ में प्री-मानसून की बारिश का इंतजार

**जोधपुर, (कासं)।** दक्षिण पश्चिमी मानसून तय समय पर आगे बढ़ रहा है। इसके राजस्थान में संभवतः 25 जून तक पहुंचने की संभावना है। प्रदेश के कई हिस्सों में पिछले तीन चार दिनों में प्री- मानसून की बारिश हो रही है मगर मारवाड़ में अच्छी बारिश या प्री मानसून की बारिश अब तक नहीं हुई है। जोधपुर शहर में एक बार हल्की बूंदाबांदी हुई थी। रविवार को ग्रामीण इलाकों में धूल भरी आंधियां चली व कहीं -कहीं पर छींटै भी गिरे थे।

उमस के बीच लोगों को बारिश की आस बनी है। मगर दोपहर तक कहीं से बारिश के समाचार नहीं मिल पाए। मौसम विभाग ने आगामी दो तीन दिन तक प्रदेश के कई जिलों में जिनमें बीकानेर , अजमेर, जोधपुर सहित कई दूसरे जिलों में प्री मानसून की बारिश के आसार व्यक्त किए है।

# लाखोटिया तालाब में मछलियां मरीं

## शायद ऑक्सीजन की कमी होने से मरी मछलियां

**पाली, (नि.सं.)।** पाली शहर के लाखोटिया तालाब में भैंरूघाट साइड तालाब के दूसरे हिस्से में भरे पानी में सोमवार सुबह घूमने जाने वाले लोगों को सैकड़ों मछलियां किनारे पर मरी पड़ी मिली, जिसके कारण आने -जाने वाले राहगीरों को भारी दुर्गंध आ रही थी। यह मछलियां किस कारण मरी उसका पता नहीं चला। पिछले 2 वर्षों से तलाब में भरा पानी गंदा हो गया है ऑक्सीजन की कमी होने से शायद मरी है। कई लोगों का कहना है कि लोगों ने तालाब में कुछ डाल दिया हो कारण नहीं पता चला। सूचना देने पर दिन में नगर परिषद के कर्मचारी पहुंचे और तालाब में मरी मछलियों को बाहर निकाला और जांच के लिए भेजा। मत्स्य विभाग या चिकित्सा विभाग इसकी जांच कर पता लगाएंगे कि क्या मामला है।



पाली नगर परिषद के कर्मचारियों ने मृत मछलियों को बाहर निकाला।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: स्वास्थ्य के एक नए प्रतिमान की ओर अग्रसर दुनिया

**■ निरोग रहने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं योग की ओर रुख कर रही हैं**

पिछले सात वर्षों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन, जो अब दुनिया भर में अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम बन गया है, ने योग को एक सॉफ्ट पावर के रूप में स्थापित किया है।

भारत इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को और अधिक उत्साह, भव्यता तथा दुनिया भर के लोगों, राष्ट्रों एवं राष्ट्रीयताओं की व्यापक भागीदारी के साथ मनाया जाएगा। प्राचीन विरासत वाला शहर या महलों का शहर-मैसूर, माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के प्रदर्शन का गवाह बनेगा। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की एक अनूठी विशेषता गार्जियन रिंग या दुनिया भर में उगते सूरज के साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) का प्रदर्शन है, जिसकी शुरुआत जापान से होगी और अलग-अलग देशों में सूर्योदय के साथ योगाभ्यास का प्रदर्शन किया जाएगा।

देश भर में 75 ऐतिहासिक स्थानों पर योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा और यह बाकी दुनिया के लिए एक प्रदर्शन होगा। बढ़ती हुई वैश्विक स्वीकृति ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ा एक ऐसा जन आंदोलन बना दिया है जो भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है और दुनिया को स्वास्थ्य एवं कल्याण के एक नए, व्यापक रूप से परिभाषित एवं अन्वेषित अभ्यास को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

योग की बहुआयामी उपलब्धियों और उसके एक सॉफ्ट पावर बनने की यात्रा 2014 में शुरू हुई जब माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। भारत के इस प्रस्ताव का 175 देशों ने समर्थन किया। इसके परिणामस्वरूप 21 जून 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

1 दिसंबर 2016 को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल होकर भारत द्वारा संजोयी गई इस सांस्कृतिक विरासत ने सार्वभौमिक स्वीकृति के एक और मील के पत्थर को पार कर लिया।

योग वाकई एक जन आंदोलन का स्वरूप ले रहा है। विश्व में योग की पहुंच बढ़ती देखी गई है। वर्तमान में 192 देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जो कि इसे वैश्विक कल्याण का अब तक का सबसे बड़ा आयोजन बनाता है। इसके अलावा, विदेशों में भारतीय मिशन और पोस्ट के माध्यम से 170 से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दौरान दो गिनीज विश्व कीर्तिमान बनाए गए- सबसे अधिक संख्या में भाग लेने वाली राष्ट्रीयताएं (84 राष्ट्र) और एक ही स्थान पर एवं एक ही कार्यक्रम में सबसे अधिक भागीदारी (35,985 लोग)। 14 जनवरी 2022 को मकर संक्रांति के अवसर पर दुनिया भर में एक अरब से अधिक लोगों ने सूर्य नमस्कार किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2021 के दौरान लगभग 15 करोड़ लोगों ने इसमें भाग लिया और इस वर्ष इस संख्या का बढ़ना निश्चित है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग के प्रचार एवं विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए दो पुरस्कारों (एक अंतरराष्ट्रीय और दूसरा राष्ट्रीय) की घोषणा की। योगासन को प्रतिस्पर्धी खेल भी घोषित किया गया है। इस कदम ने योग की प्राचीन परिपाटी को और आगे प्रोत्साहित किया है तथा इसके लाभों के बारे में जागरूकता फैलाई है।

इस प्राचीन परंपरा के आधुनिक लाभों को जानने के लिए, सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन योग एंड नेचुरोपैथी (सीसीआरवाईएन) ने 0.79 से 13.03 तक के प्रभाव कारक के साथ पब्मेड इंडेक्स जर्नल में 113 शोध प्रकाशित किए हैं।

2014 से पहले और 2015 के बाद योग से संबंधित नैदानिक परीक्षणों की संख्या में लगभग 6 गुना वृद्धि हुई है और शोध के औसत वार्षिक प्रकाशन में लगभग 11 गुना वृद्धि हुई है।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) ने सामान्य योग प्रोटोकॉल विकसित किया यही प्रोटोकॉल वास्तव में प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दौरान किए जाने वाले प्रदर्शन के आधार हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की खूबियों को प्रौद्योगिकी के साथ जोड़कर योग की पहुंच को और अधिक मजबूत किया गया है। इसमें नमस्ते योग, वाई-ब्रेक, डब्ल्यूएचओ एम योग जैसे मोबाइल आधारित एप्लिकेशन शामिल हैं। पांच मिनट के योग प्रोटोकॉल को वाई-ब्रेक एप्लिकेशन में शामिल किया गया है और इसे काम करने वाले पेशेवरों के लिए विशेष रूप से कार्यस्थलों पर होने वाले तनाव को दूर करने, तरोताजा होने और अपने काम पर फिर से ध्यान केंद्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

भारत में अब योग आधारित पर्यटन बढ़ रहा है और ऋषिकेश, बेंगलुरु तथा मैसूर आदि जैसे भारत के शहरों को अब दुनिया के योग के केन्द्र के रूप में जाना जाता है। इससे चिकित्सीय महत्व वाली यात्रा से जुड़े लाभों को कई गुना बढ़ाने के अवसर में बढ़ोतरी हुई है। योग पुराने दर्द, मनोवैज्ञानिक समस्याओं, मनोदशा संबंधी विकारों और कैंसर, मधुमेह एवं हृदय रोगों जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रबंधन में अत्यधिक फायदेमंद है।

भारत के पहले योग विश्वविद्यालय, लकुलिश योग विश्वविद्यालय में नामांकन कराने वालों की संख्या में तीन गुना वृद्धि देखी गई है। सामान्य योग प्रोटोकॉल के बारे में 1000 से अधिक विश्वविद्यालयों, 30,000 कॉलेजों और सीबीएसई से संबद्ध 24000 स्कूलों को अवगत कराया गया है। लगभग 1.25 लाख स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों (एचडब्ल्यूसीए) को समग्र स्वास्थ्य के संबंध में शिक्षा प्रदान करने का दायित्व सौंपा गया है। धीरे-धीरे लेकिन निरंतर तरीके से योग आज करियर के एक बेहतरीन विकल्प के रूप में उभर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि जीवन के सभी क्षेत्रों और वर्ग से जुड़े लोगों को योग के दायरे में शामिल करना है। पिछले अंतरराष्ट्रीय योग दिवसों के दौरान कई दिव्यांग लोगों को योग करते देखा गया। स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं योग की ओर रुख कर रही हैं।

**सर्बानंद सोनोवाल**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### मंगलवार 21 जून, 2022

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र बुधवार प्रातः 5:03 तक, आयुष्मान योग प्रातः 6:40 तक, बालव करण प्रातः 8:46 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मीन, बुध-वृष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से बुधवार प्रातः 5:03 तक है। सायन कर्क में सूर्य प्रवेश दिन 2:44 से करेगा। सूर्य दक्षिणायन आरम्भ होगा। वर्षा ऋतु आरम्भ होगी। आज कालाष्टमी, बोहरा अष्टमी, पंचक और अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:03 से 10:46 तक, लाभ-अमृत 10:46 से 2:40 तक, शुभ 3:54 से 5:37 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:19

**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है और पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यक्तिगत परेशानी अभी बनी रहेगी।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों का विस्तार होगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों से सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अस्त-व्यस्त व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। अनावश्यक वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**धनु**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित योजना बनेगी।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
मनःस्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से मारपीट के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय को जांच के निर्देश

## बूंदी के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा ने राष्ट्रपति सचिवालय और मानव अधिकार आयोग को भेजी थी याचिका

■ **चर्मेश ने राष्ट्रपति सचिवालय में याचिका दायर कर शिकायत दी थी कि ''कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के दौरान दिल्ली पुलिस ने बिना मजिस्ट्रेट सर्च वारंट के अवैधानिक तरीके से प्रवेश किया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की थी।''**

**जयपुर, (का.प्र.)।** कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में घुसकर मारपीट करने के मामले में राष्ट्रपति सचिवालय और मानव अधिकार आयोग को याचिका पेश की गई थी। राजस्थान के बूंदी जिले के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा की ओर से पेश की गई याचिका पर राष्ट्रपति सचिवालय ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय को पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम बूंदी के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा की ओर से राष्ट्रपति सचिवालय में दायर याचिका में कहा गया था कि 15 जून 2022 को दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कांग्रेस मुख्यालय में बिना मजिस्ट्रेट सर्च वारंट के राजनैतिक दबाव में अवैधानिक तरीके से प्रवेश किया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट की। याचिका में पुलिस के अधिकारियों पर राजनैतिक दबाव में मौलिक अधिकारों का हनन करने के गंभीर आरोप लगाये गये थे। इस याचिका में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की भी मांग की गयी थी।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के दौरान कांग्रेस की ओर से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस 15 जून को 24 अकबर रोड स्थित एआईसीसी कार्यालय में घुसी थी। इसके बाद चर्मेश शर्मा ने 15 जून को ही नई दिल्ली में राष्ट्रपति सचिवालय में राष्ट्रपति के नाम याचिका दायर की थी। राष्ट्रपति सचिवालय ने याचिका के परीक्षण के बाद 16 जून को भारत सरकार के नॉर्थ ब्लॉक, गृह मंत्रालय को इस मामले में जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये है।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम दायर याचिका पर राष्ट्रपति सचिवालय ने यह मामला अधिकृत रूप से भारत सरकार के गृह मंत्रालय को सौंप दिया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने याचिका को भारत सरकार के गृह मंत्रालय को कार्यवाही के लिये भेजते हुये गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव साहिल घोष राय को इस मामले में कार्यवाही के लिए अधिकारी नियुक्त किया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने अपने आधिकारिक आदेश में इस मामले में याचिकाकर्ता कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा से भी आगे की कार्यवाही की जानकारी के लिये भारत सरकार के गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव से सीधे संपर्क करने को कहा है। इस विषय में राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी अधिकृत आदेश भी सामने आया है।

इस मामले में याचिकाकर्ता चर्मेश शर्मा ने 15 जून को ही राष्ट्रपति सचिवालय में याचिका दायर करने के साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में भी शिकायत दर्ज करवायी थी। आयोग के अध्यक्ष के नाम दर्ज शिकायत में दिल्ली पुलिस पर मानवाधिकारों का गंभीर हनन करने के आरोप लगाये थे।

# पुनीत चड्ढा ने कैडेट्स को अग्निपथ योजना के बारे में बताया



**नई दिल्ली स्थित एनसीसी महानिदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक रियल एडमिरल पुनीत चड्ढा सोमवार को जयपुर पहुंचे। यहां उनका एयर कमोडोर एल.के.जैन, उप महानिदेशक राजस्थान निदेशालय और कर्नल जितेन्द्र कुमार ( शौर्य चक्र ) ने इनका गर्मजोशी से स्वागत किया।**

**जयपुर।** नई दिल्ली स्थित एनसीसी महानिदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक रियल एडमिरल पुनीत चड्ढा अपने तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार को जयपुर पहुंचे। यहां पर एयर कमोडोर एल.के.जैन, उप महानिदेशक राजस्थान निदेशालय और कर्नल जितेन्द्र कुमार (शौर्य चक्र) ने इनका गर्मजोशी से स्वागत किया और राजस्थान एनसीसी की गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत करवाया। इसके बाद एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जयपुर के निरीक्षण के दौरान 1 राज बटालियन, एसीसी जयपुर के कैडेट्स ने रियर एडमिरल पुनित चड्ढा को 'गॉर्ड ऑफ ऑनर' देकर सम्मानित किया। एडीजी चड्ढा ने कैडेट्स को अग्निपथ योजना के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक युवा कैडेट्स को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# प्रदेश की जनता राम भरोसे, सरकार आम जनता की सुध नहीं ले रही : पूनिया

■ **'सबसे भ्रष्ट, नकारा, अकर्मण सरकार हैं ये सरकार, जुगाड़ की सरकार हैं। सरकार जब अंतर्कलह का संघर्ष झेल रही हो वो कभी भी जनता के साथ न्याय नहीं कर सकते'**

■ **10 से 12 जुलाई को प्रदेश पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर सिरोही में**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने सोमवार को प्रेस क्लब में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पहले 52 दिन सरकार बाड़े में बंद रही और अब मुख्यमंत्री से मिलने सभी विधायक और अब मंत्री दिल्ली में पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत यह बताएं कि आखिर वह प्रदेश की जनता को किसके हवाले छोड़ कर गए हैं। 3 साल में आधा वक्त उन्होंने बाड़ेबंदी में गुजार दिया। आखिर क्या वह प्रदेश की जनता को जवाब देंगे?

उन्होंने कहा कि जिस तरीके से महिलाओं का चीरहरण हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है, गुंडे-बदमाशों ने तांडव मचा रखा है और यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि सरकार आम जनता की सुध नहीं ले पा रही है। पूर्व मंत्रियों और विधायकों के मुकदमे वापस लेने की बात पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि कांग्रेस कह रही है कि उन्होंने बड़ा दिल रख कर भाजपा के पूर्व मंत्रियों और विधायकों पर लगे मुकदमे वापस लिए हैं। पूनिया ने कहा कि 2018 में ये सरकार जिस एजेंडे के साथ सरकार आई थी अब तक कि सबसे भ्रष्ट, नकारा, अकर्मण सरकार है। ये सरकार जुगाड़ की सरकार है। सरकार जब अंतर्कलह का संघर्ष झेल रही हो वो कभी भी जनता के साथ न्याय नहीं कर सकते।

पूनियां ने कहा कि लोकतंत्र में आलोचना समालोचना का पक्ष भी है। इसमें सही गलत का फैसला जनता ही करती है। उन्होंने अपने संगठनात्मक कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि संगठनात्मक इकाइयों को मजबूत कर उन्हे नीचे तक पहुचाए है। पार्टी के हर कार्य को प्रदेश के 52 हजार बूथ तक पहुचाने का लक्ष्य है। पहले पार्टी का हर कार्य 34 हजार बूथ तक था लेकिन अब 42 हजार तक पार्टी की पहुच हुई है। आगामी दिनों में 52 हजार बूथों पर पार्टी के कार्यकर्ता पहुचकर पार्टी के संगठनात्मक कार्यो को पूरा करेगे। पार्टी की ओर से 10-12 जुलाई में प्रदेश पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर सिरोही में होगा। वही 25 जून को भाजपा आपातकाल को काले दिवस के रूप में मनाएगी। इस तरह से कैबिनेट में प्रस्ताव को अप्रूव किया है, यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है, जबकि उनको चाहिए था कि योजनाओं की खूबी के बारे में युवाओं को बताते और उन्हें इस योजना से जुड़ने के लिए जागरूक करते हैं, क्योंकि जब योजना धरातल पर उतरेगी और लोगों के बीच में जाएगी तब नौजवान बहुत बेहतर तरीके से समझेगा। पूनिया ने कहा कि मुझे भरोसा है कि देश का युवा इस बात को समझेगा कि देश की सेना ने और सरकार ने उनके भले के लिए कोई योजना शुरू की है। सैना के आधुनिकीकरण की तरफ हम तेजी से बढ़ रहे हैं। भारतीय सेना में नवाचार की जरूरत है और इससे नौजवान को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जा रहा है तो इसमें गलत क्या है? जो लोग विरोध कर रहे हैं क्या उनमें सभी युवा हैं? पूनिया ने कहा कि जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आ रही हैं, उसमें पत्थर फेंकने वाले 35-35 साल के दाढ़ी वाले लोग हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इसका विरोध कौन कर रहा है। इसमें किसका स्वार्थ है, यह भी समझने की जरूरत है।

# प्रारंभिक शिक्षा के शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा विभाग में भेजने पर रोक

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के गत 24 मई के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत प्रारंभिक शिक्षा के शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा विभाग में भेजने के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख शिक्षा सचिव और निदेशक से जवाब तलब किया है। जस्टिस रामेश्वर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश आशा जोशी अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि कार्मिक विभाग ने 26 जून 2021 को शिक्षा सेवा नियम बनाकर वरीयता के आधार पर पंचायती राज विभाग के अधीन कार्यरत शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा की स्कूलों में रिक्त पदों पर भरने का प्रावधान किया। इसकी पालना में विभाग ने प्रारंभिक शिक्षा में कार्यरत शिक्षकों की सूची बनाकर उन्हें माध्यमिक शिक्षा विभाग में भेजने के लिए काउंसलिंग शुरू कर दी।

याचिका में कहा गया कि शिक्षा सेवा नियम 6 के उपनियम 3 के तहत सिर्फ वरीयता के आधार पर ही प्रारंभिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों का समायोजन माध्यमिक शिक्षा में किया जा सकता है। इसके बावजूद विभाग ने आनन फानन में जो सूची बनाई है, उसमें कई प्रकार की अनियमितता की गई हैं और उसमें कई वरिष्ठ अध्यापकों के नामों को विलोपित किया गया है।

# 'घर का पूत कुंवारा डोले, पाड़ोसी का फेरा'

## भाजपा नेताओं पर लगे मुकदमे वापस लेगी कांग्रेस सरकार, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कोई राहत नहीं

■ **एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के मुकदमे वापस लेने की मांग की**

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान में एक कहावत है "घर का पूत कुंवारा डोले, पाड़ोसी का फेरा", कुछ ऐसा ही राजस्थान में कांग्रेस की सरकार होते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ हो रहा है। राज्य में कांग्रेस पार्टी की सरकार होते हुए भी कांग्रेस के कार्यकर्ता मुकदमे झेलने को मजबूर है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की सरकार ने भाजपा नेताओं पर दरियादिली दिखाते हुए उनके मुकदमे वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर राजस्थान प्रदेश एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर याद दिलाया है कि कांग्रेस के सैकड़ों युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लगे मुकदमे भी वापस लिए जाने चाहिए।

भाजपा नेताओं पर लगे मुकदमे वापस लेने की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी मिलने के बाद अभिमन्यु पूनिया ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए कहा है कि राज्य के एनएसयूआई व युवा कांग्रेस के सैंकड़ों कार्यकर्ता है, जिन्होंने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में सरकार की गलत नीतियों के विरोध में आंदोलन किए तथा सरकार ने उन पर मुकदमे दर्ज करवाए जो कि वो आज तक भुगत रहे हैं। हाल में भी केंद्र सरकार के विरोध में राज्य में कार्यकर्ताओं पर मुकदमे दर्ज हुए हैं। अभिमन्यु पूनिया का कहना है कि पूर्व वसुंधरा सरकार ने इन पर कोई दया नहीं दिखाई, लेकिन राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भाजपा के नेताओं पर लगे मुकदमे वापस लेने का फैसला किया है, जिससे कि राज्य के युवाओं में प्रतिशोध की भावना उठ रही है जो कि राहुल गांधी को आदर्श मानने वाले युवाओं के साथ अन्याय है।

पूनिया ने पत्र में मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए निवेदन निवेदन किया है कि राज्य में लगे कॉन्गस कार्यकर्ताओं के मुकदमे तत्काल प्रभाव से वापस लें, जिससे कि युवाओं में कांग्रेस सरकार के प्रति एक अच्छा संदेश जाए।

# प्रदेश में करोना के 67 नए मरीज मिले, 62 ठीक हुए

**जयपुर (कासं)।** प्रदेश में सोमवार को 67 नए करोना संक्रमित मरीज मिले हैं, जबकि 62 रोगी इस बीमारी से ठीक भी हुए हैं। इसके बाद अब यहां एक्टिव केस 676 हो गए हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकडों के अनुसार सोमवार को 13 जिलों में नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 19 मरीज जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा बीकानेर में 10, जोधपुर और अजमेर में 7-7, उदयपुर में 6, गंगानगहर में 5, सिरोही में 4, अलवर, चित्तौडगढ़ और राजसमंद में 2-2 तथा सवाई माधौपुर, नागौर, भीलवाडा में एक-एक संक्रमित मिला है। जयपुर में मिले 19 नए संक्रमितों के साथ यहां सोमवार को 40 कोरोना मरीज ठीक हुए हैं। इसके बाद यहां 288 एक्टिव केस रह गए हैं। जयपुर में इस दिन जगतपुरा में 5, प्रतापनगर में 4, मालवीय नगर में 3 तथा बनीपार्क, जौहरी बाजार, मानसरोवर, राजापार्क, शास्त्री नगर और विद्याधर नगर में एक-एक संक्रमित मिला है।

# भरतपुर में कल होगा टूरिज्म रोड शो

■ **जयपुर में जुलाई माह में आयोजित होने वाले राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट को प्रमोट करने के लिए होगा आयोजन**

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर में 22-24 जुलाई तक होने वाले राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) से पहले, बुधवार 22 जून को भरतपुर में प्रमोशनल रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भरतपुर में लक्ष्मी विलास पैलेस में शाम 4.30 बजे आयोजित किया जाएगा और यह आयोजन पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। रोड शो में पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह; प्रमुख सचिव, पर्यटन, गायत्री राठौड़; कलेक्टर, भरतपुर, श्री आलोक रंजन और एफएचटीआर के अध्यक्ष, अपूर्व कुमार सहित अन्य लोग शामिल होंगे।

एफएचटीआर के अध्यक्ष, अपूर्व कुमार ने आगे बताया कि जयपुर आरडीटीएम 2022 के दूसरे संस्करण की मेजबानी करेगा ताकि कोविड -19 रिकवरी को बढ़ावा दिया जा सके और राजस्थान को पर्यटन स्थल के रूप में प्रमोट किया जा सके। यह राजस्थान पर ध्यान केंद्रित करेगा और दिखाएगा कि राज्य महामारी के बाद अनुकूलित पर्यटन का अनुभव देने के लिए देश भर से पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार है। रोड शो में इसकी एक झलक पेश की जाएगी कि मेगा ट्रैवल मार्ट में ट्रैवल और टूर ऑपरेटरों के लिए क्या खास होने वाला है। पर्यटन विभाग और एफएचटीआर के अतिरिक्त, इस आयोजन में राज्य के विभिन्न टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी संगठनों जैसे होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेशंस (राटो) के स्टेकहोल्डर्स की भी उपस्थिति रहेगी।

# बैंक ऑफ इंडिया का "शाखा अदालत" अभियान आज से

**जयपुर, (का.सं.)।** बैंक ऑफ इंडिया ने कोविड-19 महामारी एवं अन्य किसी कारण से प्रभावित उधारकर्ताओं को एक मुश्त समझौता योजना के तहत राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 21 से 26 तक अखिल भारतीय स्तर पर शाखा अदालत अभियान चलाया था।

जहां विशेष रुप से कृषि, एमएसएमई, खुदरा और व्यक्तिगत ऋण वाले छोटे उधारकर्ता, जिनका बकाया ऋण 5 करोड़ से कम था। ग्राहकों की अच्छी प्रतिक्रिया को देखते हुए बैंक ऑफ इंडिया ने 21 से 28 ज़ून के बीच फिर से शाखा अदालत अभियान आरंभ करने का निर्णय लिया है जिसके माध्यम से बैंक में उन उधारकर्ताओं को एक और अवसर मिलेगा जो पूर्व में इस योजना क़ा लाभ नहीं उठा सके, इसका लाभ लेकर ऋण मुक्ति पा सकेंगे। इसके लिए उन्हें अपनी बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में संपर्क करना होगा।

# विरोध इतनी अंधी नफरत से भरा हुआ नहीं होना चाहिए : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की असंसदीय टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया जताई। शेखावत ने कहा कि विरोध इतनी अंधी नफरत से भरा हुआ नहीं होना चाहिए कि आप अपने ही देश के प्रधानमंत्री की मृत्यु पर टिप्पणी करने लगे। सोमवार को ट्वीट कर शेखावत ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस की सरकार ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जानबूझकर चूक की थी और अब मंच से मंशा ज़ाहिर की जा रही है। धिक्कार है।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# 'अग्निपथ' को लेकर जयपुर जंक्शन पर अलर्ट मोड में दिखी आरपीएफ




**सेना भर्ती के लिए केन्द्र सरकार की योजना ''अग्निपथ'' को लेकर सोशल मीडिया पर भारत बंद के वायरल हुए मैसेज को देखते हुए रेलवे ने अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है।**

**जयपुर (कासं)।** सेना भर्ती के लिए केन्द्र सरकार की योजना 'अग्निपथ' को लेकर सोशल मीडिया पर भारत बंद के वायरल हुए मैसेज को देखते हुए पुलिस ने जयपुर शहर में व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। साथ ही रेलवे ने अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है। दरअसल, प्रदर्शनकारी रेल और रेलवे ट्रेक को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में एहतियात के तौर पर सोमवार सुबह से ही जयपुर जंक्शन पर पुलिस अलर्ट मोड में दिखी।

बता दें कि सोमवार सुबह मंडल सुरक्षा आयुक्त ज्योति मणि के निर्देश पर सहायक सुरक्षा आयुक्त जयपुर अशोक कुमार त्यागी के नेतृत्व में थानाधिकारी नरेश यादव ने सघन चैकिंग की। साथ ही अग्निपथ पर संभावित बवाल की स्थिति को देखते हुए मार्च पास्ट भी किया गया। वहीं, शहर के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

आरपीएफ थानाधिकारी नरेश यादव ने बताया कि किसी भी विरोध की स्थिति को देखते हुए सुबह से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। शांति बनाए रखने के लिए ट्रेनों की चेकिंग, प्लेटफार्म पर चेकिंग, वेटिंग हॉल, टैक्सी स्टैंड, सर्कुलेटिंग एरिया, रिजर्वेशन ऑफिस, बुकिंग ऑफिस को श्वान दस्ता, आरपीएफ व आरपीएसएफ स्टाफ के साथ में चेक किया। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों के सामान को भी पूरी तरह से चैक किया जा रहा है।

**पहाड़गंज गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर**
क्रमांक: SP-01 **आम सभा की सूचना** दिनांक: 20.06.2022
समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 07.07.2022 को प्रातः 11.00 बजे समिति कार्यालय :- 206, द्वितीय मंजिल, गोयल टॉवर, ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर पर आयोजित की जायेगी, जिसका एजेण्डा निम्नानुसार है:- 1. गत आमसभा की पुष्टि। 2. समिति की गत वर्षो की ऑडिट का अनुमोदन एवं ऑडिट अनुपालना पर विचार। 3. विभाग द्वारा जारी संशोधित उपनियमों को अंगीकार करने पर विचार। 4. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से। अतः समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त समय पर आम सभा में उपस्थित होवे।
मंत्री, पहाड़गंज गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

**सूचना** आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ. संतोष कासनिया पत्नी डॉ. सुरेन्द्र सिंह के आवास संख्या 92/298 सेक्टर 09, जोन-92 मानसरोवर योजना, जयपुर स्थित सम्पत्ति के चेन ऑफ डाक्यूमेट में से मूल दस्तोज राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, जयपुर का आवंटन पत्रांक 2567 दिनांक 23.12.1998, संशोधित आवंटन पत्रांक 1224 दिनांक 28.06.1999 एवं कब्जा पत्र दिनांक 12.04.1999 कहीं खो चुका है जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दिनांक 17.06.2022 को कर दी गई है। किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति है तो 15 दिवस में लिखित रूप से संपर्क करें। डॉ. संतोष कासनिया, आवास संख्या-एफ-67 गांधी नगर, जयपुर।

**नाम परिवर्तन**
मेरा नाम विनोद सिंह है लेकिन पासपोर्ट में विनोद सिंह परिहार लिखा है ये दोनों नाम मेरे ही है। लेकिन अब मैं भविष्य में केवल विनोद सिंह के नाम से ही जाना जाऊ।

मैंने अपना नाम मैथिली शर्मा से बदलकर मिशिता शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे मिशिता शर्मा पुत्री राम रतन शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जावें। पता-57-डी विष्णु गार्डन, सीताबाडी, टोंक रोड, जयपुर, राजस्थान

मैं जोमोन मैथ्यू, मैंने अपने पुत्र का नाम नमन से बदलकर नमन जोमोन रख दिया है भविष्य में इसे नमन जोमोन के नाम से जाना जाए। पता-डी-4, जनकपुरी, धावास, अजमेर रोड, जयपुर।

I No. 15334096L, L/NK Krishan S/o Shri Chand R/o VPO-Jaguwas, Teh Behror, Alwar Raj. 301701. In Service record my wife's name Meenakshi DOB 15.07.1985 is wrongly recorded. Wife's Correct Name Meenakshi Grewal and DOB 15.07.1984

I have changed my name from Narender Sharma to Narendra Kumar Sharma S/o Roop Narain Sharma for all purpose. Resi: 6, Sangram Colony, Mahaveer Marg, C-scheme, Jaipur.

I Sanju Jangir D/o Babu Lal Jangir and W/o Alok Singh R/o 264, Shanti Nagar, Durgapura, Jaipur, Rajasthan-302018, have changed my name to Sanjana Singh.

**आम सूचना** मैं संदीप कुमार गोठवाल पुत्र प्रभु नारायण बैरवा निवासी 71, महावीर नगर-द्वितीय, महारानी फार्म, दुर्गापुरा, जयपुर घोषणा करता हूॅ कि वाहन संख्या आरजे-14-सीएन-9143 जो मेरी माताजी गायत्री देवी के नाम पंजीकृत है जिनके स्वर्गवास पश्चात उक्त वाहन का पंजीकरण मेरे नाम से हस्तान्तरण करवा रहा हूॅ। जिसे भी आपत्ति हो-7 दिन में आरटीओ कार्यालय झालाना डूंगरी पर दर्ज करवायें।

**आम सूचना** मैं सुरेश चन्द्र यादव पुत्र श्री कुमरजी सिंह यादव प्लाट सं. 12 अशोक विहार गुर्जर की थडी जयपुर का रहे वाला हूं। मेरा पुत्र मनोज मेरे से काफी अवधि से झगडा फसाद करता है वह मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा वह मेरे से काफी लम्बे समय से अलग रहता है। अब मनोज का मेरे व मेरे परिवार से कोई ताल्लुक नहीं रहा है इस कारण में अपने पुत्र मनोज को अपनी सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यदि मनोज यादव से कोई लेनदेन या व्यवहार करता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी।
(अजयराज टांटिया) एडवोकेट, मो. 9414502501

**कार्यालय नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर**
क्र.- एफ-13( ) उपा.आयो-द्वि./नानिज/2022/531
सार्वजनिक सूचना दिनांक- 14.06.2022
मूल भूखण्ड सं 3-ए, चांद बिहारी नगर, खातीपुरा ( शंकर भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड ) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर द्वारा श्रीमती उच्छ्व कंवर पत्नी श्री भंवर सिंह के नाम से क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज क भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र ( अण्डरटेकिंग ), पंजीकृत पट्टा मय साईट प्लान की फोटोप्रति, मूल आवंटी का मूल मृत्यु प्रमाण पत्र, रजि. वसीयतनामा की फोटोप्रति एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति के अधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण किया जाना है। नगर निगम ग्रेटर जयुपर द्वारा श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री रिछपाल सिंह के पक्ष में उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय ( उपायुक्त, आयोजना- द्वितीय ) में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित समय अवधि की समप्ति के बाद नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त (आयो. द्वि.) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
सोफिया स्कूल के सामने, घाटगेट, जयपुर
क्रमांक-एफ-52/डीसी/केपीजेड/2022/563 दिनांक-20.6.22
**सार्वजनिक आपत्ति सूचना** भूखण्ड संख्या 6 बालानन्द जी का रास्ता, पुरानी बस्ती जयपुर का नगर परिषद, जयपुर द्वारा श्री बाबु लाल के नाम से क्षेत्रफल 111.00 वर्गगज भूमि का निलामी द्वारा आवंटन किया गया था। श्री बाबु लाल की मृत्यु उपरान्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत मूल मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र, अपंजीकृत वसीयतनामा, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम जयपुर हैरिटेज, किशनपोल जोन द्वारा श्री नरेन्द्र वर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद वर्मा एवं श्रीमति बीना देवी पत्नी सत्यनारायण के पक्ष में क्षेत्रफल 94.05 वर्गमीटर का पट्टा जारी किया जाना है। इनका पट्टा जारी किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त-किशनपोल जोन) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि के समाप्ति के बाद, नियमानुसार पट्टा जारी किये जोन की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त, किशनपोल जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज

**खोया पाया**
मैं रामदयाल गोयल पुत्र श्री लड्डुलाल गोयल निवासी खण्डार सवाईमाधोपुर मेरे प्लाट नं. 4-एच/340 इन्दिरा गांधी नगर जयपुर का राजस्थान आवासन मण्डल तृतीय जयपुर द्वारा जारी अदेय प्रमाण पत्र दिनांक 7.6.2005 की मूल प्रति दिनांक 21.5.2022 को खातीपुरा में खो गयी है। जिसकी एफआईआर नं. 1486519/2022 दर्ज है। मिलने पर सूचित करें। मो. 9414274663

मेरे आवास संख्या 5/एच/54 इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा, जयपुर का मूल डिक्लरेशन पत्र कहीं खो गये है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो. 9414778726

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य लाल चन्द जैन पुत्र स्व. श्री फूलचन्द जैन 65/290 हीरा पथ मानसरोवर जयपुर का पुत्र दिपाशु जैन (मोन्टू) घर छोडकर चला गया है मेरे अभिभाष्य कहने में नहीं मेरे अभिभाष्य ने अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है अगर कोई व्यक्ति उससे कोई लेन देन करता है तो उससे मेरे अभिभाष्य का कोई जिम्मेदारी नहीं है सूचित रहें।
प्रमोद कुमार जैन, एडवोकेट, मो. 9314963519

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्य फर्म मैसर्स त्रिलोक चन्द नरेन्द्र कुमार (पार्टनरशिप फर्म रजिस्ट्रेशन नं. आरएफ/जेपीयू/2022/1961) दिनांक 14.03.2012 से पते 211, किशनपोल बाजार, जयपुर, राजस्थान पर व्यवसायरत है। उक्त फर्म में 3 साझेदार थे यथा (1) मणि कुमार जैन पुत्र स्व. श्री त्रिलोक चन्द्र जैन (2) नीरज जैन पुत्र श्री निर्मल कुमार जैन एवं (3) श्रीमती ललिता देवी जैन धर्म पत्नी स्व. श्री त्रिलोक चन्द जैन। श्रीमती ललिता देवी जैन ने उक्त साझेदारी फर्म से दिनांक 31.03.2022 से स्वेच्छा से निवृत्ति (Retirement) ले ली है। अतः निवृत्ति उपरांत साझेदारी फर्म में केवल दो साझेदार (1) मणि कुमार जैन पुत्र स्व. श्री त्रिलोक चन्द्र जैन एवं (2) नीरज जैन पुत्र श्री निर्मिल कुमार जैन ही शेष रह गए है। अतः यथानुसार सूचित रहें।
शेखर शर्मा, एडवोकेट, मो. 9829245538

**कार्यालय नगर पालिका, रींगस, जिला-सीकर (राज.)**
SR.No.न.पा.री /2022-23/1514 DATE: 20.06.2022
**आपत्ति आमंत्रण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति ने भवन निर्माण स्वीकृति हेतु पत्रावली प्रस्तुत की है-
क्र.सं.-1, **नाम प्रार्थी**-श्रीमति गुलाबी देवी पत्नि रामेश्वर लाल धायल, निवासी-कोटडी धायलान, **क्षेत्रफल**-191.65 वर्गमीटर, **स्थान**-खाटू रोड के पास वार्ड नं.10 रींगस, **प्रयोजन**-भूतल आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति
अतः किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों सहित 7 दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद अवधि नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। (सीताराम कुमावत)
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका रींगस



# अग्निपथ योजना को लेकर मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा का पारीवारिक विवाद सार्वजनिक

## मंत्री गुढ़ा के बेटे शिवम ने उन्हें चुनौती दी कि अग्निपथ योजना को वापस करवाकर दिखाएं


मंत्री गुढ़ा के बेटे शिवम ने युवाओं के साथ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

■ फूफा उर्जा मंत्री भंवरसिंह भाटी को भी चुनौती, बोले, मैं युवाओं का दोस्त हूं, हर लड़ाई में साथ रहूंगा

**झुंझुनूं,** (निसं)। अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले गहलोत सरकार के मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ्ढा के बेटे शिवम भी उनसे किसी मायने में कम नहीं है। अग्निपथ स्कीम को वापिस लेने के मामले में उन्होंने अपने पिता मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा तथा फूफा उर्जा मंत्री भंवरसिंह भाटी को खुली चुनौती दे डाली।

उन्होंने कहा है कि मेरे पिता और फूफा, दोनों मंत्री है। मैं चाहता हूं कि उनमें दम है तो केंद्र सरकार पर ऐसा दबाव बनाएं। ताकि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली इस अग्निपथ स्कीम को केंद्र सरकार को वापिस लेना पड़े। दरअसल राजेंद्र गुढ्ढा के पुत्र शिवम गुढ्ढा सोमवार को युवा कार्यकर्ताओं के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे और अग्निपथ स्कीम को लेकर विरोध किया। वे अपने सैंकडों कार्यकर्ताओं के साथ गुढ्ढा फाटक पहुंचे। जहां से सभी कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

इस मौके पर शिवम गुढ्ढा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के मंत्री, सांसद और अधिकारी एसी कमरों में बैठकर जो अग्निपथ स्कीम लेकर आए है। वो गलत है आज तक कभी भी आर्मी के साथ राजनीति नहीं हुई। लेकिन केंद्र सरकार अग्निपथ जैसी स्कीम लाकर आर्मी जैसे क्षेत्र को राजनीति में धकेलना चाहती है। जो सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे युवाओं के दोस्त के रूप में आज प्रदर्शन में शामिल हुए है। भविष्य में जहां- जहां विरोध की जरूरत पडी तो वे साथ देंगे। इस मौके पर उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि वे इस स्कीम को वापिस लेने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। पहले सभी ने कलेक्टर को ज्ञापन लेने के लिए बाहर बुलाने की जिद की। लेकिन कलेक्टर के नहीं आने पर कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन देने गया। इस दौरान भी शिवम गुढ्ढा पूरे के पूरे राजेंद्र सिंह गुढ्ढा स्टाइल में बातचीत के दरमियान कलेक्टर की टेबल बजाते हुए दिखाई दिए।

इस मौके पर समाजसेवी एवं आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, शीशराम खटाना, नरेंद्रसिंह, पोषणा सरपंच प्रतिनिधि अमित, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि पवन खरबास, मंडावरा सरपंच ग्यारसी लाल, पचलंगी सरपंच प्रतिनिधी नेतराम पालीवाल, रघुनाथपुरा सरपंच संजय नेहरा, नरेंद्रसिंह, दीपेंद्रसिंह, हरिराम सीथल, नरेश, टोनी, राहुल, रोहितसिंह, शक्तिसिंह, गोहिल, रामसिंह गोविंद, मनोहरलाल, पुष्करसिंह सुरपुरा, आसिफ, राजकुमार, रोहिताश सरपंच गुड़ा ढहर, पिंटू जांगिड़ पचलंगी, हेमंतसिंह गिरावडी, चंद्रभान सीथल, जीतूसिंह गुढा, अमित पोसाना, पंकज मीणा किशोरपुरा, करणसिंह खोह, शक्तिसिंह मंडावरा, मनीष नेवरी, दातारसिंह, सुनिल जैतपुरा व मुकेश कुमावत किशोरपुरा आदि मौजूद थे।

# एनएच 48 पर ट्रक की टक्कर के बाद रोडवेज बस नाले में पलटी

## ट्रक ड्राइवर सहित बस में सवार लगभग 15 सवारियां घायल हो गईं

**अलवर,** (निसं)। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे 48 पर अलवर जिले के नीमराना के हीरो चौक के पास बीती देर रात करीब 2 बजे राजस्थान रोडवेज की बस और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन पलट गए, वहीं सड़क हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। ट्रक ड्राइवर सहित बस में सवार लगभग 15 सवारियां घायल हो गई। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नीमराना थाना प्रभारी प्रेम प्रकाश ने बताया कि गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को बहरोड के पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया।

रोडवेज ड्राइवर नोरतमल ने बताया कि बस अजमेर से दिल्ली जा रही थी। जैसे ही नीमराना हीरो चौक पहुंची तो अचानक पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बस साइड में नाले में जाकर पलट गई। वहीं ट्रक दूसरे रोड की तरफ जाकर पुल के डिवाइडर से टकराकर पलट गया।

# 5 और 8वीं का बचा हुआ रिजल्ट भी घोषित

**बीकानेर,** (कासं)। सेशनल मार्क्स के अभाव में प्रदेश के जिन पांचवीं व आठवीं के स्टूडेंट्स का रिजल्ट अटका हुआ था, वो भी सोमवार को घोषित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट शाला दर्पण पर रिजल्ट देखा जा सकता है।

दरअसल, अधिकांश जिलों में सैकड़ों स्टूडेंट्स का रिजल्ट रोक लिया गया था। इनके सेशनल मार्क्स स्कूल की ओर से अपलोड नहीं किए गए थे। शिक्षा विभागीय परीक्षा पंजीयक कार्यालय के पंजीयक पालाराम मेवता ने बताया कि सोमवार दोपहर में रिजल्ट अपलोड हो गया। सभी मार्कशीट्स की हार्ड कॉपी तैयार करके संबंधित स्कूल तक पहुंचाई जा रही है।

# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर पांच लाख रुपए हड़पे

■ कम्प्यूटर टीचर की नौकरी लगवाने के नाम पर ली रिश्वत

**वजीरपुर,** (नि.सं.)। वजीरपुर थाना पुलिस ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर पांच लाख रुपए हड़पने के मामले में अवतार मीणा पुत्र भवर लाल मीणा निवासी खण्डीप को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों को रविवार को अवकाशकालीन मजिस्ट्रेट खण्डाल के सामने पेश किया। आरोपी को एक दिन पुलिस रिमांड पर सौंपा गया। पुलिस ने बताया कि इसका अन्य साथी फरार है। वजीरपुर थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि लोकेश मीणा पुत्र रामदयाल मीणा निवासी धाधरेन थाना बयाना ने वजीरपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दिसंबर 2021में दो नंबर से बार -बार फोन आया कि आपकी सरकारी नौकरी लगवा दी जाएगी उसने पूछा कि कौन सी सरकारी नौकरी लगवाएंगे। आरोपियों ने बताया कि कंप्यूटर टीचर की वैकेंसी आने वाली है। जिसकी जून में परीक्षा होगी। इसमें नौकरी लगवा दी जाएगी। फोन करने वाले ने अपना नाम रामवतार निवासी खण्डीप दूसरे ने अपना नाम विनोद मीना निवासी पीलौदा बताया था दोनों ने उससे 15 लाख रुपए मांगे थे। इसके बाद आरोपियों को पांच लाख रुपए दे भी दिए इसके बाद उसने फोन उठाना बंद कर दिया परेशान होकर पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद रामवतार उर्फ अवतार मीणा को गिरफ्तार कर लिया दूसरे की तलाश जारी है।

# वन्यजीव प्रेमियों के लिए बुरी खबर, नहीं रही बाघिन एसटी-3



■ सरिस्का मुख्यालय पर किया गया दाह संस्कार

**थानागाजी,** (निसं)। सरिस्का अभ्यारण की बाघिन एसटी-3 की सोमवार सुबह करीब तीन बजे बघानी के जंगलों में मौत हो गई।

सरिस्का डी.एफ.ओ सुदर्शन शर्मा ने बताया कि बाघिन एसटी-3 लगभग 16 साल की हो गई थी। संभवत कुछ दिनों से बीमार थी जिसके चलते इस पर सरिस्का प्रशासन की ओर से विगत पन्द्रह दिवस से लगातार निगरानी की जा रही थी। जिसका देर रात के बाद कोई भी मूवमेंट नहीं मिलने पर इसकी तलाश की गई जिस पर सरिस्का के जंगलों में स्थित बघानी के जंगलों में मृत अवस्था में मिली। एसटी-3 की टेरीटेरी बघानी, कांकवाडी एवं राजौरगढ़, हरिपुरा के जंगलों में रही है। बाघिन के विचरण क्षेत्र में नया एनीकट के पास इसकी बॉडी मिली है। जिसका सरिस्का मुख्यालय पर लाकर चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। मेडिकल बोर्ड की टीम में डॉ. मनोज मीणा, डॉ दीनदयाल मीणा, डॉ. रामनिवास गुर्जर एवं जयपुर से आए डॉक्टर अरविंद माथुर ने बाघिन का पोस्टमार्टम किया।

पोस्टमार्टम के बाद बाघिन का दाह संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिस उपअधीक्षक आदित्य पूनिया, थानाधिकारी रामजी लाल मीणा, उपखंड अधिकारी नवनीत सिंह, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। उक्त बाघिन 25 फरवरी 2009 को रणथंभौर अभ्यारण से सरिस्का शिफ्ट की गई थी लेकिन बाघिन ने सरिस्का में किसी भी शावक को जन्म नहीं दिया था।

# शादी में फायरिंग से युवक की मौत

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले के सैपऊ थाना क्षेत्र के पुरैनी का पुरा गांव में रविवार देर शाम को लगन टीका कार्यक्रम के दौरान डीजे पर की गई फायरिंग के दौरान एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही शादी समारोह में मौजूद लोग भाग गए। पुलिस की मदद से जिला अस्पताल धौलपुर लाए गए घायल युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी परमजीत सिंह ने बताया कि मृतक युवक अशोक पुत्र बनिया कुशवाहा नया गांव का रहने वाला था, जो अपने फूफा राजकुमार के लड़के के लगन टीके में शामिल होने आया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मौजूद फोटोग्राफर से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# बाल अपचारियों ने बाइक चुरा दो छात्राओं से मोबाइल लूटे

■ सीसीटीवी फुटेज में यह कारस्तानी बाल अपचारियों द्वारा करना सामने आया

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के रातानाड़ा हलके में एक दिन में दो छात्राओं से मोबाइल लूट की घटना बाल अपचारियों द्वारा करना सामने आया है। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में यह कारस्तानी बाल अपचारियों द्वारा करना सामने आया है। जिस बाइक पर वारदातें की गई वो भी चोरी की निकली और रातानाडा क्षेत्र से ही चोरी हुई है। फिलहाल पुलिस प्रकरणों के खुलासे में लगी है। रातानाड़ा पुलिस ने बताया कि मूलत: बिहार के छपरा हाल गोल्फ कोर्स एयरपोर्ट इलाके में रहने वाली छात्रा शिल्पा के हाथ से बाइक सवार दो लोग उसका मोबाइल छीनकर ले गए।

इसी तरह की एक अन्य घटना कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के समीप खासबाग के नजदीक हुई। जिसमें छात्रा शेरे विलास की रहने वाली गरिमा के हाथ से बाइक सवार मोबाइल लूट कर ले गए। पुलिस के अनुसार दोनों घटनाएं कुछ समयांतराल में हुई। सीसीटीवी फुटेज जांचने पर बाइक पर सवार दो लोग बाल अपचारी प्रतीत हुए। जिन्होंने पहले भास्कर चौराहा के पास में मंगलदीप अपार्टमेंट के नजदीक से एक बाइक को चुराया। फिर इसी बाइक पर उक्त वारदातें की है।

# दो बच्चों के साथ टांके में कूदी मां

■ दहेज प्रताड़ना के कारण दोनों बहन करीब 15 माह से पीहर में ही रह रही थीं, मृतका के पति व सास से पूछताछ

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर जिले के लोहावट थाना क्षेत्र के शैतानसिंह नगर की भाटियों की ढाणी में रविवार शाम एक विवाहिता ने अपने दो बेटों के साथ घर के पास बने पानी के टांके में कूदकर जान दे दी। विवाहिता के पीहर पक्ष ने इसे हत्या बताते हुए लोहावट थाने में शिकायत दी। मामले में पुलिस मृतका के पति व सास से पूछताछ कर रही है।

अभी तक महिला के इस तरह बच्चों सहित जान देने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। लोहावट पुलिस ने बताया कि मृतका बबू कंवर (27) खींवसर क्षेत्र के दातीणा गांव निवासी थी। बबू कंवर की शादी 3 साल 6 माह पहले लोहावट थाना शैतानसिंहनगर गांव के निवासी आईदानसिंह राजपूत से हुई थी। बबू कंवर के 2 बेटे थे। रविवार शाम को बंबू कंवर ने घर के पास बने पानी के टांके में अपने बेटों देवेंद्र व लक्ष्मण को लेकर कूद गई। तीनों की मौत हो गई। ससुराल पक्ष ने पीहर पक्ष को पहले इसकी सूचना दी।

आज सुबह बंबू कंवर के पीहर पक्ष ने पुलिस थाना लोहावट में ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पीहर पक्ष की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका बबू कंवर की छोटी बहन की शादी उसके देवर से हुई है। बताया जा रहा है कि दहेज प्रताड़ना के कारण दोनों बहन करीब पंद्रह माह से अपने पीहर में ही रह रही थी। बाद में दोनों परिवारों के बीच समझौता वार्ता हुई। इसके बाद दोनों बहनों को फिर से ससुराल भेजा गया था। पीहर पक्ष ने आरोप लगाया है कि दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।

# मिल की जर्जर दीवार गिरी, दबने से दो महिलाओं की मौत

## सीएचसी पर चिकित्सक नहीं होने से समय पर उपचार नहीं हुआ


सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने शवों को रखकर विरोध प्रदर्शन करते हुए परिजन।

■ सूचना पर स्थानीय विधायक, तहसीलदार व अफसरों ने ली जानकारी

**फुलेरा,** (निसं)। मानसून की दस्तक एक मध्यवर्गीय परिवार पर भारी पड़ गई। कस्बे के उद्योग नगर इलाके में भारी बारिश के दौरान दो महिलाएं अलसुबह अपने रोजमर्रा के कार्य मवेशियों को चारा-पानी आदि करने में व्यस्त थी।

इसी दौरान पास ही स्थित एक मील की जर्जर दीवार भरभरा कर उन दोनों महिलाओं पर जा गिरी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घायल दोनों महिलाओं को तुरंत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों के अभाव में वहां पर कोई उपचार नहीं मिल पाया। आनन-फानन में परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, परन्तु तब उनकी मौत हो गई।

परिजनों ने सीएचसी में समय पर चिकित्सक नहीं मिलने एवं मिल मालिक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत, तहसीलदार हरिसिंह राव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा मौके पर पहुंचे।

# चालक ने बैक गियर में पिकअप को चलाकर महिला को कुचला

## करीब एक सप्ताह पहले ससुराल बहरोड़ से किशनगढ़ बास आई थी महिला

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। शहर के अलवर रोड पर गैस सिलेंडरों से भरी पिकअप गाड़ी के चालक ने लापरवाही से सड़क पर बैक गेयर में गाड़ी चलाकर मॉर्निंग वॉक के लिए निकली महिला को पीछे से टक्कर मारकर कुचल दिया जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला करीब 1 सप्ताह पहले बहरोड़ से किशनगढ़ बास पीयर में माता-पिता से मिलने के लिए आई हुई थी।

■ मार्निंग वॉक के लिए निकली थी महिला

सोमवार सुबह करीब पौने छ बजे समाज सेवी महावर समाज के अध्यक्ष व व्यापारी बंबोरा निवासी हर चंद गुप्ता की 41 वर्षीय विवाहित बेटी आचूक गुप्ता मॉर्निंग वॉक के लिए घर से 20 कदम दूर ही पहुंची होगी की घरेलू सिलेंडरों से भरी पिकअप गाड़ी ने जान ले ली। महिला को टक्कर मारकर गाडी से घसीटते ले जाते देख लोगों के चिल्लाने पर चालक गाडी को छोडकर फरार हो गया।



घटना के बाद पुलिस ने मौके से जानकारी जुटाई।

# दो महिलाओं ने घर बुलाकर अधेड़ का अश्लील वीडियो बनाया

**श्रीगंगानगर,** (निसं) दो महिलाओं ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक अधेड़ को पहले घर बुलाया। उसके बाद मारपीट कर अश्लील वीडियो बनाकर दो लाख रुपए की मांग की। अधेड़ ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने ब्लैकमेल करने, रुपए हड़पने, समाज में बदनाम करने, रेप के झूठे केस में फंसाने और धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

मामला श्रीगंगानगर के पदमपुर कस्बे का है। गांव 6 सीसी के रहने वाले अधेड़ ने पुलिस को बताया कि उसे उसके परिचित पलविंद्र ने फोन करके गर्ल्स स्कूल के पास अपने घर बुलाया। उसने कुछ जरूरी काम होने की बात कही थी। इस पर वह पलिवंद्र के घर पहुंचा तो दो लड़के उसे एक घर में ले गए। वहां एक महिला और एक लड़की पहले से मौजूद थी।

दोनों महिलाओं और लड़कों ने पहले अधेड़ को पीटा और अश्लील वीडियो बनाकर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। आरोपियों ने उसका मोबाइल, पर्स, आधार कार्ड, तीन हजार रुपए छीन लिए। अधेड़ का कहना है कि अब आरोपी रेप का मुकदमा दर्ज करवाने का डर दिखाकर दो लाख रुपए की मांग कर रहे हैं।

# प्री-मानसून की बारिश से तरबतर हुआ अजमेर शहर, निचली बस्तियों व सड़कों पर भरा पानी

## जेएलएन अस्पताल परिसर के आस-पास पानी भरने से तालाब के हालात बन गए

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिले में भी शनिवार से शुरू हुई प्री मानूसन की बरसात के बाद मौसम खुशगवार है। जिले में भारी बारिश की चेतावनी के बाद अजमेर प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट पर है। प्री मानसून की दो दिन से हो रही बरसात सोमवार सुबह से भी रूक रूक कर जारी रही। सुबह से ही आसमान में काली घटाएं छाईं और तेज गर्जना के साथ शहर सहित उपखंडों में बारिश का दौर जारी रहा। शहर की निचली बस्तियों और सडकों पर पानी भर गया।

शहर के पर्यटक स्थलों के साथ ही आनासागर चौपाटी पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। जिले के पुष्कर, केकड़ी, मसूदा, किशनगढ़ और अंराई सहित अन्य स्थानों पर बरसात हुई। पुष्कर सरोवर में फीडर के जरिए पानी की आवक हुई। अजमेर की निचली बस्तियों जादूगर, गुर्जर धरती, नगरा, भजनगंज, अशोक नगर भट्टा, जौंन्सगंज, बिहारीगंज, अलवर गेट, झलकारी नगर आदि क्षेत्रों की सडकें पानी से लबालब हो गईं। जेएलएन अस्पताल परिसर के आस-पास पानी भरने से तालाब बन गया। मार्टिंडल ब्रिज के नीचे, स्टेशनरोड, क्लॉक टावर से गांधी भवन तक पानी भरा मिला, रोडवेज बस स्टैंड, गुलाबबाड़ी, जयपुर रोड पर काकंरदा भूणाबाय, घूघरा घाटी सहित आस-पास के पहाडी क्षेत्रों से पानी मुख्य मार्गों पर उफना जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अजमेर में सुबह नौ बजे तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 21 एवं 22 जून से अजमेर सहित राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी।

बरसात के बाद जेएलएन अस्पताल टापू बन गया। अस्पताल के अंदर भी वार्डो में निचली मंजिल पर चिकित्सकों के चेंबर में पानी भर गया। शहर में प्री मानसून की पहली ही बरसात में स्मार्ट सिटी की पोल खुल गई है। तेज बरसात से शहर की सडकें जगह जगह उधड़ गई और बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई।


प्री मानसून की तेज बरसात के बाद वैशाली नगर स्थित आनसागर चौपाटी मुख्य मार्ग पर भरा पानी।


# राजस्थान समेत 6 राज्यों में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले चार बदमाश दिल्ली से गिरफ्तार

## आरोपियों ने पिछले 5 महीने में 36 वारदातें करके लोगों के 12 लाख से ज्यादा रुपये ठगे

**जयपुर** (कासं)। बगरू पुलिस ने सोमवार को एटीएम बूथ पर झांसा देकर कार्ड बदलकर ठगी करने वाले 4 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। दिल्ली से पकड़े गए सभी आरोपियों से 2 स्वैप मशीन और अलग-अलग बैंकों के 183 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं।

डीसीपी ऋचा तोमर ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि इन बदमाशों ने पिछले 5 महीने में राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और गुजरात में 36 वारदात कर 12 लाख रुपए की ठगी की। मूलत: उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी आमिर रंगरेज, खुर्शीद रंगरेज, बागपत निवासी साउद रंगरेज और सरावस्ती निवासी तौसिफ सिद्दिकी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वर्तमान में चारों आरोपी दिल्ली में अलग-अलग जगह पर रह रहे थे।

आरोपी बगरू में 15 जून को वन विभाग के कर्मचारी रामपुरा उती निवासी मदनलाल मीणा का बूथ पर रुपए निकालते समय एटीएम कार्ड बदल लिया। परिवादी ने उसी समय देखा तो कार्ड बदला था। पीछा भी किया, लेकिन आरोपी कार में बैठकर भाग गए। परिवादी ने 16 जून को इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई।



**बगरू पुलिस ने सोमवार को एटीएम बूथ पर झांसा देकर कार्ड बदलकर ठगी करने वाले 4 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

मुखबिर की सूचना पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें दिल्ली से पकड़ा।

डीसीपी तोमर ने बताया कि आरोपी वारदात के लिए दिल्ली के जेबकतरों से संपर्क साधकर लोगों के एटीएम कार्ड लेते थे। इसके बदले जेबकतरे एक एटीएम कार्ड के बदले 50 रुपए देते थे। पुलिस ने 2 माह पहले भी कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ा था, तब भी पूछताछ में जालसाजों ने दिल्ली के जेबकतरों से कार्ड खरीदना बताया था। पीड़ित व्यक्ति के कार्ड को जेबकतरों से लिए हुए कार्ड से बदल देते है।

- **दिल्ली के जेबकतरों से संपर्क करके 50-50 रुपये में खरीदते थे एटीएम कार्ड, आरोपियों से पूछताछ में जुटी पुलिस**
- **उम्रदराज लोगों की मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलते थे, गुप्त कोड देखकर हाईवे पर लगे एटीएम मशीनों से निकाल लेते थे नकदी**

एडिशनल डीसीपी रामसिंह शेखावत ने बताया कि इन बदमाशों का निशाना हाइवे पर लगे नए एटीएम बूथ होते थे। जिस मशीन में आईएमटी बटन लगा होता है, उसी एटीएम पर वारदात करते। रुपए ट्रांजेक्शन के दौरान पीड़ित मशीन से कार्ड बाहर निकालता है, तभी आरोपी तुरंत आईएमटी बटन दबा देते। फिर पीड़ित को वापस मशीन में कार्ड डालने की कहकर पासवर्ड लगवाते। पीड़ित कुछ समझे उससे पहले बातों में उलझाकर कार्ड मशीन में लगाने व निकालने के दौरान पीड़ित का कार्ड बदल लेते। बदले हुए कार्ड को लेकर नजदीक दूसरे बूथ पर पहुंचते और रुपए निकालकर भाग जाते। एटीएम बूथ पर आने वाले उम्रदराज व्यक्तियों को अधिक निशाना बनाते।

बगरू एसीपी देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि गत वर्ष आरोपी एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने के मामले में पकड़े गए थे। गत दिसम्बर में जमानत पर छूटने के बाद 36 वारदात कर चुके है। आरोपियों को पकड़ने में बगरू एसएचओ विक्रम सिंह चारण, उपनिरीक्षक जालम सिंह, कांस्टेबल रामेश्वर, नानगराम, मुनेश कुमार व रामचन्द्र की विशेष भूमिका रही।

# सरस दूध 2 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ

- **22 जून को शाम की सप्लाई से प्रभावी होगी बढ़ी हुई कीमतें**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ने जयपुर शहर, दौसा और ग्रामीण क्षेत्र में सरस दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की है। बढ़ी हुई कीमतें 22 जून को शाम से प्रभावी होंगी।

प्रबंध संचालक चांदमल वर्मा ने बताया कि पॉलीपैक सरस टोंड दूध, सरस स्मार्ट डीटीएम दूध, सरस गोल्ड दूध और सरस स्टैण्डर्ड की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। सरस टोंड दूध आधा लीटर की कीमत में एक रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। आधा लीटर दूध अब 22 रुपए के स्थान पर 23 रुपए का मिलेगा। जबकि एक लीटर की कीमत 44 रुपए के स्थान पर 46 रुपए प्रति लीटर होगी। आधा लीटर सरस स्मार्ट डीटीएम दूध की कीमत 18 रुपए के स्थान पर 19 रुपए और एक लीटर की कीमत 36 रुपए के स्थान पर अब 38 रुपए प्रति लीटर होगी। आधा लीटर सरस गोल्ड दूध की कीमत 28 रुपए की जगह 29 रुपए और एक लीटर की कीमत 56 रुपए की जगह 58 रुपए प्रति लीटर निधारित की गई है। आधा लीटर सरस स्टैंडर्ड दूध की कीमत 25 रुपए के स्थान पर 26 रुपए और एक लीटर की कीमत 50 रुपए के स्थान पर 52 रुपए प्रति लीटर होगी। आधा लीटर गाय का दूध 23 रुपए की जगह 24 रुपए और एक लीटर दूध 46 रुपए से बढ़ कर 48 रुपए हो गया है। 400 मिली का सरस लाइट दूध 10 रुपए के स्थान पर 12 रुपए कर दिया गया है।

## सार-समाचार

### अखबार वितरक महासंघ ने सौंपा ज्ञापन




**जयपुर** (कासं)। अखबार वितरक हरी शंकर शर्मा ने हाल ही में फाइनेंस कंपनी से प्रताड़ित होकर आत्महत्या कर ली थी। इस संबंध में अखबार वितरक महासंघ ने आरोपियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग को लेकर सोमवार को खो नागोरियान थाने पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा। थाना इंचार्ज ने फाइनेंस कंपनी के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर मोहन शर्मा, बबलू शर्मा, अमर गुर्जर, हेमराज, रामबाबू, दिलीप आदि मौजूद रहे।

### देशनिधि मेहता अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर** (कासं)। श्री बागड़ा ब्राह्मण समाज संगठन समिति जयपुर के केन्द्रीय संगठन के चुनाव में 7 पदाधिकारी निर्वाचित हुए है। देशनिधि मेहता को अध्यक्ष, सतीश चंद्र शर्मा को सचिव, सत्यनारायण शर्मा को उपाध्यक्ष, राकेश कुमार शर्मा को संगठन मंत्री, अनिल कुमार शर्मा को प्रचार मंत्री, राधेश्याम शर्मा को संयुक्त सचिव और गोविंद नारायण शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

### सुशील शर्मा राजस्थानी ब्रांड एंबेसडर

**जयपुर** । राजस्थान फाउंडेशन मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार राज्य की विकास गतिविधियों में राजस्थानी एनआरआर को प्रेरित करने के लिए संचार और बातचीत की सुविधा के उद्देश्य से काम कर उनकी भागीदारी बढाने के लिए निरंतर प्रयास करती रहती है। आज राजस्थान फाउंडेशन द्वारा बीकानेर हाउस, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सुशील शर्मा, संस्थापक और सीईओ, मारवाडी कैटालिस्ट्स को राजस्थानी ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। मारवाडी कैटालिस्ट्स, सीईओ सुशील शर्मा और अध्यक्ष राजस्थान फाउंडेशन, धीरज श्रीवास्तव के बीच एम् ओ यू पर हस्ताक्षर भी किए गए। मारवाडी कैटालिस्ट्स कंपनी की जडें राजस्थान (जोधपुर) से जुडी हैं और साथ ही यह भारत के सबसे तेजी से बढते ऑक्सेलेटर्स में से एक है, जिसमें 40 से अधिक स्टार्टअप पोर्टफोलियो व भारत और दुनिया भर में फैले 100 से अधिक सह-संस्थापक क्लब हैं। ये राजस्थान के स्टार्टअप इकोसिस्टम में अहम भूमिका निभाते हुये वैश्विक संस्थानों के साथ तालमेल रखकर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

### अग्निपथ योजना वापस ले केन्द्र : बसपा

**जयपुर** (कासं)। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने कहा कि अभी हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा घोषित अग्निवीर योजना को शीघ्र वापस लेना चाहिए। बाबा ने कहा कि देश का युवा अपने भविष्य को लेकर काफी चिंतित है काफी समय से वह रोजगार की तलाश में भटक रहा है और बेरोजगारी की मार झेल रहा है। खासकर वह युवा जो देश क सेवा के लिए सेना में भर्ती होना चाहते थे अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है। वैसे ही देश के प्रधानमंत्री ने चुनाव पूर्व 2 करोड युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार देने का वादा किया था मगर आज बेरोजगारी देश में भयानक स्थिति में और इसलिए युवा देश की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहा है और नौकरी की वजह अपने जेल जाने का बंदोवस्त कर रहा है। इसलिए केन्द्र सरकार को अविलंब इस योजना को वापस लेना चाहिए यही युवाओं व देशहित में है।

### 6 हस्तियों को पहला अर्जुन कला अवार्ड

**जयपुर** । माटी मानस अर्जुन कला संग्रहालय की ओर से देश-दुनिया में मशहूर रहे मूर्तिकार पद्मश्री मरहूम अर्जुन प्रजापति की याद में 23 जून को बिडला सभागार में प्रात: 11 बजे पहला अर्जुन कला अवार्ड सेरेमनी होगी। समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला होंगे। अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम करेंगे। इस मौके पर मरहूम अर्जुन प्रजापति के निधन से पहले उनकी बनाई गई पांच मूर्तियों का भी अनावरण किया जाएगा। अर्जुन प्रजापति के पुत्र राजेन्द्र, नामी मूर्तिशिल्पकार मुकेश और सुनील प्रजापति ने बताया कि उन्होंने अपने पिता की याद को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हर साल जयपुर में समारोह करने का निर्णय किया है। इसके लिए अर्जुन प्रजापति स्थापित माटी मानस अर्जुन कला संग्रहालय की ओर से उनकी याद में अर्जुन कला अवार्ड की शुरुआत की गई है। इस समारोह में पहली बार प्रदेश की छह हस्तियों को ये सम्मान दिया जाएगा। सम्मानित होने वाले कलाकारों में पद्मश्री चितेरे एस. शाकिर अली, सुर बहार वादक डॉ. अश्विन एम.दलवी, रूपवादी चित्रकार गोपाल स्वामी खेतांची, युवा मूर्तिकार इटारसी के रोहित प्रजापति और भोपाल के स्वप्निल ठाके तथा देव प्रतिमाओं के वरिष्ठ शिल्पकार जयपुर को गोपाल शर्मा शामिल हैं।

### प्राणों पर ध्यान केंद्रित करना सिखाया

**जयपुर** । आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 8वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के उपलक्ष्य पर सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में सोमवार को 3 दिवसीय निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट, रंगरीत संस्थान और ऋतांवेषी योगायन फाउंडेशन संस्था जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में ऋतांवेषी योगायन फाउंडेशन संस्था के डायरेक्टर एवं मानव चेतना व योग विशेषज्ञ डॉ. राजेश राज योगिराज द्वारा योग का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस योग शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के लोग बढ-चढकर हिस्सा ले रहे हैं। शिविर का शुभारंभ ध्रुवपद में गणपति स्तुति के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। योगाचार्य डॉ.राजेश राज ने मंत्रों के उच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने ध्यान और सूर्य नमस्कार पर विशेष प्रकाश डालते हुए जीवन में उसके महत्व को समझाया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि योग के माध्यम से अपने प्राणों से कैसे जुड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग अभ्यास शरीर, मन, विचार, कर्म एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। इस दौरान आर.डी.गौड ने बांसुरी की धुन से योग अभ्यास को अधिक आनंदपूर्ण बना दिया।

# निगम की शर्तों के कारण अटका जौहरी बाजार का पार्किंग टैंडर?

- **71.11 लाख रु. में हुए ठेके को महापौर ने 30 लाख रु का राजस्व नुकसान बताते हुए निरस्त किया था, अब 4 बार टैंडर होने के बाद भी ठेकेदार नहीं आ रहे**

**जयपुर** (कासं)। परकोटे के जौहरी बाजार में पार्किंग का मामला हैरिटेज नगर निगम के गले की फांस बना हुआ है। निगम प्रशासन ने मई माह में 71 लाख 11 हजार में जौहरी बाजार की पार्किंग का टैंडर नई शर्तों के साथ निकाला, जिसे महापौर मुनेश गुर्जर ने 30 लाख रुपए का राजस्व नुकसान बताते हुए टैंडर को निरस्त कर दिया। इसके बाद निगम ने दुबारा टैंडर किया तो कोई फर्म शामिल नहीं हुई। अब निगम प्रशासन ने टैंडर की दर कम करके 75 लाख रुपए में चौथी बार टैंडर निकाल दिए है। दूसरी तरफ पार्किंग टैंडर नहीं होने से हैरिटेज निगम को प्रति माह 6 से 8 लाख रुपए का राजस्व नुकसान झेलना पड़ रहा है।

सूत्रों की मानें तो हैरिटेज निगम प्रशासन ने मई माह में जौहरी बाजार पार्किंग का टैंडर जारी किया था। बाजार में पार्किंग टैंडर 71.11 लाख रुपए हुआ। इसे लेकर संबंधित फर्म ने राशि भी जमा करा दी, लेकिन इस बीच महापौर मुनेश गुर्जर ने निगम को 30 लाख रुपए राजस्व का नुकसान होने की बात कह टैंडर निरस्त कर दिया। इसके बाद 30 मई और 13 जून को निगम प्रशासन से फिर से 95 लाख रुपए में जौहरी बाजार पार्किंग के टैंडर किए, लेकिन इसमें किसी भी फर्म ने भाग नहीं लिया। अब पुन: निगम प्रशासन ने जौहरी बाजार पार्किंग की दरें कम करके 75 लाख रुपए में टैंडर जारी किया है। इस बीच करीब एक माह से अधिक दिन जौहरी बाजार में पार्किंग फ्री रही।

## विद्युत विभाग में पुरानी पेंशन लागू करने और निजीकरण पर रोक लगाने की मांग

**जयपुर** । राजस्थान विद्युत कर्मचारी संघ के आव्हान पर आज राजस्थान के समस्त निगमों में प्रत्येक उपखण्ड एवं खण्ड कार्यालयों पर सैकड़ों बिजली कर्मचारियों ने सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। प्रदर्शन में विभाग में राज्य कर्मचारियों की भांति पुरानी पेंशन लागू करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया, जिसमें समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रदर्शन 20 से 24 जून तक चलेगा। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सीताराम गुप्ता और प्रदेश महामंत्री अमित मल्होत्रा ने बताया कि राज्य सरकार बिजली कर्मचारियों के साथ दोहरा व्यवहार कर रही हैं जिससे समस्त कर्मचारियों में आक्रोश की स्थिति व्याप्त हैं और कर्मचारी वर्ग अब सरकार के झांसे में नही आएगा। सरकार द्वारा जब सामाजिक सुरक्षा लागू करने की नीयत से राज्य कर्मचारियों पर पेंशन स्कीम लागू कर दी तो बिजली विभाग को उससे वंचित क्यों किया जा रहा है?

# पुत्रवधु की दबंगई; पति के साथ सौतेले बच्चों और सास को भी घर से निकाला

- **डीसीपी ऋचा तोमर के आदेश के बावजूद पुलिस नहीं दिला पाई न्याय**
- **वृद्धा ने मुख्यमंत्री से लेकर पुलिस के उच्चाधिकारियों तक शिकायत दी, लेकिन कहीं न्याय नहीं मिला**

**जयपुर** (कासं)। लाखों रुपए का पुस्तैनी मकान हड़पने के लिए पुत्रवधु ने अपने पति और विधवा सास और अपने सौतेले दो बच्चों को भी घर से निकाल दिया। पुत्रवधु की ज्यादतियों की शिकार वरिष्ठ नागरिक विधवा सास ने न्याय के लिए मुख्यमंत्री और डीसीपी से भी गुहार लगाई, मगर इसके बावजूद पुलिस न्याय नहीं दिला पाई है। पुलिस से न्याय नहीं मिलने से त्रस्त मां-बेटे ने सोमवार को मीडिया से रूबरू होकर अपनी पीड़ा साझा की।

मामला करधनी पुलिस थाना क्षेत्र के निवारू रोड स्थित गणेशनगर मैन का है। पीड़िता गीता देवी ने बताया कि उसका बेटा अखिल, सरकारी सेवा में है। उसकी पत्नी के आकस्मिक निधन के बाद अखिल के 2 अबोध बच्चे होने के कारण विधवा सुमन शर्मा पुत्री विरदीचंद शर्मा वर्धमान नगर-ए अजमेर रोड से वर्ष 2018 में शादी कर ली। शादी के बाद अखिल जांगिड़ अपने तीनों बच्चों और सुमन के साथ पीड़िता के पुश्तैनी मकान में रहने लगा। अनबन होने के कारण सुमन ने पति अखिल व उसके दोनों बच्चों के साथ परिवादी गीता देवी के घर से निकाल दिया। सुमन की ज्यादतियों से तंग-परेशान होकर पीडिता ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से की। इसके बाद डीसीपी पश्चिम ऋचा तोमर के हस्तक्षेप पर करधनी थाना प्रभारी बीएल मीणा ने आरोपी सुमन शर्मा को पाबंद तो कर दिया मगर पुस्तैनी मकान खाली नहीं करवाया। गीता देवी ने कहा कि उनकी पुत्रवधू अपने पति अखिल व पीड़िता को जान से मरवाने की धमकियां भी लगातार दे रही है। इसके बावजूद पुलिस इस मामले में कोई रूचि नहीं ले रही है। उन्होंने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर पुस्तैनी मकान का कब्जा दिलाने व मां-बेटे की हत्या की आशंका जतायी है।

पीड़िता वृद्धा का आरोप है कि सुमन के भी एक पुत्र पूर्व पति से है। सुमन शर्मा के पूर्व के पति संदीप शर्मा की मृत्यु उपरांत वर्ष 2013 में विधवा कोटे से पंचायत राज उदयपुर में कनिष्ठ लिपिक पद पर कार्यरत है। सुमन शर्मा मदरसा बोर्ड जयपुर में एक वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर थी, जिसकी प्रतिनियुक्ति 3 जून 2022 को समाप्त हो जाने के पश्चात सुमन ने अपनी उपस्थिति पंचायत समिति बड़गांव उदयपुर में नहीं दी है। इसके संबंध में पंचायत राज विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। सुमन शर्मा फर्जी मेडिकल अवकाश पर है। वह रोज झूठे मुकदमे महिला थाना और करधनी पुलिस थाना में प्रस्तुत कर रही है, जिस भी चिकित्सा अधिकारी ने सुमन शर्मा को झूठा मेडिकल अवकाश जारी किया, उस पर भी कार्यवाही की जानी चाहिए।

# बिल्डर ने 6 साल पहले सील हो चुकी बिल्डिंग के 20 फ्लैट्स को बेचकर ठहरा दिये परिवार

## जेडीए ने मंगलम इंडस्ट्रीयल सिटी जैतपुरा में बनी इस इमारत को पुन: सील किया

**जयपुर** (कासं)। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को सीकर रोड पर जैतपुरा स्थित 6 मंजिला बिल्डिंग को सील किया हैं। इस बिल्डिंग में 20 आवासीय फ्लैट्स बने हुए थे, जिन्हें जेडीए ने 6 साल पहले सील किया था। मगर बिल्डर ने सील तोड़कर इन फ्लैट्स में लोगों को बसा दिया।

जेडीए टीम जब कार्रवाई करने पहुंची तब 2 फ्लैटस में लोग रहते मिले। इसके बाद जेडीए ने वापस बिल्डर को नोटिस जारी करते हुए सभी फ्लैट्स को सील कर दिया हैं।

- **जीरो सेटबैक पर 640 वर्गगज भूमि पर 6 वर्ष पूर्व बनाई गई थी 6 मंजिला अवैध इमारत**



मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन 12 सीकर रोड पर मंगलम इंडस्ट्रीयल सिटी जैतपुरा में आवासीय भूखंड संख्या ए-33 की 640 वर्गगज जमीन पर बिना सेटबैक छोड़े आवासीय फ्लैट्स बनाए जा रहे थे। इन फ्लैट्स को जून 2016 में जेडीए ने नोटिस जारी करने के बाद सील कर दिया था। मगर हाल ही में जांच के दौरान सील हटी हुई मिली और फ्लैटस में लोग रहते मिले। जबकि सीलिंग के दौरान बिल्डिंग के चारों ओर रस्सी बांधकर बिल्डिंग को सील किया गया था। इस कारण अब फिर से सीलिंग की कार्रवाई की गई हैं। सोमवार को जेडीए दस्ते ने बिल्डिंग की सीढ़ियों पर दीवार बनाकर सील किया हैं। प्रवर्तन विंग अब बिल्डर के खिलाफ जेडीए की सील तोड़ने पर धारा 34 के तहत कार्रवाई करेगी। जेडीए की प्रवर्तन विंग ने सीकर रोड स्थित मोटू का बास में दो बीघा निजी खातेदारी भूमि पर अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनी में भी निर्माण ध्वस्त किए। साथ ही न्यू आतिश मार्केट के सामने एस के कॉलोनी को जाने वाले रास्ते से अतिक्रमण हटाया। वर्षों से इस आम रास्ते पर कब्जा कर रखा था।

# चेन स्नैचिंग करने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने मुरलीपुरा इलाके में कार्रवाई करते हुए शातिर बदमाश सहित दो जनों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से छीना गया मंगलसूत्र बरामद कर लिया। पुलिस ने वारदात के समय काम में लिया गया वाहन और आरोपित के कब्जे से दो लूट के मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

डीसीपी (अपराध) परिस देशमुख ने बताया कि जयपुर शहर में चेन, पर्स, मोबाइल, स्नैचिंग, लूट और नकबजनी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इस पर एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। डीसीपी ने बताया कि 11 जून को अनिता श्रीवास्तव ने मुरलीपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि वह उनकी दुकान गोविन्द नगर सीतावाली फाटक देवदर्शन मंदिर के पास हैं। शाम को वह दुकान पर थी, तभी दो लड़के बाइक पर आए और उसकी दुकान पर आने के बाद सामान मांगा। जब वह सामान देने लगी तभी एक बदमाश ने मेरे गले की तफ हाथ डाला और मंगलसूत्र खीच के ले गए। उसमें से एक लड़के ने ऑरेंज कलर का मुंह पर कपड़ा बांध रखा था और दूसरा बाइक स्टार्ट करके खड़ा था। पीड़िता का कहना है कि उसने पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाई। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद सीसीटीवी फुटेज लेकर जांच शुरु की। पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद बैनाड रोड हरमाड़ा निवासी दिनेश वर्मा उर्फ धन्या, और आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से मंगलसूत्र और लूट के मोबाइल फोन बरामद कर लिए। गिरफ्तार आरोपी दिनेश वर्मा मुरलीपुरा में परिवार सहित किराए से रहता है। दिनेश ने जयपुर शहर में ही फर्स्ट ईयर तक की पढ़ाई की। उसके बाद भाई के साथ कलर पेंट का काम करने लगा। इसी दौरान गलत संगत में पड़ जाने की वजह से उसने करधनी और हरमाड़ा में नकबजनी की।

करधनी में तीन चेन स्नैचिंग की वारदात की। अवैध पिस्टल के साथ वारदात को अंजाम दिया, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। जमानत पर रिहा होने के बाद दिनेश और आसिफ ने किराणा स्टोर से मंगलसूत्र छीना। पुलिस पूछताछ में दोनों ने एक मोबाइल फोन नाड़ी के फाटक और दूसरा विद्याधर नगर स्टेडियम के पास से छीनना बताया हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी चेन और मोबाइल स्नैचिंग करने से पहले बाइक से रैकी करते है। इसके बाद ही वारदात को अंजाम देते हैं।

# फूड डिलीवरी बॉय की सड़क हादसे में मौत

**जयपुर** (कासं)। फूड डिलीवरी का काम करने वाले एक युवक की टोंक रोड पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। टोंक के टोडारायसिंह निवासी युवक जयपुर में रहकर आजीविका के लिए फूड डिलीवरी का काम कर रहा था।

शनिवार रात करीब 12.40 बजे वह काम पूरा करके फागी रोड स्थित किराए के मकान पर लौट रहा था। तभी दुर्गापुरा पुलिया पर चढ़ने से पहले तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। युवक असंतुलित होकर पुलिया की दीवार से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही युवक का सिर फट गया। स्थानीय लोगों ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना थाना पूर्व पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान टोडारायसिंह निवासी राकेश कुमार वर्मा (28) के रूप में हुई है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराके परिजन को सौंप दिया। दुर्घटना के संबंध में मृतक के भाई दुर्गालाल ने मामला दर्ज कराया है। मृतक तीन वर्ष से जयपुर में फुड डिलीवरी और एसी मैकेनिक के तौर पर कार्य कर रहा था। उसके दो बेटियां महिमा (6) और रिया (4) के अलावा 2 महीने पहले ही बेटा हुआ था। 15 दिन पहले ही बेटे के जन्म पर गांव में कार्यक्रम करके पत्नी और बच्चों के साथ जयपुर लौटा था। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया।

## 'अग्निपथ' के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**जयपुर,** (का.प्र.)। केन्द्र सरकार द्वारा तानाशाही रवैये और बदले की भावना से सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर की जा रही ईडी की दमनात्मक कार्यवाही तथा केन्द्र की भाजपा सरकार की ओर से लागू की गई अग्निपथ योजना के विरोध में केबिनेट मंत्री मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के निर्देश शास्त्री नगर में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। सोमवार को जयपुर शहर कांग्रेस महासचिव आलोक पारीक के नेतृत्व में कांवटिया सकिल, शास्त्री नगर, जयपुर पर ईडी कार्यवाही के विरोध में पीएम नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन करके अग्निपथ योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# गलताजी में किष्किंधा से पधारे हनुमानजी

**जयपुर** (कासं)। हनुमान जन्म भूमि किष्किंधा कर्नाटका से आकर्षक, भव्य और सुशोभित रथ में सोमवार को जयपुर के गलताजी तीर्थस्थल पर भगवान हनुमान, श्रीराम, लक्ष्मण और सीताजी पधारे। गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने रथयात्रा का कुम्भ आरती कर स्वागत किया। इस अवसर पर शंकराचार्य स्वरूपानंद स्वरस्वती के शिष्य स्वामी गोविंदानन्द स्वरस्वती रथ यात्रा में साथ पधारे, जिनका स्वागत सम्मान युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने किया। शाम को भगवान का दिव्य श्रृंगार किया गया। भगवान रात्रि में श्री गलता पीठ में ही विश्राम करेंगे। मंगलवार प्रात: 9 बजे भगवान की अष्टोत्तरशत नामों से वैदिक विधि विधान के साथ विद्वानों द्वारा स्वामीजी के सान्निध्य में अर्चना की जाएगी।






## Most Important Yoga Pose

An interesting fact about yoga is that Savasana, also known as the Corpse Pose, is a pose of ultimate relaxation of mind and body, which is why it is so difficult for many of us to release into the pose. You allow your body to de-stress, rejuvenate, heal and return to its natural state as a human being and not a human doing. If you are learning how to do a yoga pose for complete relaxation, make it Savasana.



For a long time, Vijaya was hesitant to mention anything about diluted milk to Gulku. One day, while gossiping with her over a cup of tea, she finally broached the subject. Gulku put down her cup, folded her hands, raised them above her head and said, "Bhagwan thane banaya rakhe! (God bless you)" and continued, "Bahuji, we earn enough and more for our needs. God is merciful. Why would I stoop to cheat? In any case the milking is done in the presence of the customers who come to collect the milk personally. You are highly educated. I am sure you don't think we feed extra water to the cows before milking them simply to get a better yield. Why don't you satisfy yourself of our honesty and send someone to collect the milk? We will milk the animal before him."




# Chhogaji and Gulku Goojari

Dr. Shri Gopal Kabra
*Veteran Doctor & Voracious writer on medical affairs*

#GIVE-N-TAKE

In 1967 I was posted at JLN Medical College, Ajmer. Fortunately, I secured a modest accommodation a mere 5-minute walk from the college. This was in a haveli or traditional mansion jointly owned by four patriarchs of a well-known family of Ajmer. One of the owners had shifted to a new bungalow adjacent to the haveli and the portion so vacated was rented to me. The families of the other three patriarchs constituted a traditional joint family. I was a bachelor when I joined but got married shortly thereafter. My wife Vijaya and I were welcomed into the joint family who's four grand-ladies and especially our landlady initiated and assisted my young bride into her new role.

### Feel at Home

Our landlady arranged for a cook, a maid, a washer man and a milkman for us. Our adopted grandmothers went out of their way to make my wife feel at home. She participated in all the vrats and tyonhars (traditional fasts, feasts and festivities) that is part of living culture of traditional families.

Our milkman, Chhogaji Goojar, whose cow shed was not too far from the haveli, would arrive with his milk can every morning and evening. He would greet us with a "Ram Ram Doctor Sahib!" hand over the can to Vijaya and wait for her to return the empty can. He was a stocky man with a bushy moustache, white turban, half sleeved white shirt and knee length dhoti. He was a man of few words and carried an aura of self-respect and rustic dignity.

Chhogaji's wife, Gulku Gujari, in sharp contrast, was known to be aggressive. She possessed a sharp tongue and was given to gossip about all the families, including the inmates of the medical college girls' hostel; the workers and customers of hospital canteen to which she supplied milk. Occasionally, she would stand in for her husband and deliver milk to us. When she did so, she made sure that she set aside some time to gossip with Vijaya whom she too treated as a young bride.

When we hesitantly asked about her bellicose nature, she snorted: "If I too were meek and sweet-faced like your Goojarji, people would oust us from our cow shed and home. Posh houses have come up in our vicinity. The people living in them resent our cowshed with its ever-pervading smell of cow dung and urine. Now look at my husband -- simply owning a moustache does not make a man. He sits quietly when people threaten us to leave or face dire consequences. I am the one who has to stand up to these threats and fend off these people. At such times, being a woman is useful. They can't rough me up. In fact, they are mortally afraid I will retaliate aggressively. I do sometimes chase them right back to their fancy houses as the whole world watches."



> My wife was from western UP and Gulku was a Rajasthani Goojari. The equation between the two surprised many friends of ours who had to deal with Gulku. The passing years did nothing to diminish their mutual affection and respect, despite the arguments that went back and forth which like shadow boxing did no harm whatsoever but may have; on the contrary it served to cement a unique and inexplicable relationship.

### Unusual Personality

For a milkman, Chhogaji was an unusually nice person. When Vijaya complained that the milk was watery, he would sit quietly and simply continue to smile through his thick moustache. When he came to settle his payment at the end of every month, my wife would state blandly that she would deduct money because he supplied diluted milk. Chhogaji would say nothing. I do not know whether Vijaya did in fact reduce his payment but Chhogaji would accept whatever she gave without ever counting it. The only words he would utter were "Ram Ram!" The next day, my wife would inform him that the milk was 'alright' and he would just smile as usual and bid her "Ram Ram!"

For a long time, Vijaya was hesitant to mention anything about diluted milk to Gulku. One day, while gossiping with her over a cup of tea, she finally broached the subject. Gulku put down her cup, folded her hands, raised them above her head and said, "Bhagwan thane banaya rakhe! (God bless you)" and continued, "Bahuji, we earn enough and more for our needs. God is merciful. Why would I stoop to cheat? In any case the milking is done in the presence of the customers who come to collect the milk personally. You are highly educated. I am sure you don't think we feed extra water to the cows before milking them simply to get a better yield. Why don't you satisfy yourself of our honesty and send someone to collect the milk? We will milk the animal before him."

When this was done, the complaint was that the volume handed over may be of suspect because of the froth in fresh milk. Gulku had an answer to this as well. She claimed that in case of a perceived volume deficit, Chhogaji always added an extra amount of milk to make up the required volume. And so they went on – the half-hearted, not unfriendly, accusations and counter arguments. Clearly, whatever might have been the truth about either the quantity or the quality of milk Chhogaji and his wife provided us, they continued to supply milk to us for the entire 17 years that we lived in Ajmer. All our three children were born in Ajmer and raised on the milk affectionately supplied by Gulku and her man.



> This was in a haveli or traditional mansion jointly owned by four patriarchs of a well-known family of Ajmer. One of the owners had shifted to a new bungalow adjacent to the haveli and the portion so vacated was rented to me. The families of the other three patriarchs constituted a traditional joint family. I was a bachelor when I joined but got married shortly thereafter.



### Inexplicable Relationship

My wife was from western UP and Gulku was a Rajasthani Goojari. The equation between the two surprised many friends of ours who had to deal with Gulku. The passing years did nothing to diminish their mutual affection and respect, despite the arguments that went back and forth which like shadow boxing did no harm whatsoever but may have; on the contrary it served to cement a unique and inexplicable relationship.

My children now have children of their own and recall with glee Gulku's and Chhogaji's son who would sometimes come in the evening with the milk can. The haveli was a three sided mansion with a large open courtyard in the center that opened on the road. My children, along with other children from the haveli, played in the courtyard. Gulku's son was called sedhlya because of his running nose. Whenever he tried to join in the play someone would ask him to first go and blow his nose and wash his face. He was better built for his age compared to the haveli children and was therefore always welcomed into any sports team where his build proved an asset to the fortunate team that had him.

On my wife's insistence, Sedhlya was admitted into the same school which my children attended. His fees, books and uniform were all taken care of. It was not that Chhogaji could not afford to do so himself but Vijaya wanted Sedhlya to be at par with the children with whom he played.

I think we spent the best part of our life in Ajmer. It was a sweet little town with a traditional culture and affectionate people. I have no doubt that there are hundreds of such places in our beloved country where certain values are held and certain traditions flourish. There are people like Chhogaji and Gulku everywhere. We were fortunate that we found them on our doorstep.

writetoarbit@rashtradoot.com


JLN hospital.





#ASANAS

## Tips To Do A Perfect Headstand

Referred to as the 'king' of asanas, headstand is an advanced yoga inversion. For beginners, it might seem that a headstand turns the world upside down. It looks intimidating, but once you build up to it, it becomes so easy. If you have never done one before, please make sure you practice with a certified teacher first.


### Benefits

The pose boosts happy and balanced hormones, calms your mind, strengthens your muscles, especially the core, enhances lung capacity and boosts digestion.

### Steps

- Start with Vajrasana (diamond pose) and grab opposite elbows.
- Interlock your fingers and reduce the space between your elbows.
- Make sure your shoulders are nice and protracted and raise your knees.
- Activate your core, walk in and raise one knee to your chest, then the other and hold this position.
- Stay for a few seconds and build your strength.
- Extend one leg all the way to the top.
- When you feel more confident, extend the other leg.

Make sure you are protracted, your core is active, legs are tight, you feel strong and enjoy your headstand. To come down, slowly bend one knee and



stay there, gently drop both the toes, come back down and don't forget the child's pose or Balasana.

### Safety measures

In addition to their benefits, headstands also pose the threat of injuries on the neck, shoulder and back pain if not performed with the correct form. Here are some safety recommendations:

### Work with a yoga expert

When you're upside down, it's difficult to track or pay attention to your alignment. Take the help of a spotter or yoga expert who may help you to align your body correctly and support your body.

### Use a wall

Using a wall shouldn't be made a habit. But you can use it if you're nervous in the initial stages as a support.

### Place cushions around you

To restrain yourself from using the support of a wall, pace some folded blankets or cushions around you so that you can do the pose in the centre of the room. In this case, even if you fall, you'll have a soft landing.

#WORLDMUSICDAY

# Where Words Fail, Music Speaks

On the occasion of World Music Day, music artistes from Jaipur shed light on what music means to them, their experience in the industry, how the internet has transformed the sphere of music and much more.

Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

World Music Day is celebrated every year in the month of June and this year it is being celebrated on June 21. To celebrate the magic that music brings in our lives, Arbit caught up with some music artistes from Jaipur. From the need to preserve and promote folk music, there are challenges in the music industry to their tips for aspiring musicians. Read below some interesting insights from these artistes.



## Stop Treating Music As Content: Divyansh Kacholia

**Thanks** to the onslaught of social media 'content' has become the singular focus of people and that should change, opines Divyansh Kacholia, India's first folk beat boxer and winner of India's Got Talent. "One should focus on creating art and not content," he says. Giving a word of advice to those who aspire to make it big in the performing arts or any other unconventional career, he further adds: "Focus on your art and do it with utmost passion, honesty and sincerity."

For Divyansh, his biggest achievement so far is not winning the popular reality music show but being able to work and perform with stalwarts of the industry like SunidhiChauhan and Shaan. "Winning India's Got Talent is definitely path-breaking for my career but learning from such big names and performing in front of people like Shah Rukh Khan and AR Rahman is definitely the biggest achievement of my life," adds Divyansh.



## Just Being Good At SingingIs Not Enough To Make Your Mark: Rajnigandha Shekhawat

**The** first Rajput girl from Rajasthan to become a professional singer, Rajnigandha Shekhawat is credited with creating a new genre of Rajasthani and English mash-ups that are a global internet sensation. Recounting her journey after a whopping 500 concerts and making her mark in Bollywood as well as in international shows, she says: "Initially my family was absolutely against the idea of a Rajput girl from a Thikana to take up music as a career. Our families are historically the patrons of musicians we don't actually do what the musicians do. Going to Mumbai to become a singer was a scary decision but it turned out to be the right one. However, today my father feels extremely proud when he sees me and my songs on TV."

Talking about her experience in the music industry, Rajnigandha adds: "It took a long time for me to realise that the music industry is more about marketing than pure music. Just being good at singing is not enough to make your mark. People need to have an angle, a story and a concept. I wish that this could change."

For those who want to take up music as a career, Rajnigandha suggests having a stable career that pays you well. "Very few musicians make big money so do not be fooled by the success of some famous people. It's very rare. In fact, it's easier to get an MBA and a well-paying job. You can always sing while still working. Leave your main job only when your music lets you earn more than that job. I have followed this and I'm very happy with my career decisions," she opines.

## Music IsThe Language Of The Soul: Hameed Khan Kawa

**"When** an artiste performs his/her soul connects with the soul of the audience. This connection of the soul does not happen via the internet," opines Hameed Khan Kawa, a renowned folk musician. After having played a huge role in promoting the folk music globally and giving an opportunity to over 1500 folk artistes of the state on an international platform including the Commonwealth Games, Kawa now teaches folk music to children at his home free of cost. "Children should be taught folk music from an early age just like other subjects are taught in school. The 'Guru Shishya Parampara' should be revived," suggests Kawa while talking about how to preserve and promote the folk culture of the state.

According to Kawa, the folk artistes are now prioritizing a comfortable life and leaving behind the rich culture of the state. "The government and the public should work in tandem to provide fruitful opportunities for the folk artistes," he adds.

## Choosing Music As A Career Is A Bold Choice: Satvik Sakar



**For** Satvik Sakar, who is a singer, song writer and producer and has experience of working in web series, ads and films. The biggest challenge that music artistes face is that of delayed payments. "Choosing music as a primary source of income is a bold choice. With no regular projects, the delay in payments and sometimes not even receiving the payment is a big downside of this industry. Begging for money after putting your heart and soul into a project is really disappointing and takes a toll on the mental health of the artiste," explains Satvik.

An audio engineering graduate, another challenge that he faces is that of creative block. "Art cannot be forced. However, owing to the internet often meme like songs go viral with a million of hits and views; and as a resultsensible music gets overshadowed," adds Satvik.

## My Greatest Achievement Is To See Tears In The Eyes Of My Audience: Arjan Singh

**An** architect turned singer-songwriter, Arjan Singh has been writing songs since he was 15 years old. For him, lyrics are the soul of a song and the melody gives the words an aesthetic structure. While Arjan gets the inspiration to write from people around him, it is producing a track that poses a challenge for him.

Talking about the impact of internet on the music industry, he adds: "The internet is a double edged sword for musicians. On the one hand, you can connect to thousands of people but at the same time you can get lost in that mountain of content. Also owing to internet and social media, the retention power of people has come down. There was a time when people used to listen to a 6-minute long song but now it is difficult to keep people engaged for that long. But at the same time there is no denying that it has helped artistes like us to release songs without the need of a music label."








## Folk Music Keeps You Grounded And Connected To Your Culture: Praveen Singh Dangi

**For** Praveen Singh Dangi, music lets you express what words never can. Even though Dangi has worked with some eminent personalities like Bappi Lahiri, Jatin-Latin and Ismail Darbar among others, folk music has a special corner in his heart. "Folk music tells you stories that are almost on the verge of disappearing. It also keeps you grounded and connected to your culture." Sharing his views on how folk music can be preserved and promoted in the state, Dangi says: "There is a need to respect and promote the folk genre from within. People are unaware of the essence of history connected to folk music. The government should take more steps to encouraging folk music in the state, especially among the youth. More open mics and open floors that provide live performance opportunities should be considered."

Sharing a word of advice for aspiring musicians, he adds: "Practice, patience, determination and smart work are some virtues that aspiring musicians need to possess. To be honest, I think destiny also plays a role in this industry. Internet is offering a plethora of opportunities to newcomers."



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ससुराल आए युवक की ताबड़तोड़ हमला कर हत्या

## बचाव में आई गर्भवती पत्नी के साथ भी हमलावरों ने की मारपीट

- हमलावर शहर के कुख्यात बदमाश इमरान कुंजड़ा गैंग का सदस्य
- हमलावरों को गिरफ्तार होने पर ही शव उठाने पर अड़े परिजन
- पुलिस ने समझाईश कर मृतक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के मल्लातलाई क्षेत्र में हमलावर ससुराल आए युवक को बाहर बुलाकर उसकी गर्भवती पत्नी के सामने ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या करने के बाद फरार हो गए। हादसे से क्षैत्र में दशहत फैल गई। परिजनों ने हमलावरों को गिरफ्तार होने पर ही शव उठाने पर अड गए। जिन्हें पुलिस ने समझाईश कर मामला शांत किया। हमलावर सद्दाम कांकरोली का होकर कुख्यात अपराधी शहर के कुख्यात बदमाश इमरान कुंजड़ा गैंग का सदस्य है। सद्दाम ने काजल नामक युवती से शादी की थी एवं शादी से पूर्व पूर्व अली उससे संपर्क में था। इसको लेकर दोनों के बीच अनबन हो गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चित्तोड़ों का टिंबा घंटाघर निवासी अली उर्फ मो. घिजाली (27) सोमवार सवेरे शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र सज्जननगर स्थित ससुराल गया था। इस दौरान सद्दाम कांकरोली, इरफान बन्ना, राजा हेला, सोनू काटा, काजल व साथी आए तथा आवाज लगा कर बाहर बुलाया। अली उर्फ मोहम्मद के बाहर आते ही हमलावरों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस दौरान बचाव में आई गर्भवती के साथ भी हमलारों ने मारपीट की । इसको देख चिल्लाने बचाव में लोगों के आने पर हमलावरों ने पिस्टल दिखाते हुए देख लेने की धमकी दी तथा मृत्यु होने तक वहीं खड़े रहे। परिजनों द्वारा चिकित्सालय ले जाने पर उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।


सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्र आंचलिया, अम्बामाता थानाधिकारी सुनिल टेलर, एएसआई नारायणसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। इधर आक्रोषित परिजनों ने परिजनों ने हमलावरों को गिरफ्तार होने तक शव ले जाने से इनकार कर दिया। अली व आरोपी सद्दाम दोनों हिस्ट्रीशिटर है तथा काजल नाम की युवती को लेकर दोनों के बीच गत दिनों कहासूनी होने से रंजिश बढ़ गई थी। अली उर्फ मोहम्मद टैक्सी चलाता था एवं एक सप्ताह पूर्व अली ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर शातिर बदमाश सद्दाम कांकरोली को देख लेने की धमकी दी थी। उसके बाद से ही सद्दाम काकरोली अली को मारने की कोशिश में था। अली गर्भवती पत्नी से मिलने के लिए ससुराल आया था। इधर सद्दाम अपने साथी नशेड़ियों के साथ वहां पहुंच कर आवाज लगा कर उसे बाहर बुलाया। बाहर आते ही सद्दाम व साथियों ने चाकू, तलवार, सरिये से ताबड़तोड़ अली पर वार कर दिए तथा बचाव में आने पर पत्नी के साथ मारपीट की। पुलिस ने समझाईश कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## पत्नी की हत्या कर पति फरार

**उदयपुर, (कासं)।** सराड़ा थाना क्षेत्र केजड़ के जंगल में पति ने गला दबा कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी और फरार हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सराड़ा थाना क्षैत्र केजड़ के जंगल में पाण्डेर कुई गांव निवासी दिनेश पुत्र अमरा कालबेलिया रविवार अपरान्ह में अपनी पत्नी मीरा (28) की गला दबा कर हत्या कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर थानाधिकारी अनिल कुमारविश्नोई मय टीम ने मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक अनुसंधान में आरोपी द्वारा गला दबा कर मीरा की हत्या की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने दूसरे दिन सोमवार को मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप कर अंतिम संस्कार करवाया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मीरा व आरोपी दीनेश अपने ससुराल में था। रविवार को वह पत्नी को अपने साथ जंगल में ले गया। जहां गला दबा कर उसकी हत्या कर दी। कुछ समय बाद परिजनों को बताया कि मीरा की तबीयत खराब हो गई है तथा कुछ नहीं बोल रही है। इस पर परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसका पता चलने के कुछ समय बाद दिनेश फरार हो गया। पुलिस ने मृतका के पिता गांधीपुरा सराड़ा निवासी प्रभू की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।

# डम्पर ने बाइक सवार को कुचला, युवक की मौत



डूंगरपुर शहर के नये बस स्टैण्ड मार्ग पर हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर के नया बस स्टैंड के सामने एक डंपर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि डम्पर का ड्राइवर मौके से फारार हो गया

कोतवाली थाना क्षेत्र में हॉस्पीटल की ओर से आ रहा एक डम्पर नया बस स्टैंड के पास ढलान पर मुड रहा था। उसी समय सामने से डिवाइडर पर मुड रहे बाइक सवार को डम्पर ने चपेट में ले लिया। बाइक सवार डम्पर के टायर के नीचे आ गया और सिर कुचलने से चिथड़े उड़ गए। तिराहे पर तैनात ट्रेफिक हेड कांनि. विपिन जोशी मौके पर पहुंचे। दुघर्टना के बाद मौके पर जाम की स्थिति बन गई। लोगों की भीड जमा हो गई। पुलिस ने ट्रैफिक को सही करवाया। घटना की सूचना के करीब आधे घंटे बाद 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। डीएसपी राकेश कुमार शर्मा भी मौके पर पहुंचे। शव को एंबुलेंस से हॉस्पीटल लेकर गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव को हॉस्पीटल की मोर्चरी में रखवाया। जहां उसकी पहचान शुभम पुत्र अमरचंद सोमपुरा के रूप में की गई। घटना की सूचना पर परिजन और परिवार के लोग भी आ गए। मृतक युवक मार्केटिंग का काम करता था। वहीं, उसका दूसरा भाई मूर्तियां बनाने का काम करता है।

# जान की परवाह किये बिना नदी में मछली पकड़ रहे युवा मछुआरे

- उपखंड प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई कर रहा है
- वहीं पहली ही बारिश से सरमथुरा क्षेत्र की नदियां उफान पर आ गई

**सरमथुरा, (निसं)।** धौलपुर जिले के सरमथुरा उपखंड में मछली पकड़ने के लिए युवा अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इसे लेकर न तो खुद युवा और उनके परिजन अपनी कोई जिम्मेदारी समझ रहे हैं और ना ही उपखंड प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई कर रहा है। मडासिल नदी के तेज बहाव में कई युवक मछली पकड़ते है। जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों झूमकर बादल बरस रहे हैं। मौसम की पहली बारिश से कई इलाकों के घरों में पानी घुस रहा है।

धौलपुर जिले के बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र के सरमथुरा उपखंड सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश से क्षेत्र की नदियों में काफी उफान है। बारिश से सरमथुरा क्षेत्र की नदियां उफान पर आ गई।

जिससे खरेर नदी और पार्वती नदी का पानी भी पार्वती बांध में तेजी से जाना शुरू हो गया। इसके साथ ही नदियों पर लोग मछलियों को अपनी जान जोखिम में डालकर पकड़ रहे हैं। जिसमें एक साथी हाथ में प्लास्टिक का कट्टा पकड़ा रहता है, जिसमें मछलियों को पकड़कर अंदर डालते हैं। ऐसे में नदियों के तेज बहाव की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी बारिश देखने को मिली। जिससे कंचनपुरा गांव में नेशनल हाईवे के पास बने मकानों में पानी घुस गया। जिससे मकान मालिक को काफी नुकसान हुआ। मकान मालिक लाला राम निवासी कंचनपुरा ने बताया कि बारिश से मकान में रखे करीब 10 मन तूड़ी और 2 क्विंटल गेहूं पानी में डूब कर खराब हो गया है। जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# शिकार करने लिए बंदरों के पीछे दौड़ा लेपर्ड

- लोगों ने हल्ला मचाया तो पहाड़ी की तरफ भागा लेपर्ड
- वन विभाग की टीम ने लेपर्ड के मूवमेंट पर नजर रखी
- लेपर्ड ने अब तक किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया लेकिन गांव में डर का माहौल

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र में भैंसरा छोटा के पास मंडी वाले पहाड़ पर सोमवार सुबह लेपर्ड दिखाई दिया। इस दौरान लेपर्ड शिकार करने लिए बंदरों के पीछे दौड़ा, लेकिन लोगों ने हल्ला मचाकर लेपर्ड को भगाया।

भैंसरा छोटा ग्राम पंचायत के वार्ड पंच रावजी भाई हडात ने बताया कि मंडीवाले पहाड़ पर लेपर्ड दिखाई दिया। लेपर्ड अचानक खेतों की ओर आ गया और बंदरों के पीछे दौड़ने लगा। बंदरों के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वे घरों से बाहर निकले तो बंदरों के पीछे लेपर्ड भाग रहा था। इस पर गांव के कई लोग इकट्ठे हो गए। लोगों ने हल्ला मचाया तो लेपर्ड भाग गया। इससे बंदरों की जान बच गई।

रावजी भाई ने बताया कि सोमवार सुबह उसका बेटा घर से कुछ दूर खेतों में पानी की मोटर चालू करने गया। उस समय खेतों में झाड़ियों के बीच भी हलचल देखी। झाड़ियों की तरफ देखा तो बीच में एक लेपर्ड दुबका हुआ बैठा था। इसके बाद पूरे गांव के लोग इकट्ठे हो गए और हल्ला मचाया तो लेपर्ड यहां से फिर पहाडी की ओर भाग गया। लेपर्ड के घूमने के कारण लोगों में डर को लेकर रेंजर को बताया। इस पर वन विभाग की टीम लेपर्ड के मूवमेंट पर नजर रखे हुए है। हालांकि लेपर्ड ने अब तक किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया है, लेकिन गांव में डर का माहौल बना हुआ है।

# करंट लगने से महिला कृषक सहित दो की मौत

- खेत पर पिलाई करने के दौरान करंट लग गया था

**उदयपुर, (कासं)।** खेत पर पिलाई करने के दौरान करंट लगने से महिला कृषक व साथी सिजारी की मौत हो गई।

पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार सायरा निवासी छगनीबाई (50) पत्नी मोहनसिंह राजपूत तथा ढिकोड़ा निवासी मोहन गमेती (20) पुत्र चुना गमेती की करंट लगने से मौत हो गई। सोमवार सेवेरे छगनी अपने सिजारी मोहन के साथ खेत पर फसल को पानी पिलाई करने गए थे। जहां विद्युत वायर छू जाने पर मोहन करंट की चपेट में आ गया।

इसको देख छगनी बचाने गई तो वह भी चपेट में आ गई। इसका पता चलने पर छगनी का पति मोहन व पुत्र लक्ष्मण बचाने दौड़े जहां लक्ष्मण भी चपेट में आ गया।

हादसे की सूचना मिलने पर सायरा थानाधिकारी श्रवण जोशी, हेड कांस्टेबल लक्ष्मणसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर छगनी व मोहन को सायरा चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया तथा प्राथमिक उपचार के बाद लक्ष्मण को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इधर हेड कांस्टेबल ओम ने दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# अजमेर : दो थाना क्षेत्रों में महिलाओं ने आत्महत्या की

- पुलिस आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच में जुटी
- पुलिस को मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं मिला

**अजमेर, (कास)।** अजमेर के दो थाना क्षेत्रों में महिलाओं ने आत्महत्या कर ली। गंज थाना क्षेत्र के फॉयसागर रोड निवासी 49 वर्षीय एक महिला ने बीमारी से परेशान होकर तो वहीं क्लॉक टावर थाना क्षेत्र के नवाब का बेड़ा में रहने वाली 42 वर्षीय महिला ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों मामलों में पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अजमेर के गंज थाने के हेड कांस्टेबल विजेंद्र सिंह ने बताया कि फॉयसागर रोड निवासी 49 वर्षीय ज्योति लालवानी पत्नी प्रकाशचंद लालवानी ने अपने घर के कमरे में लगे पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि परिवार जब सोकर उठा तो महिला पंखे पर लटकी मिली।

परिजन महिला को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही गंज थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने परिजन की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच में जुटी है। पुलिस को मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

वहीं क्लॉक टावर थाना पुलिस के अनुसार नवाब का बेड़ा निवासी 42 वर्षीय महिला हसबुल खातून पत्नी कमाल अहमद ने किराए के मकान के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोग जब घर पहुंचे तो महिला कमरे में फंदे पर लटकी मिली, जिसे फंदे से उतारकर जवाहरलाल नेहरू अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने सोमवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। क्लॉक टावर थाना पुलिस के अनुसार मृतक महिला के बेटों ने बताया कि उनकी मां हसबुल खातून का मानसिक संतुलन लंबे समय से ठीक नहीं था। वह डिप्रेशन में चल रही थी। देर रात उन्होंने अपने आपको अकेला देखकर सुसाइड कर लिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच में जुटी है।

# उदयपुर में छह करोना संक्रमित मिले

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में सोमवार को हुई 429 सैम्पल्स की जांच में छह करोना पॉजीटिव मिले हैं। जिले में करोना संक्रमित रोगियों की संख्या 29 हो गई है। ये सभी संक्रमित रोगी होम आइसोलेशन में है। संक्रमितों की बढती संख्या के चलते स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर से अलर्ट मोड पर आ गया है।

सोमवार को उदयपुर जिले में 6 करोना संक्रमित चिन्हित किये गए। इनमें से 5 शहरी इलाके से एवं 1 ग्रामीण इलाके से हैं। इधर प्रदेश में धीरे धीरे बढ रहे कोविड मामलो से स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर से अलर्ट मोड पर आ गया है। उदयपुर जिले में भी पिछले दिनों कोविड मामलों में हुए इजाफे को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराडी ने सोमवार को स्वास्थ्य भवन में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कोविड के वर्तमान हालात पर चर्चा की।बैठक में सीएमएचओ डॉ. खराडी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हुई है। हालांकि अभी तक भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या ना के बराबर है परंतु फिर भी हमें आवश्यक तैयारियों के साथ तैयार रहना होगा।

उन्होंने कहा कि संक्रमण की वस्तुस्थिति के लिए सभी अस्पतालों में रैपिड एंटीजन टेस्ट की मात्रा बढाई जाए। ओपीडी के दौरान जो भी आईएलआई या संभावित लक्षणों के मरीज आते है उनकी जांच की जाए। पॉजिटिव पाए गए व्यक्तियों की कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग में से यदि किसी में लक्षण दिखाई देते है तो तुरंत उसकी जांच करवाए।उन्होंने लॉजिस्टिक प्रभारी को निर्देशित करते हुए पर्याप्त मात्रा में टेस्ट किट, मास्क, सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अति. मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रागिनी अग्रवाल, आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य, डिप्टी सीएमएचओ डॉ राघवेंद्र राय, कोविड लॉजिस्टिक प्रभारी डॉक्टर अंकित जैन, नोडल सैंपलिंग डॉ विकास मीणा, डॉ. शैलेंद्रा चुंडावत सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गहनों की मांग को लेकर मां ने मासूम को मारा

## मनिया थाना पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया

- आरोपी महिला को 15 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा
- 4 दिन पहले आरोपी महिला चंचल ने अपने सोने के गहने पति से मांगे थे
- घायल मासूम की हुई इलाज के दौरान मौत
- पति ने गहने देने से की थी आनाकानी

**धौलपुर (निस)।** धौलपुर जिले के मनिया थाना इलाके के सुंदरपुर गांव में ममता को शर्मसार करने का एक मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी मां ने 4 दिन पूर्व गहनों की मांग को लेकर अपनी 3 माह की मासूम को दीवार पर पटक कर मार दिया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। मामले में कार्रवाई करते हुए सोमवार को मनिया थाना पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

मनिया थाना प्रभारी सुमन कुमार चौधरी ने बताया कि आगरा के लादूखेड़ा गांव की रहने वाली विवाहिता चंचल की शादी एक साल पूर्व सुंदरपुर गांव मनियां के रहने वाले कृष्ण कुमार से हुई थी। शादी में मिली सोने की अंगूठी और सोने की चेन को कृष्ण कुमार ने अपने पास संभाल कर रखा था। 4 दिन पहले आरोपी महिला चंचल ने अपने सोने के गहने पति से मांगे। जिस पर कृष्ण कुमार ने पहले देने से मना कर दिया।

जिससे दोनों पति पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। बाद में चंचल की जिद के चलते उसके पति ने उसे गहने दे दिए, फिर भी आरोपी चंचल का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने गोद में बैठी 3 माह की मासूम शिल्पी को दीवार पर दे मारा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

जिसे उपचार के लिए आगरा के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद आरोपी महिला के पति कृष्ण कुमार ने अपनी पत्नी के खिलाफ मासूम की हत्या करने का मुकदमा दर्ज करा दिया। जिस पर कार्रवाई करते हुए मनिया पुलिस ने आरोपी महिला चंचल को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने आरोपी महिला को 15 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

# चार साल से अधूरा पड़ा मसूदा का डिवाइडर निर्माण कार्य

- पीडब्ल्यूडी अपना पलड़ा ग्राम पंचायत पर थोप रहा है

**मसूदा, (निसं)।** ग्राम पंचायत मसूदा से जाने वाले मार्ग के बीच में 4 साल पूर्व पूर्व विधायक सुशील कंवर पलाड़ा द्वारा गौरव पथ का निर्माण किया गया था। गौरव पथ के बीचो-बीच डिवाइडर के लिए छोड़ी गई जगह ने गड्ढों का रूप ले लि ाा है। इसके कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है और वहां चालक घायल हो रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 4 वर्ष पहले इस गौरव पथ का कार्य करने के दौरान टेंडर जारी किए गया था जिसके तहत इस सड़क के दोनों ओर नालियां व साथ में बीचो-बीच बॉर्डर बनाना था मगर ग्राम पंचायत मसूदा ने डिवाइडर का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया था और कहा जाता है कि डिवाइडर का निर्माण करवाया जाएगा लेकिन अब तक नहीं हो सका है। वहीं गौरवपथ कई जगह से टूट चुका है इसके अल ावा बरसाती पानी भरने से मार्ग पर जल भराव हो गया है। बरसात का पानी सड़क के साथ डिवाइडर के लि ए छोड़ी गई जगह में भी भर गया है जिसके कारण आए दिन वाहन चालक इन गड्ढों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त और घायल हो जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार गौरव पथ एवं डिवाइडर निर्माण पूर्ण करने से पहले ही विभाग द्वारा क्या ठेकेदार को भुगतान कर दिया है या नहीं विभाग द्वारा सम्पूर्ण जानकारी नही दी है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में शिकायत के बाद डिवाइडर पर डामरीकरण किया गया था परन्तु डिवाइडर पुन: अपनी स्थिति में आ गया है। पीडब्लूयूडी अधिकारी द्वारा बार बार एक ही बात कहते है डिवाइडर का निर्माण ग्राम पंचायत करवाएंगी। इस संबंध में जब सहायक अभियंता गोपाल चौधरी से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि गौरव पथ निर्माण का भुगतान शायद नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि इस डिवाइडर की मरम्मत पुन: करवा दी जाएगी। पहले भी करवाई थी अब और करवा देंगे।



डिवाइडर के लिए छोड़ी गई जगह ने गड्ढों का रूप ले लिया है।

## बीकानेर में 10 नए संक्रमितों के साथ 77 एक्टिव केस

**बीकानेर, (निसं)।** जिले में कोरोना रोगियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। सोमवार को दस नए मरीज मिलने के साथ ही एक्टिव केस की संख्या बढ़ कर 77 हो गई है। राज्य में जयपुर के बाद सबसे ज्यादा कोरोना मरीज बीकानेर में मिल रहे हैं। खास बात ये है कि शहर के उन्हीं एरिया में कोरोना मरीज ज्यादा है, जहां पहली और दूसरी लहर में बड़ी संख्या में केस मिले थे।

सेटेलाइट अस्पताल में हो रही जांच की रिपोर्ट्स में चौंकाने वाले केस मिले हैं। इसी अस्पताल के आसपास के क्षेत्रों में फिर कोरोना पॉजिटिव मिल रहे हैं। सोमवार को सोनगिरी कुआ, पारीक चौक, मोहता सराय, सर्वोदय बस्ती, मुरलीधर व्यास नगर, मुक्ता प्रसाद नगर, चौखूंटी फाटक, कुचीलपुरा में रोगी मिल रहे हैं। इसके अलावा कांता खतूरिया कॉलोनी और रानीबाजार में भी कोरोना पॉजिटिव सामने आए हैं। इससे पहले रविवार को एक साथ 19 नए कोरोना पॉजिटिव सामने आए थे, रविवार को नौ कोरोना रोगियों की रिपोर्ट नेगेटिव आ गई लेकिन सोमवार को फिर दस नए केस सामने आ गए। अब बीकानेर में पॉजिटिव केस 77 हो गए हैं जबकि बीकानेर से ज्यादा जयपुर में 309 केस है।

# कर्नाटक 12वीं बोर्ड परीक्षा में रेजोनेंस के विद्यार्थी अव्वल

- विद्यार्थियों ने एक इतिहास रचते हुए प्रथम 10 स्थानों पर कब्जा जमाया

**कोटा, (निसं)।** कर्नाटक प्री-यूनिवर्सिटी एग्जामिनेशन बोर्ड ने शनिवार, 18 जून को कर्नाटक बोर्ड कक्षा 12 परीक्षा परिणाम 2022 घोषित किया है जिसके अनुसार रेजोनेंस एवं दक्षिण भारत में इससे सम्बद्ध संस्थान बेस के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराते हुए शानदार प्रदर्शन किया है।

बेस के विद्यार्थियों ने एक इतिहास रचते हुए प्रथम 10 स्थानों पर कब्जा जमाया है अर्थात पहली रैंक से लेकर के दसवीं रैंक तक सभी स्थानों पर बेस के विद्यार्थी ही काबिज हैं।

संस्थान की छात्रा सिमरन शेषा राव ने 600 में से 598 अंक प्राप्त कर 99.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साईं चिराग बी ने 600 में से 597 अंक प्राप्त कर 99.5: अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया वही मेधा पुरानिक ने 596 अंक प्राप्त कर 99.33 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन तीनों ही विद्यार्थियों ने फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, कंप्यूटर साइंस व संस्कृत पांचों विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए ।

किसी एक संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा बड़ी संख्या में सभी विषयों में पूर्ण में से पूर्ण अंक प्राप्त करना एक ऐसा कीर्तिमान है जिसे तोड़ना अत्यधिक कठिन होगा। सबसे मुख्य बात यह है कि प्रथम 10 रैंक में अपने विद्यार्थियों को काबिज करवा कर रेजोनेंस - बेस संस्थान ने अपनी उन्नत शिक्षा प्रणाली एवं श्रेष्ठ प्रशिक्षण पद्धति का लोहा समूचे भारत में मनवाया है।

## बरसात होने से किसानों के चेहरों पर रोनक

**बीदासर, (निसं)।** क्षेत्र में सोमवार की सुबह 5 बजे के बाद आधे घण्टे तक जमकर बरसात हुई। खेतों में भी अच्छी बरसात होने से किसानों के चेहरों पर रोनक आ गई। इस वर्ष किसानों को अच्छी बरसात की उम्मीदें हैं।

वहीं बरसात से कस्बे के मुख्य मार्गों पर पानी ही पानी हो गया। कस्बे के नगरपालिका मुख्य नाला में सड़क निर्माण के कारण रेत भर जाने से बरसात का सारा पानी सड़क पर आ गया और बरसात रूकने के करीब तीन से चार घण्टे बाद तक मुख्य बाजार, बस स्टेण्ड रोड़, नगरपालिका मार्ग, बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य मार्ग पर पानी बहता रहा तथा दिनभर कीचड़ फैला रहा जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बरसात का दौर तीन दिनो से जारी रहने के बाद भी कस्बे के मुख्य मार्गों के गंदे पानी के नालों की सफाई बरसात से पूर्व नहीं होने से बरसात से गंदगी सड़को पर आ गई। नालों की सफाई न होने से इस मार्ग का बरसाती पानी गलियों में भर गया। वहीं बरसात से गर्मी व उमस से लोगों को राहत मिली। दिनभर ठण्डी हवाएँ चलने से मौसम सुहावना हो गया। दोपहर बाद आसमान साफ होने से मौसम खुल गया।

# हादसे में एक की मौत व चार घायल

**भूपालसागर, (निसं)।** भूपालसागर-फतहनगर राजमार्ग पर रविवार रात्रि 10 बजे के करीबन भूपालसागर डेम से निकलने वाले नाले पर बने पुलिये से अनियन्त्रित होकर एक चार पहिया कार नीचे नाले में गिर गई जिससे हुई दुर्घटना में एक बच्ची निशा पुत्री किशन लाल गमेती उम्र 9 वर्ष की मृत्यु हो गई तथा उसी परिवार के चार लोग घायल हो गये। जिनको भूपालसागर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्राथमिक उपचार कर चारों को उदयपुर 108 की सहायता से चिकित्सक जगदीश बावरी ने रेफर किया।

सूचना पर भूपालसागर पुलिस थाने से एएसआई प्रेमनाथ मौके पर पहुंचे इससे पूर्व मौके पर भूपालसागर सरपंच प्यारचन्द भील, पूर्व उपसरपंच व पंचायत समिति सदस्य सुरेशचन्द्र गाडरी, एडवोकेट मुदस्सर नजर, हिम्मत लाल डांगी, विकास जयसवाल सुरेश भील एवं ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे तथा दुर्घटना ग्रस्त लोगों को गाड़ी से बाहर निकाला तथा 108 की सहायता से सभी को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पहुंचाया जहां पर चिकित्सक ने सभी का उपचार प्रारम्भ किया।

## संक्षिप्त

### सड़क बनाने की मांग

**टोंक, (निसं)।** नगर परिषद क्षेत्र के सरवराबाद वार्ड नं. 60 में शमशान घाट जाने वाले रोड व सईदाबाद की रोड बनवाये जाने की मांग को लेकर मौहल्लेवासियों ने सभापति अली अहमद को ज्ञापन सौंपा। मौहल्लेवासी कानाराम, महावीर सैनी, महेन्द्र सैनी, पीरू, छोटूलाल सैनी, सन्नू सैनी एवं दिलराज सैनी आदि ने बताया कि सरवराबाद वार्ड नं. 60 में शमशान घाट जाने के लिए कच्चा रास्ता बना हुआ है, जिसमें से होकर मौहल्लेवासी शमशान घाट जाते है, परन्तु उस रास्ते में हमेशा ही गड्डे होने के कारण कीचड रहता है व बरसात के समय में ज्यादा पानी भरा रहने से आने-जाने वालो को परेशानी होती है तथा सईदाबाद में भी कच्चा रास्ता है, जिसमें भी बरसात के समय में कीचड हो जाता है, जिससे आने-जाने वालो को काफी परेशानी होती है।

### भगवान बने ब्लॉक अध्यक्ष

**टोंक, (निसं)।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद अग्रवाल के निर्देशानुसार टोंक जिलाध्यक्ष राजीव बंसल, जिला महामंत्री ओमप्रकाश विजयवर्गीय (सांखना) ने टोंक ब्लॉक अध्यक्ष पद पर भगवान भण्डारी को मनोनीत किया गया है। साथ ही भण्डारी को अपनी टोंक ब्लॉक कार्यकारिणी गठित करने का निर्देश भी दिया है। जिलाध्यक्ष राजीव बंसल ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि संघठन को एक समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ता मिला है, जो निश्चित ही वैश्य समाज के प्रगति पथ को सशक्त करने में अपनी भूमिका निर्वहन करेगा।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**चाकसू, (निसं)।** मंगलवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार विधायक वेदप्रकाश सोलंकी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता आम जन के साथ प्रात: 10 बजे कोटखावदा मोड पर बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति के सामने एकत्रित होकर केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा संवैधानिक संस्थाओं ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी व पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को बेवजह परेशान करने व भारतीय सेना के गौरव, अनुशासन एवं गरिमा के विपरीत अग्निपथ योजना के नाम पर देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड करने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा

### प्रमोद गौतम ब्लॉक अध्यक्ष बने

**मालपुरा, (निसं)।** विप्र फाउण्डेशन के राष्ट्रीय प्रभारी विमलेश शर्मा की अनुशंषा एवं विप्र फाउण्डेशन जॉन प्रथम के युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष पवन नटराज के अनुमोदन पर फाउण्डेशन के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा ने मालपुरा निवासी युवा समाज सेवी प्रमोद गौतम पुत्र सत्यनारायण गौतम को युवा प्रकोष्ठ विप्र फाउण्डेशन मालपुरा ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया। समाज सेवा व सामाजिक सरोकार के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने सहित समाजहित में सकारात्मक कार्यों के चलते प्रमोद गौतम को दी गई ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी पर विप्र जनों ने बधाई दे प्रदेश व जिला अधिकारियों का आभार जताया।

# आरक्षण की मांग को लेकर सैनी समाज सड़कों पर उतरा

**कोटपूतली, (निसं)।** अन्य समाजों की भांति सैनी समाज के लिए भी केन्द्रीय व राज्य स्तरीय सेवाओं में आरक्षण की मांग निरन्तर जोर पकड़ती जा रही है। सोमवार को सैनी आरक्षण संघर्ष समिति के बैनर तले सैनी समाज के प्रतिनिधियों ने कस्बे में सड़कों पर उतर कर जोरदार नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को पूरा किये जाने की मांग की।

समिति अध्यक्ष एड. दुर्गा प्रसाद सैनी व सैनी सभा संस्था के अध्यक्ष

- **सैनी सभा भवन से एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च कर निकाली रैली**
- **12 प्रतिशत आरक्षण समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन**

राकेश सैनी के नेतृत्व में सैनी सभा भवन से उपखण्ड कार्यालय तक सैनी समाज के जनप्रतिनिधियों ने पैदल मार्च करते हुए आरक्षण रैली निकाली। वहीं उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम ऋषभ मण्डल को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम 12 प्रतिशत आरक्षण समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन




कोटपूतली में आरक्षण की मांग को लेकर सैनी समाज के प्रतिनिधियों ने नारेबाजी व प्रदर्शन किया।

सौंपा गया। इससे पूर्व सैनी सभा भवन पर एक बैठक का आयोजन भी हुआ। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार धरना प्रदर्शन करते हुए संघर्ष किये जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष बिड़दीचंद सैनी, पूर्व चेयरमैन एड. महेन्द्र सैनी, उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, सचिव एड. योगेश सैनी, कोषाध्यक्ष रामसिंह सैनी, संरक्षक ओमप्रकाश सैनी, मीडिया प्रभारी बिल्लूराम सैनी, प्रकाश तौंदवाल, पूर्व पार्षद हनुमान प्रसाद सैनी, पूर्व अध्यक्ष फूलचन्द सैनी, धंशीराम सैनी, बाबूलाल सैनी, पूर्व पार्षद रामेश्वर सैनी, जगदीश खेमजी, एड. अशोक कुमार सैनी, रामसिंह सैनी दादुका, रामकुमार सैनी, छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, पार्षद प्रमोद गुरूजी, कृष्ण कारोडिया, एड. शिम्भुदयाल सैनी, एड. पवन सैनी, पार्षद राकेश सैनी, महेश सैनी, बंटी सैनी, राजेश सैनी, संजय बागड़ी, विजय बिजवाडिया, एड. किशन लाल, एड. ओमप्रकाश, एड. विजय, एड. राजेश, एड. सुनील, महावीर सांखला, अमरसिंह सैनी, सुभाष, राजकुमार, विक्रम, महेश सैनी, भवानी सैनी सरूण्ड, मोनू सैनी, एड. अमित सैनी, रमन सहित बड़ी संख्या में सैनी समाज के जनप्रतिनिधि व समिति सदस्य मौजूद थे।

## केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा बिना सबूत व बिना तथ्यों के निराधार मनगढ़ंत आरोपों से नेशनल हेराल्ड मामले में राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित होकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को तलब कर की जा रही पूछताछ का कांग्रेसजनों ने विरोध करते हुए सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी श्रीमाधोपुर की ओर से नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष नंदकिशोर सैनी के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल के नाम लिखा ज्ञापन दिलीप सिंह राठौड़ उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर को दिया गया।

ज्ञापन में लिखा गया है कि भारतीय सेना के गौरव एवं युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ के विरोध में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अग्नीपथ योजना को गलत बताते हुए उसे तुरंत वापस लेने, नियमीत सेना भर्ती कराने की मांग करते हुए कहा की कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से विरोध व सत्याग्रह लगातार जारी रखेगी। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले व ज्ञापन प्रस्तुति के समय पार्षद नंद किशोर सैनी, मनोहर सिंह शेखावत, सूर्यपाल सिंह , राजाराम मीणा, सुनील पुरी, एम के सैनी, महेंद्र उपाध्याय, संजय लोकनाथका, हरी बिजारणिया, राकेश तिवारी, नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष मदन चौहान ,मानसिंह सोनी ,सुनील पंजाबी, विक्की बिंवाल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### प्रधान ने 13 लाख के विकास कार्यों की घोषणा की



**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ तहसील के नारनौल रोड पर स्थित ग्राम कोहराना में देवनारायण बाबा के मन्दिर में विशाल भंडारे का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरोज बस्तीराम यादव प्रधान पंचायत समिति बहरोड़ रही। इस दौरान पंचायत समिति प्रधान कोटे से अगली कार्य योजना में जिम का सामान, सीसी रोड आदि के लिए 13लाख रू. की घोषणा की गई। मुख्य वक्ता प्रधान सरोज यादव ने कहा कि आपने जो मान सम्मान दिया उसका मैं उसका मान रखूंगी और पांच साल तक क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉक्टर शानू राजकुमार ने भी पार्क बनाने की घोषणा की वहीं विशिष्ट अतिथि भामाशाह राजाराम यादव एडवोकेट ने मंच संचालन किया, विशिष्ट अतिथि समाज सेवी हितेन्द्र यादव एडवोकेट ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक पंचायत समिति सदस्य प्रदीप यादव रहे।

### अपराधों की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करें: एसडीएम



**नारायणपुर, (निसं)।** स्थानीय पुलिस थाने में सोमवार को एसडीएम सुनीता मीणा के देखरेख में थानागाजी सीओ आदित्य पूनिया ने सीएलजी सदस्य और पुलिस सुरक्षा सखियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम ने सीएलजी सदस्य और पुलिस सुरक्षा सखियों का परिचय कर क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए आमजन को पुलिस का सहयोग करने को कहा। केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना का पूरे देश में युवाओं द्वारा जिस तरीके विरोध किया जा रहा है उसे देखते हुए अगर आपको कही लगे की इससे क्षेत्र में अशांति फ़ैल सकती तो आप तुरंत पुलिस को सूचना दें। वही डीवाईएसपी पूनिया ने कहा कि अगर कही अपराध हो रहा है तो उसे उजागर करें और छोटी-मोटी लड़ाई का अपने स्तर पर हल करने का प्रयास करें । इस मौके पर बुद्धराम मीणा, बजरंग लखेरा, राजेन्द्र यादव, गिर्राज वर्मा, मातादीन गुर्जर, महेश यादव, नेतराम गुर्जर, घनश्याम दत्त शर्मा, बिशन कँवर, सुनीता यादव, पिंकी मीणा सहित बड़ी संख्या में सीएलजी सदस्य व पुलिस सुरक्षा सखी मौजूद थी ।

### पांचवीं डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता शुरू



**पावटा, (निसं)।** वीर तेजाजी युवा क्लब द्वारा वीर तेजाजी नगर इको चौक पॉवर हाउस के पास पांचवीं डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन पंचायत समिति पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, भाजपा नेत्री रानी रत्नाकुमारी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गौरव यादव, पूर्व सरपंच मदन यादव, शिवपाल राठी के मुय आतिथ्य व बडनगर सरपंच रामकरण यादव, वी.टी. नगर सरपंच प्रतिनिधि अमित गजराज, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड, वी.टी. नगर डेलीगेट जयराम थालौड, बडनगर डेलीगेट महेश बैराठी, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सिंह शेखावत , सुरेश बाज्या, कमलेश कुमार, मदन बाज्या, बुद्धराम बाज्या के विशिष्ट आतिथ्य मे फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व आयोजकों वीर तेजाजी युवा क्लब वीटी नगर द्वारा आए हुए अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालक करते हुए मनोज गिठाला, संजय गिठाला ने बताया कि प्रतियोगिता में आयोजकों की ओर से विजेता टीम को 51 सौ व उपविजेता टीम को 21 सौ रुपए नकद पुरुष्कार देकर समानित किया गया।-

### कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया

**मालपुरा, (निसं)।** केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा हाल ही में अग्निवीरों की सेना भर्ती योजना लागू किये जाने तथा देश की संवैधानिक संस्थाओं के किये जा रहे दुरूपयोग पर रोष प्रकट करते हुए कांग्रेसियों ने टोडारायसिंह मुख्यालय पर प्रदर्शन पर पीएम व गृहमंत्री का पुतला फूंका। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद साहु की अगुवाही में बाबु स्मारक पर एकत्रित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। तत्पश्चात नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री व गृहमंत्री का पुतला फूंक अग्निपथ योजना को वापस लेने व इनकम टैक्स सीबीआई एवं ईडी संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग पर अविलम्ब रोक की मांग की।

## अन्नपूर्णा मंदिर का दानपात्र तोड़ा

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के देवल गांव स्थित अन्नपूर्णा मंदिर को चोरों ने निशाना बना दानपात्र तोड़ चढ़ावा राशि चुरा ले गये। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में मंदिर में अन्नपूर्णा महायज्ञ का आयोजन हुआ था लेकिन समय अभाव के चलते दानपात्र नहीं खोला जा सका। ग्रामीणों ने दानपात्र में बड़ी तादात में चढ़ावा राशि होने का अनुमान लगाया है। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मंदिर का मौका निरीक्षण कर पुजारी व ग्रामीणों से आवश्यक जानकारी जुटाई। चोरी की वारदात का पता सोमवार की सवेरे सेवा करने पहुंचे पूजारी ने को दानपात्र के ताले टूटे होने तथा ठाकुरजी की पोशाक व अन्य सामान बक्से से बाहर बिखरे होने से लगा तो पुजारी ने चोरी की वारदात की घटना से ग्रामीणों को अवगत करवाया।

# संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग व 'अग्निपथ' योजना के विरोध में धरना दिया

**टोंक, (निसं)।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी टोंक के तत्वावधान में गांधी पार्क में केन्द्र की नीतियों, राहुल गांधी व सोनिया गांधी को ईडी द्वारा मनगढंत आरोप लगाकर गलत तरीके से परेशान करने के विरोध में ज्ञापन दिया।

धरना-प्रदर्शन कर घण्टाघर चौराहे पर मोदी सरकार के दमनकारी नितीयों के विरोध में जिला जनरल सेकेट्री मो. एहसान बाबा के नेतृत्व पीएम मोदी का पुतला फूंका गया। मोहम्मद एहसान बाबा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा बिना संसद की मंजूरी के लायी गई अग्निपथ योजना का भी विरोध किया गया। आम जनता का ध्यान महंगाई से भटकाने के लिए नित नये मुद्दे खड़े किये जाते हैं ताकि जनता का ध्यान महंगाई से भटक सके। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमल बैरवा ने कहा कि केन्द्र की दमनकारी जो नीति अपना रही है।



केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई का दुरुपयोग व अग्निपथ योजना लागू करने के विरोध में प्रदर्शन किया।

झूंठे आरोप लगाकर विपक्षी नेताओं को गलत तरीके से फंसा रही है, यह लोकतंत्र के लिए घातक है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अजीज कुरेशी, शिक्षक नेता सै. महमूद शाह, कमलेश चांवला, सेवादल

- **धरना-प्रदर्शन कर घण्टाघर चौराहे पर मोदी का पुतला फूंका**

जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक, महासचिव सुभाष मिश्रा, पूर्व डीआर मणिन्द्र लोदी, रामलाल सेलीवाल, हंसराज गाता आदि ने भी सम्बोधित करते हुए केन्द्र सरकार की आलोचना की। प्रवक्ता जर्रार खांन ने बताया कि इस अवसर पर कवि खान, राजू वर्मा, मिर्जा उमर ,गिर्राज किराड, पूर्व पार्षद मुख्तार, पूर्व पार्षद शकील मियां, फरीद टोपी वाले, मुराद गांधी, मासुम नद्दाफी, इमरान पहलवान, अख्तर सुलेमान, जगमाल मेव, मोहसीन देशवाली एवं मोहम्मद मियां देशवाली आदि सैकडो की संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# जोहड़, खाई व नालों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** शहर में गंदे पानी निकासी के अवरुद्ध हो रहे जोहड़ खाई व नालों की सफाई के जनहित के मुद्दे पर अभिभाषक संघ ने सोमवार को नगर पालिका अधिकारी महेश गुर्जर को उच्च न्यायालय की ओर से सरकारी जोहड़ खाई नालों आदि को लेकर दिए गए निर्णय से लिखित में अवगत कराते हुए किशनगढ़ बास में सरकारी जोहड़ खाई व नालों पर हो रहे कब्जों को खाली कराकर सफाई कराने की मांग की है।

इससे पहले अभिभाषक संघ ने पिछले दिनों किशनगढ़ बास में जन सुनवाई के लिए आए प्रभारी मंत्री बीडी कल्ला से जनहित में शहर के अवरुद्ध हो रहे पानी निकासी के रास्तों पर से अतिक्रमण साफ कराने के लिए मांग की थी। अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमित गौड़ ने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत विभागीय जवाब में सामने

- **अभिभाषक संघ ने नगर पालिका अधिकारी को जनहित में मांग पत्र सौंपा**

आया है कि खसरा नंबर 321 में सरकार की ओर से पहले ही मुआवजा दिया जा चुका है और सरकार की ओर से मुआवजा दी गई जमीन पर आज भी पक्के दुकान मकान बरकरार है। जिसे पालिका 40 फुट का रोड मान रही है वह पीडब्ल्यूडी रिकॉर्ड में 60 फुट का है। इसके अलावा सरकारी अस्पताल की दीवार से गंज रोड पर लगती भूमि आज भी पीडब्ल्यूडी रिकॉर्ड में सरकार की संपत्ति बताई गई है।

अभिभाषक संघ अध्यक्ष ने बताया सार्वजनिक निर्माण विभाग ने सूचना के जवाब में बताया है कि विभाग के अधिशासी अधिकारी भूरी सिंह की ओर से गंज रोड खैरथल रोड अतिक्रमण को हटाने के लिए 20 व 28 मई 2017 में पत्र लिखा इसके बाद 23 अप्रैल 2018 मैं पत्र लिखा उसके उपरांत भी जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो 25 अप्रैल 2022 को विभाग ने फिर से नगरपालिका को गंज रोड खैरथल रोड पर हो रहे अतिक्रमण का मानचित्र सहित 116 अतिक्रमणकारियों के नाम तथा जिन लोगों को सरकार की ओर से मुआवजा दिया जा चुका है उनके नाम की प्रतिलिपि भेज कर अतिक्रमण हटाने के लिए लिखा है। खसरा नंबर 533 गैर मुमकिन जोहड़ खाई में पूरे शहर के गंदे नालों का पानी जाता है लेकिन 80 प्रतिशत जोहड़ खाई की जमीन पर मकान बनकर खड़े हो चुके हैं और शेष बचा जोहड़ गंदगी से लबालब भरा है। नगर पालिका ने एसडीएम को चिट्ठी भेजकर जोहड़ की पैमाइश कराने के लिए लिखा।

## अमृत सरोवर अभियान से पानी की कमी दूर होगी: कर्नल राज्यवर्धन

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा सोमवार को जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में अमृत सरोवर अभियान की शुरूआत कोटपूतली के ग्राम सांगटेड़ा से की गई।

यहां पर कर्नल राज्यवर्धन की पहल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरोवर के आसपास सफाई की व अशोक, अमरूद, जगरण्डा, बोटल ब्रश, गुलर, करंज, गुलाब सहित विभिन्न प्रकार के 101 छायादार, फलदार व फूलदार पौधे लगाए। साथ ही बैठने के लिए बैंचे भी लगाई गई। इस मौके पर सांसद राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी है। अमृत सरोवर अभियान से जयपुर ग्रामीण सहित देशभर के सरोवरों का सौन्दर्यकरण हो रहा है। इससे हरियाली बढ़ेगी और पानी की उपलब्धता भी बढ़ेगी। अमृत सरोवर अभियान पानी की

- **पीएम मोदी के आव्हान पर शुरू हुआ अमृत सरोवर अभियान**

कमी को दूर करने में कारगर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर अभियान के तहत जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के सरोवरों का सौन्दर्यकरण, साफ सफाई, वृक्षारोपण और बैठने की व्यवस्था की जायेगी। इससे वातावरण शुद्ध होगा और क्षेत्रीय जनता को घूमने-फिरने के लिए स्थान मिलेगा साथ ही भविष्य में ये क्षेत्र पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित हो सकते है। इस दौरान भाजपा विधानसभा प्रभारी मुकेश गोयल, उत्तर मंडल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, सांगटेड़ा सरपंच व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सोनू चौधरी, कमलेश प्रजापति, राजेश जाँगल सहित ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# टोंक में नालों के हाल बेहाल, सफाई व्यवस्था ठप

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने सोमवार को टोंक शहर में नालों व सड़कों की सफाई व्यवस्था, जल भराव के स्थान, सीवरेज एवं जल वितरण के लिए प्रगति कार्यों आदि का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने कंकाली माता रोड, काली पलटन, छुट्टन का चौराहा, सआदतगंज, पांच बत्ती, मछली मार्केट, मुनीर खां की मस्जिद, बड़ा कुआं, गोल हवेली, मोतीबाग रोड, कुम्हारों की चौकी, धन्ना तलाई, बस स्टैण्ड रोड, हाउसिंग बोर्ड, पुरानी टोंक में पंचकुइया दरवाजा, देशवाली मोहल्ला, चूडीगरान मोहल्ला, बाबरों का चौक में निरीक्षण कर नालों की सफाई, मलबा व कीचड़ की सफाई करने के लिए नगर परिषद आयुक्त पूजा मीणा को निर्देश दिए।

आयुक्त पूजा मीणा ने कहा कि नालों की सफाई का कार्य प्रगतिरत है, जिसमें ओर तेजी लाई जाएगी।




जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने टोंक की सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ने बस स्टैण्ड रोड पर धन्ना तलाई के आगे जल भराव की उचित निकासी करने के लिए निर्देशित किया। गोल मस्जिद के पास अत्यधिक गन्दगी पर पक्का निर्माण कराए जाने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर को धन्ना तलाई में पार्षद मनीष बैरवा ने धन्नातलाई के ओवरफ्लों पानी की उचित निकासी नहीं होने की समस्या बताई। पार्षद ने

- **जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने किया निरीक्षण**

बताया इस कार्य के लिए दो बार 33 लाख के टेंडर हो चुके है।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने आरयूआईडीपी द्वारा प्रगति कार्यों को नियत समय पर पूरा नहीं करने पर आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता हरिसिंह मीना को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सब रजिस्ट्रार प्रहलाद सिंह भी मौजूद रहे। जबकि शहर के नालों के हाल बेहाल है। रजबन क्षेत्र में नालों की सफाई नहीं होने से यहां थोडी देर बरसात होने पर ही बाढ के हालात हो जाते हैं। नगर परिषद के पास पर्याप्त कर्मचारी होने के बावजूद सफाई नहीं हो रही है।

## सवाई सिंह का स्वागत किया

**पावटा, (निसं)।** भारतीय जनता मजदूर संघ द्वारा सवाई सिंह शेखावत को विराटनगर विधानसभा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत खेलना में पहुंचकर माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत करते हुए मिलकर मजदूरों के हित में संघर्ष करने का आव्हान किया।

वहीं कहा कि भारतीय जनता मजदूर संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद की गरिमा बनाये रखने के साथ ही पार्टी को विशेष योगदान देंगे तथा विचारधारा को आगे बढाने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करेंगे। जिस पर पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन कोटपुतली सुरेश गिठाला, पूर्व प्रधान बनवारीलाल स्वामी, पूर्व जिला पार्षद धूड सिंह शेखावत, सुंदर लाल जांगिड, हरिनारायण योगी, अशोक सेन फौजी, निरंजन शर्मा, विष्णु शर्मा, धर्मपाल सिंह, गजानंद शर्मा, रामवतार टांक, नवरत सिंह सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव, प्रदेश प्रभारी धारीवाल, प्रदेश अध्यक्ष लखन सिंह राठौड का भी आभार व्यक्त किया।

# मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा कृषि मंडी में संचालित क्रय-विक्रय सहकारी समिति की निगरानी में सरकारी कांटे पर समर्थन मूल्य पर चने की तुलाई के लिए पहुंचे किसानों के जिंस भीग जाने पर अव्यवस्थाओं को लेकर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रधान सकराम चौपडा की अगुवाही में एसडीएम कार्यालय पहुंचे किसानों ने अवगत करवाया कि केवीएसएस की निगरानी में संचालित सरकारी कांटे पर चने की तुलाई के लिए पहुंचे किसानों के जिन्सों के ढेर लगाने के लिए मंडी प्रशासन द्वारा बनाये गये प्लैटफार्म पर मंडी के व्यापारियों द्वारा खरीदे जिन्सों की बोरियों के ढेर लगे होने के कारण किसानों का माल खुले आसमान तले भीग जाने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही मंडी परिसर में किसानों के जिन्सों को बीच सड़क पर खुले आसमान तले ढेर लगाया जा रहा है। जिससे किसानों द्वारा कड़ी मेहनत से तैयार जिन्स भीग



मालपुरा कृषि मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जाने से खराब हो रहे हैं।

किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम रामकुमार वर्मा ने केवीएसएस व्यवस्थापक भंवरलाल विजय, मंडी एलडीसी मुकेश शर्मा, भंवर चौधरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष गोविन्द परतानी, मंडी समिति सदस्य व किसान प्रतिनिधि सुरेश शर्मा, किशन लाल फगोडिया की बैठक बुला समस्या समाधान को लेकर आवश्यक चर्चा कर निर्देश दिये।



मुझे कई बार तो ऐसा लगा कि मैं अपने अतीत के शानदार प्रदर्शन को कभी नहीं दोहरा पाउंगा। मुझे लगा कि मेरे शरीर की क्षमता कम हो गयी है। ऐसा लग रहा था कि मेरे शरीर में कुछ कमी है और यह बात मुझे मानसिक रूप से लगातार परेशान कर रही थी। **- बजरंग पूनिया**

**भारतीय पहलवान, स्वयं के बारे में।**

**आज का खिलाड़ी ▶ दीपिका कुमारी**



**तोक्यो** ओलंपिक में लचर प्रदर्शन के बाद टीम से बाहर स्टार भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे विश्व कप चरण तीन में भारत की ओर से वापसी के लिए तैयार हैं। पिछले साल इसी टूर्नामेंट में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के ठीक एक साल बाद 28 साल की दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी दीपिका तोक्यो खेलो में पदक जीतने में नाकाम रहने के बाद यहां पदक जीतकर मजबूत वापसी करने का प्रयास करेंगी। दो साल बाद इसी स्थल पर होने वाले ओलंपिक से दीपिका को अतिरिक्त प्रेरणा मिलेगी। इस भारतीय तीरंदाजी ने 2013 में यहां विश्व कप फाइनल में रजत पदक भी जीता था।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत जिसका राष्ट्रीय खेल हॉकी है, ने अभी तक सिर्फ एक बार हॉकी का विश्वकप (1976) जीता है।

# रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करेंगे शुभमन!



लीसेस्टर, 20 जून। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने अभ्यास शुरू कर दिया है। एक जुलाई को दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच खेला जाना है। उससे पहले टीम को लीसेस्टरशायर के खिलाफ चार दिन का अभ्यास मैच खेलना है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है।

भारतीय टेस्ट टीम के पिछले सप्ताह लंदन पहुंचने के बाद ट्रेनिंग सेशन में शामिल हुई थी। अब लीसेस्टर में 24 से 27 जून से काउंटी टीम के खिलाफ एक अभ्यास मैच से खेलेंगे।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें शर्मा और उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल नेट्स पर बल्लेबाजी करते हुए नजर आए। बीसीसीआई ने वीडियो के साथ लिखा, 'टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल हमारे नेट सत्र के पहले दिन भाग लेते हुए।' उपकप्तान केएल राहुल चोटिल होकर सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऐसे में रोहित के साथ गिल पारी की शुरुआत करेंगे।बीसीसीआई ने जो फोटो शेयर की हैं, उसमें तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और जसप्रीत बुमराह के साथ कमलेश नागरकोटी भी दिख रहे हैं।

माना जा रहा है कि 2018 अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य रहे नागरकोटी को नेट गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल किया गया है। जिससे संकेत मिलता है कि उन्हें नेट गेंदबाज के रूप में शामिल किया जा सकता था।भारत और इंग्लैंड के बीच पिछले साल स्थिगत हुए सीरीज का पांचवां टेस्ट 1 जुलाई से 5 जुलाई तक बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। भारत इस समय इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है। पिछले साल 10 सितंबर से मैनचेस्टर में होने वाला 5वां टेस्ट कोरोना की वजह से स्थिगित करना पड़ा था। इस बीच, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेने के बाद इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए हैं।

## छह विकेट की जीत के साथ इंग्लैंड ने सीरीज़ पर कब्ज़ा किया

एम्सटलवीन, 20 जून। सलामी बल्लेबाज़ जेसन रॉय (73) और फ़िलिप सॉल्ट (77) के अर्धशतकों ने इंग्लैंड को नीदरलैंड पर दूसरे एकदिवसीय मैच में छह विकेट से फतह दिलायी। इंग्लैंड ने इस जीत के साथ सीरीज पर भी कब्जा कर लिया। नीदरलैंड के एम्सटलवीन के वीआरए क्रिकेट ग्राउंड में हुए मैच को बारिश के कारण घटाकर 41 ओवर कर दिया गया, जिसमें नीदरलैंड ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी चुनी। डच टीम की ओर से अर्धशतक लगाने वाले एकलौते बल्लेबाज़ कप्तान स्कॉट एडवर्ड ने 73 गेंदों पर 78 रन बनाये। एडवर्ड ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाये। इसके अलावा लोगन वैन बीक (30) और शेन स्नेटर (17) ने अंत में 27 गेंदों पर 44 रन की तेज़ साझेदारी कर टीम को 235 रन तक पहुंचाया। 236 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉय और सॉल्ट ने पहले विकेट के लिये 17 ओवर में 139 रन की साझेदारी कर मैच पर इंग्लैंड की पकड़ मज़बूत कर दी। कप्तान इयोन मॉर्गन एक बार फिर शून्य पर आउट हो गये और लायम लिविंग्स्टन भी चार रन बनाकर पवेलियन लौट गये, लेकिन डेविड मलान (36) और मोईन अली (42) ने 37वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर इंग्लैंड को छह विकेट से जीत दिलायी।

# हॉलैंड बना प्रो लीग हॉकी चैंपियन, भारत को तीसरा स्थान



रोटरडम, 20 जून। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग हॉकी खिताब जीतने की उम्मीद रविवार को यहां दो चरण के मुकाबले के दूसरे मैच में हॉलैंड के खिलाफ 1-2 की हार के साथ टूट गई। भारत को शनिवार को पहले मैच में भी हॉलैंड से शूट आउट में 1-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी जबकि 60 मिनट के नियमित समय के बाद दोनों टीम 2-2 से बराबरी पर थी।

खिताब जीतने की मामूली उम्मीद बरकरार रखने के लिए भारत को हॉलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने की जरूरत थी लेकिन भारतीय टीम को कामयाबी नहीं मिली। हॉलैंड ने 14 मैच में 35 अंक के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता जबकि अभी दो मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। ओलिंपिक चैंपियन बेल्जियम की टीम 16 मैच में 35 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि भारत ने 16 मैच में 30 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

भारत ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और 30 सेकंड के भीतर ही अभिषेक के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। अभिषेक ने दाएं छोर से गेंद को कब्जे में लिया और चार डिफेंडर को पछाड़ने के बाद हॉलैंड के गोलकीपर मॉरिट्ज वाइसर को छकाकर गोल दाग दिया।हॉलैंड ने हालांकि सातवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जिप जेनसेन के गोल से बराबरी हासिल कर ली। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम हॉलैंडऔर चौथे नंबर की टीम भारत के बीच बराबरी के बाद कड़ा मुकाबला हुआ। हॉलैंड को 11वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने नाकाम कर दिया।

हॉलैंड को तीन और पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वे भारतीय डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। भारत को 16वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत सिंह गोल करने में विफल रहे। भारत को मध्यांतर से दो मिनट पहले भी लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इन्हें गोल में नहीं बदल सकी। तीसरे क्वॉर्टर में 45वें मिनट में जोरिट क्रून ने नीदरलैंड को 2-1 से आगे कर दिया। भारत को इसके बाद गोल करने के कई मौके मिले लेकिन उसके खिलाड़ी वाइसर को छका नहीं पाए।

## कार्तिक को एक 'विशेष काम' के लिये टीम में शामिल किया गया है : द्रविड़

बेंगलुरू, 20 जून। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने टीम में दिनेश कार्तिक की भूमिका के बारे में कहा है कि उन्हें एक बहुत ही विशिष्ट कौशल के लिए चुना गया है।

अनुभवी बल्लेबाज़ कार्तिक ने राजकोट में खेले गये चौथे टी20 में शानदार अर्धशतक (27 में 55 रन) और श्रृंखला के दौरान दो नाबाद पारियों के साथ अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। वह सबसे छोटे प्रारूप में अर्धशतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय बल्लेबाज भी बने। द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज़ का पांचवा और अंतिम मैच बारिश में धुलने के बाद कहा, उन्हें (कार्तिक) एक बहुत ही विशिष्ट कौशल के लिए चुना गया है और उन्हें पिछले दो या तीन वर्षों में विशेष रूप से अच्छा प्रदर्शन करने के आधार पर चुना गया है।

## राष्ट्रमंडल खेलों में मनप्रीत करेंगे कप्तानी

नयी दिल्ली, 20 जून। हॉकी इंडिया ने 29 जुलाई से बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिये 18-सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा सोमवार को की। राष्ट्रमंडल खेलों के लिये भारत को इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ पूल बी में रखा गया है। भारत का पहला मैच 31 जुलाई को घाना के विरुद्ध होगा।

टीम की कप्तानी मनप्रीत सिंह करेंगे जो अपनी कप्तानी में पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक जिता चुके हैं। टीम में अनुभवी गोलकीपर के साथ कृष्ण बी पाठक को शामिल किया गया है, जो चोट से उबर कर टीम में वापसी कर रहे हैं। डिफ़ेंडर वरुण कुमार, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास , जुगराज सिंह और जरमनप्रीत सिंह को टीम में जगह दी गयी है।

मिडफ़ील्ड में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह और नीलकांत शर्मा का अनुभव शामिल है। साथ ही मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह और अभिषेक जैसे अनुभवी स्ट्राइकर अगला मोर्चा संभालेंगे। गोल्ड कोस्ट में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत चौथे स्थान पर रहा था। इस साल एफआईएच प्रो लीग में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद उम्मीद की जा रही है कि भारतीय टीम बर्मिंघम में सफलता का परचम लहरायेगी। टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने टीम चयन के बारे में कहा, हमने राष्ट्रमंडल खेलों के लिये आज़माई हुई टीम चुनी है।

## दिल्ली टी 20 मैच से हुई लगभग पांच करोड़ की कमाई

नयी दिल्ली, 20 जून। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए पहले टी 20 मुकाबले से लगभग पांच करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई हुई है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के निदेशक हरीश सिंगला ने बताया कि इस मैच से लगभग पांच करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई हुई है। सिंगला ने बताया कि इसमें डीडीसीए के युवा अध्यक्ष रोहन जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष डॉ सीके खन्ना की सलाह और अध्यक्ष की सीरीज का पहला मैच पाने की पहल की सराहना की जानी चाहिए।

## भारत ने जीता एक कि.मी. टाइम ट्रायल का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक

नयी दिल्ली, 20 जून। रोनाल्डो सिंह ने सोमवार को एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतते हुए भारत को एक किमी टाइम ट्रायल प्रतियोगिता का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक दिलाया।पांच दिन की प्रतियोगिता के तीसरे दिन की समाप्ति तक भारत ने 20 पदक जीत लिये हैं।

विश्व जूनियर चैम्पियन और एशिया के रिकॉर्ड होल्डर रोनाल्डो सिंह लैटोनजाम ने 58.254 किमी/घंटा की रफ्तार से साइकिलिंग करते हुए 1:01.798 के समय में रेस को पूरा किया। उन्होंने पुरुषों की सीनियर श्रेणी की एक किमी टाइम ट्रायल प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया, जो इस प्रतियोगिता में उनका और भारत का पहला पदक है। जापान के युटा बोरा ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि मलेशिया के मोहम्मद फाज़िल ने रजत पदक जीता।

रोनाल्डो ने रेस में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद कहा, मैं यहां स्वर्ण जीतने आया था लेकिन मुझे कांस्य से संतोष करना पड़ा। मैंने अपने पिछले साल के प्रदर्शन को दोहराया, जो स्वर्ण के लिये काफी नहीं रहा। अपने पदक का 'रंग बदलने' के लिये मुझे अपनी तकनीक पर ध्यान देना होगा।

रोनाल्डो ने अपनी ओलंपिक योजनाओं के बारे में कहा, मैं भारत के लिये स्प्रिंट में एक टीम तैयार करना चाहूंगा, क्योंकि हम पहले ही इसमें एक विश्व जूनियर पदक जीत चुके हैं। इससे भारतीय साइक्लिंग टीम को ज्यादा मौका मिलेगा, जिससे एक राष्ट्र के रूप में हमारे प्रदर्शन में विविधता आएगी।

## मिताली राज पर बनी बायोपिक शाबाश मितु का ट्रेलर रिलीज



मुम्बई, 20 जून। पिछले दिनों क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान व दिग्गज क्रिकेटर मिताली राज के ऊपर बनी बायोपिक शाबाश मितु का ट्रेलर आउट हो गया है। यह फिल्म 15 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। तापसी पन्नू अभिनीत इस फिल्म को लेकर दर्शकों के साथ-साथ खेल जगत में भी खूब उत्सुकता बनी हुई है। 20 जून को वायकॉम 18 द्वारा जारी किए गए फिल्म के आधिकारिक ट्रेलर के बाद, सोशल मीडिया यूजर्स के लिए शाबाश मितु चर्चा का विषय बन गई है। ट्रेलर रिलीज के कुछ घंटे के अंदर ही इसे लगभग 20 लाख लोग देख चुके हैं। वहीं, इंडियन वीमेन क्रिकेट टीम की बल्लेबाज मोना मेशराम ने भी फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की है। उन्होंने स्वदेशी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफार्म कू ऐप पर फिल्म का ट्रेलर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ''इसे फिल्म में देखने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती.. ट्रेलर बहुत ही आशाजनक है।

# दिनेश कार्तिक ने किया कमाल तो वहीं भुवनेश्वर ने दिखाई अपनी क्लास

मुम्बई, 20 जून। दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ में 0-2 से पिछड़ने के बाद भारत ने 2-2 से बराबरी की और फिर अंतिम मुक़ाबला बारिश के कारण धुल गया। चार महीने बाद खेले जाने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस सीरीज़ में भारत का ध्यान नतीजों से ज़्यादा विश्व कप की तैयारियों पर था। इस बात को ध्यान में रखते हुए नज़र डालते हैं इस सीरीज़ में भारत के सकारात्मक पहलुओं पर।

**कार्तिक का कमाल जारी रहा:** आईपीएल सीज़न में धूम मचाने के बाद दिनेश कार्तिक को भारतीय टीम में चुना गया। यह एक स्पष्ट भूमिका थी - अंतिम पांच ओवरों में जमकर बरसने की। सवाल यह था कि क्या वह आईपीएल में किए कारनामों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जारी रख पाएंगे। भारत ने उनका इस्तेमाल पारी के अंतिम क्षणों में ही किया। कटक में खेले गए दूसरे मैच में उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अक्षर पटेल को उनसे आगे भेजा। कार्तिक ने निराश नहीं किया और मुश्किल पिच पर धीमी शुरुआत के बावजूद 21 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए।

उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राजकोट में खेले गए चौथे मैच में आया जहां उन्होंने 27 गेंदों पर 55 रन बनाकर भारत को मैच जिताऊ स्कोर तक पहुंचाया। इस सीरीज़ में 158.62 का उनका स्ट्राइक दूसरा सर्वश्रेष्ठ था। विश्व कप में अब भी थोड़ा समय है लेकिन कार्तिक के शानदार प्रदर्शन का अर्थ यह है कि राहुल द्रविड़ का समर्थन होने के बावजूद एकादश में ऋषभ पंत के स्थान पर ख़तरा मंडरा रहा है।

**बैकअप ओपनर की दौड़ में इशान आगे:** पहले टी20 मैच से पहले केएल राहुल के चोटिल और सीरीज़ से बाहर होने के बाद इशान किशन और ऋतुराज गायकवाड़ ने पारी की शुरुआत की। रणनीति आक्रामक क्रिकेट खेलने की थी और इसलिए दोनों ने हावी होने का प्रयास किया। स्पिन के ख़िलाफ़ इशान ने 39 गेंदों पर 91 रन बनाए लेकिन तेज़ गेंदबाज़ी के विरुद्ध 98 गेंदों पर उनके बल्ले से केवल 115 रन निकले। कुल मिलाकर इस सीरीज़ में उन्होंने 150.36 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 206 रन बनाए।

गायकवाड़ को तेज़ गेंदबाज़ी रास आती है और यह इस सीरीज़ में उनके स्ट्राइक रेट में साफ़ नज़र आया - पेस के ख़िलाफ़ 133.33 और स्पिन के ख़िलाफ़ 120। हालांकि जब गेंद ने हरकत की, वह परेशानी में नज़र आए। कभी-कभी तो वह शॉट खेलने में देरी कर बैठे। 57 रनों की एक पारी समेत केवल 96 रन बनाने के बाद यह लग रहा है कि बैकअप ओपनर की दौड़ में इशान उनसे काफ़ी आगे हैं।

**नई गेंद के साथ भुवी ने दिखाई अपनी क्लास:** जसप्रीत बुमराह की ग़ैरमौजूदगी में भुवनेश्वर कुमार ने भारतीय पेस आक्रमण का नेतृत्व किया और प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ बने। उन्होंने नई गेंद को दोनों तरफ़ स्विंग करवाते हुए बल्लेबाज़ों को शांत रखा। पहले मैच में महंगे साबित होने के बाद उन्होंने बाक़ी बचे मैचों में छह से भी कम के दर से गेंदबाज़ी की। उन्होंने 6.07 की इकॉनमी के साथ इस सीरीज़ में संयुक्त रूप से सर्वाधिक छह विकेट झटके।

दक्षिण अफ्रीका के कोच मार्क बाउचर ने अंतिम टी20 के बाद कहा था, ''भुवी इस सीरीज़ में अद्भुत थे और उन्होंने पावरप्ले में हम पर दबाव बनाया।'' टी20 विश्व कप के लिए 18 से 20 खिलाड़ियों का समूह तैयार कर रही भारतीय टीम में भुवनेश्वर ने बुमराह और हर्षल पटेल के बाद तीसरे तेज़ गेंदबाज़ के स्थान के लिए अपनी दावेदारी को और मज़बूत किया हैं।

**श्रेयस ने किया निराश:** मध्य क्रम में एक ख़ाली स्थान के लिए कई दावेदार होने के बावजूद श्रेयस अय्यर को पांच मौके दिए गए। 123.68 के स्ट्राइक रेट से केवल 94 रन बनाते हुए वह इस सुनहरे अवसर का लाभ नहीं उठा पाए।कटक में वह मुश्किल पिच पर फंस गए और 35 गेंद खेलते हुए 40 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीकी तेज़ गेंदबाज़ों ने शॉर्ट ऑफ़ लेंथ गेंदों पर उनकी कमज़ोरी का पूरा फ़ायदा उठाया। यह कमज़ोरी चिंता का कारण बनेगी क्योंकि विश्व कप ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना है जहां तेज़ गति और उछाल से भरी पिच देखने को मिलेगी। आयरलैंड सीरीज़ में सूर्यकुमार यादव की वापसी के मद्देनज़र श्रेयस के लिए चीज़ें कठिन नज़र आ रही है।

**ऑलराउंडर हार्दिक:** हार्दिक पांड्या आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस के विजयी अभियान की मुख्य कड़ी थे। जहां इस सीरीज़ में उन्होंने ज़्यादा सुर्ख़ियां नहीं बटोरी, बल्ले के साथ वह लय में नज़र आए। गुजरात के लिए तीसरे और चौथे स्थान पर खेलने के बाद भारतीय टीम में वह फ़िनिशर की भूमिका में लौटे। चार पारियों में तीन बार उन्होंने 30 से अधिक रन बनाए और उनका कुल स्ट्राइक रेट 153.94 का रहा। गेंद के साथ वह महंगे साबित हुए लेकिन भारत इस बात से ख़ुश होगा कि उन्होंने बिना किसी परेशानी के चार पारियों में पांच ओवर फेंके।


### ऋण वसूली प्राधीकरण

**पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015**

**केस नं. ओए/627/2021**

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

**ईएक्सएच.सं. 5478**

**आईडीएफसी बैंक लि.**
**बनाम**
**अग्रवाल जैम्स**

**प्रेषित,**

1. **अग्रवाल जैम्स, डी/डब्ल्यू/एस/ओ- श्री वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा प्रोपराइटर श्री वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल, कार्यालय दुकान नं. 129, जौहरी बाजार, एलएमबी के पास, जयपुर, राजस्थान-302003**
2. **श्रीमती रिन्कू अग्रवाल पत्नी श्री वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल, निवासी ए-166, मालवीया नगर, साई मार्ग, जयपुर, राजस्थान-302017**

**सम्मन**

जैसा कि, ओए/627/2021 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 25.05.2022 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 3218808/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन/नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(iii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब 4 दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 18.08.2022 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 01.06.2022 को जारी किया गया।**

**रजिस्ट्रार**
**ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर**

### ऋण वसूली प्राधीकरण

**पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015**

**केस नं. ओए/628 ,2021**

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

**ईएसएच.नं. 5494**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.**
**बनाम**
**जेटी इन्टरनेशनल**

**प्रेषित,**

1. **जेटी इन्टरनेशनल डी/डब्ल्यू/एस/ओ-श्रीमती शालिनी तोमर द्वारा प्रोपराइटर श्रीमती शालिनी तोमर, कार्यालय 23/14, स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान-302020**
2. **श्री रविन्द्र सिंह तोमर पुत्र श्री कैलाश चन्द तोमर, निवासी 23/14, स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान-302020**

**सम्मन**

जैसा कि, ओए/627/2021 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 21.05.2022 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 2835693/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन/नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(iii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब 4 दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 18.08.2022 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 01.06.2022 को जारी किया गया।**

**रजिस्ट्रार**
**ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर**

### ऋण वसूली प्राधीकरण

**पहली मंजिल, सुधर्मा 11, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015**

**केस नं. ओए/608 ,2021**

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

**ईएसएच.नं. 5486**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.**
**बनाम**
**एक्जीक्यूटिव कैब्स**

**प्रेषित,**

**रमेश कुमार मानावत पुत्र जगदीश प्रसाद मानावत, निवासी शिवानन्दपुरी, महापुरा, जयपुर, राजस्थान-302026 एक्जीक्यूटिव कैब्स द्वारा पार्टनर अब्दुल खालिद खान और रमेश कुमार मानावत, कार्यालय 97, जगन्नाथपुरी, कलवाड रोड, झोटवाडा, जयपुर-302012 अब्दुल खालिद खान पुत्र श्री अब्दुल वहीद खान, प्लाट नं. 77, संजय नगर-बी, पानी की टंकी के पास, कलवाड रोड, जयपुर-302012**

**सम्मन**

जैसा कि, ओए/627/2021 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 13.05.2022 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 2390778/- (आवेदन तथा दस्तावेजो की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन/नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(iii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब 4 दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 07.09.2022 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 01.06.2022 को जारी किया गया।**

**रजिस्ट्रार**
**ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर**




*लंदन में ईंटों से बनी कई पुरानी इमारतें की खिड़कियों के नीचे ''ऐन्शन्ट लाइट्स'' लिखा हुआ है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है एल्बेमार्ल वे पर बने घरों की पिछली खिड़कियां। लंदन के अलावा डॉरसैट, कैंट व इंगलैण्ड में कई जगह ये साइन देखे जा सकते हैं। असल में ''ऐन्शन्ट लाइट्स'' और ''राइट टु लाइट'' एक ब्रिटिश प्रॉपर्टी लॉ है, जो गृह स्वामी को खिड़की से प्राकृतिक रौशनी प्राप्त करने का अधिकार देता है। अगर एक घर की किसी भी खिड़की से 20 साल से निर्बाध रुप से प्राकृतिक रौशनी आ रही है तो उस व्यक्ति को ऐन्शन्ट लाइट्स का अधिकार मिल जाता है। ऐसे में समीपवर्ती भूखण्ड का स्वामी बिल्डिग बनाकर, दीवार उठाकर या पेड़ लगाकर उस रौशनी को बाधित नहीं कर सकता। पूर्व में जिन लोगों के पास राइट टु लाइट होता था वो प्रकाश में बाधा पहुंचाने के नाम पर पड़ौसी पर केस कर देते थे और जीत भी जाते थे। कॉलिन्स डिक्शनरी ऑफ लॉ के अनुसार अगर किसी व्यक्ति को लगता था कि उसे पूर्व की तरह निर्बाध रुप से प्रकाश नहीं मिल रहा है तो वह पड़ौसी पर केस कर सकता था, लेकिन रौशनी की मात्रा कितनी हो यह स्पष्ट नहीं था। इससे इस क्षेत्र में कई विशेषज्ञ व विशिष्ट गवाह पैदा हो गए, जो बताते थे कि रौशनी पर्याप्त है या नहीं और कोर्ट उन पर भरोसा भी करता था। यह कानून 1663 में बना था पर इसका वर्तमान स्वरुप प्रिस्क्रिप्शन एक्ट 1832 पर आधारित है।*

# राहुल गांधी से चौथी बार भी लंबी पूछताछ हुई

## ई.डी ने मंगलवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया

नई दिल्ली, 20 जून। नैशनल हैरल्ड मामले में पिछले सप्ताह लगातार तीन दिन की पूछताछ के बाद सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से ई.डी. ने फिर पूछताछ की। उन्हें मंगलवार को फिर पूछताछ में शामिल होने को कहा गया है।

राहुल गांधी सी.आर.पी.एफ. जवानों की ''जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा के साथ सुबह 11 बजकर करीब पांच मिनट पर मध्य दिल्ली में एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित ई.डी. मुख्यालय पहुंचे थे। एक दिन पहले ही राहुल गांधी का 52वां जन्मदिन था। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय के आसपास पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भारी संख्या में तैनात किया गया है और धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है। राहुल गांधी करीब तीन बजकर 30 मिनट पर लंच के लिए ई.डी. दफ्तर से बाहर निकले और लगभग एक घंटे के बाद फिर ई.डी. कार्यालय पहुंचे थे।

पिछले सप्ताह सोमवार, मंगलवार और बुधवार को लगातार तीन दिन

- **सोनिया गांधी को भी सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिली अब देखना है कि, मैडिकल आधार पर उन्हें पूछताछ से कुछ दिनों की छूट मिलेगी अथवा नहीं**
- **पिछले सप्ताह सोमवार, मंगलवार और बुधवार को लगातार तीन दिन ईडी के अधिकारियों ने 52 वर्षीय राहुल गांधी से 30 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।**
- **सोमवार को भी राहुल गांधी से करीब 7 से 8घंटे से ज्यादा पूछताछ हुई, इस तरह उनसे कुल मिलाकर 37 से 38 घंटों की पूछताछ हो चुकी है।**

ई.डी. के अधिकारियों ने 52 वर्षीय राहुल गांधी से 30 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी, जिस दौरान धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पी.एम.एल.ए.) के तहत उनके बयान दर्ज किये गए थे। गौरतलब है कि, राहुल गांधी को गत शुक्रवार को फिर से ई.डी. के समक्ष पेश होना था, लेकिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने अपनी मां सोनिया गांधी के बीमार होने के कारण ई.डी. के जांच अधिकारी को पत्र लिख कर उन्हें शुक्रवार (17 जून) के लिए निर्धारित पूछताछ से छूट देने का अनुरोध किया था। ई.डी. ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया था और 20 जून को पेश होने के लिए कहा था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को कोविड-19 से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ई.डी. ने सोनिया गांधी को इसी मामले में 23 जून को तलब किया है। समझा जाता है कि 'यंग इंडियन' की स्थापना, 'नैशनल हैरल्ड' के संचालन और असोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (ए.जे.एल.) को कांग्रेस द्वारा दिए गए कर्ज व मीडिया संस्था के भीतर धन के हस्तांतरण से जुड़े सवाल राहुल गांधी से पूछे गए गए हैं। 'यंग इंडियन' के शेयरहोल्डर में सोनिया गांधी व राहुल गांधी सहित कांग्रेस के कुछ अन्य नेता शामिल हैं।

### पवार फारूख ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाते करते हैं कि भाजपा आर.एस.एस. गठजोड, जो संविधान को कमज़ोर कर रहा है, का मुकाबला करने के लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुट होना होगा।

वर्ष 2017 में भी विपक्षी खेमा गोपाल कृष्ण गांधी को प्रत्याशी बनाना चाहता था, पर एन.डी.ए. ने रामनाथ कोविंद को प्रत्याशी बना दिया तो विपक्ष को पुनर्विचार करना पडा और कोविंद की ही तरह दलित नेता मीरा कुमार को विपक्ष ने प्रत्याशी बनाया।

### अग्निपथ स्कीम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बार हुआ था। लेकिन उत्तर प्रदेश की कहानी की गहराई में जाकर ही, असलियत मालूम पड़ेगी। उत्तर प्रदेश के चुनावों में भाजपा के विधायकों की संख्या में 57 की कमी आ गई, जबकि सपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 64 सीटें ज्यादा मिलीं। इसलिये यह मान लेना गलत होगा कि उत्तर प्रदेश के चुनावों में किसान आंदोलन का कोई प्रभाव नहीं रहा। भाजपा संगरूर, आज़मगढ़ तथा रामपुर के तीन लोकसभा चुनाव हार सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता जिन दिनों शिखर पर थी, उस समय ये सीटें परम्परानुसार विपक्ष के पास रहीं। किन्तु इन सीटों पर जीत का अंतर ही यह तय करेगा कि अग्निपथ योजना के प्रधानमंत्री की लोकप्रियता प्रभावित हुई है या नहीं।

जहाँ किसान आन्दोलन का नेतृत्व संयुक्त किसान मोर्चा कर रहा था, वहीं युवा-आन्दोलन अधिकांशत: नेतृत्व विहीन है तथा इसलिये उनके साथ समझौता वार्ता कर पाना भी सरकार के लिये मुश्किल है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ज्यादातर अँधेरे में तीर चलाते नज़र आ रहे हैं। उन्होंने कुछ घोषणाएं भी की है, जैसे- भर्ती की उम्र बढ़ाना तथा अग्निवीरों को अर्द्धसैनिक बलों में 10 प्रतिशत आरक्षण देना। अग्निपथ भर्ती योजना के अगले माह शुरू होने के साथ ही यह सम्भव है कि बहुत से युवा भर्ती केन्द्रों की ओर उन्मुख हो जायेंगे। लेकिन, भाजपा को असली और बड़ा डर यह है कि युवा, जो प्रधानमंत्री के जबरदस्त एवं भावुक समर्थक हैं, भाजपा से दूर छिटक सकते है।

# 'कुछ परिवर्तन शुरुआत में बुरे लगते हैं, लेकिन वक्त आने पर देश को बड़ा फायदा पहुँचाते हैं'

## प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी को इशारों-इशारों में अग्निपथ योजना का समर्थन है

नई दिल्ली, 20 जून। देश में अग्निपथ स्कीम को लेकर छिड़े विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ फैसले और सुधार भले ही शुरुआत में खराब लगते हैं, लेकिन लंबे वक्त में उनसे देश को फायदा होता है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इशारों-इशारों में यह टिप्पणी अग्निपथ स्कीम को लेकर की है।

उन्होंने कहा कि, कई फैसले और सुधार तात्कालिक रूप से अप्रिय लग सकते हैं, लेकिन लंबे समय में उसके लाभ देश अनुभव करता है। हमने स्पेस और डिफेंस जैसे कई सेक्टर्स को देश के युवाओं के लिए खोल दिया है, जिनमें दशकों तक सरकार का ही एकाधिकार था। आज हम देश के युवाओं से कह रहे हैं कि सरकार ने जो वर्ल्ड क्लास सुविधाएं बनाई हैं, उनमें अपने विजन और प्रतिभा को टैस्ट करें। हम दुनिया के साथ तभी मुकाबला कर पाएंगे, जब सभी को समान अवसर दिए जाएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु की विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जिन कामों को 40 साल पहले पूरा हो जाना था, वे आज तक लंबित हैं और अब ये मेरे हिस्से आए हैं। आप लोगों ने मुझे मौका दिया है और अब मैं समय गंवाना नहीं चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जब आसपास के इलाके रैपिड रेल से जुड़ जाएंगे तो उससे

- **प्रधानमंत्री मोदी ने बैंगलुरु में करीब 39 हजार करोड़ रु. की विकास परियोजनाओं के उद्धघाटन के वक्त यह बात कही।**

बेंगलुरु में जाम समेत तमाम समस्याएं खत्म हो जाएंगी। इसके अलावा नैशनल हाईवे और स्टेट हाईवेज का हमने जो शिलान्यास किया है, उनके निर्माण के बाद बड़ी संख्या में गाड़ियों को बेंगलुरु आना ही नहीं पड़ेगा। इससे सफर भी आसान होगा और बेंगलुरु की व्यवस्था भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि बीते 8 सालों में हमने रेलवे के अनुभव को पूरी तरह बदल दिया है। अब भारतीय रेल तेज भी है, स्वच्छ भी है और आधुनिक भी हो रही है। इसके अलावा सुरक्षित भी है और सिटिजन फ्रेंडली भी हो रही है। हमने देश के उन हिस्सों में भी रेल को पहुंचाया है, जहां इसके बारे में सोचना तक मुश्किल था। कर्नाटक में भी 1,200 किलोमीटर से ज्यादा की रेल लाइन या तो नई बनी है या फिर विस्तार हुआ है। अब हवाई यात्रा और एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं अब रेलवे भी दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बेंगलुरु के एम. विश्वेश्वरैया रेलवे स्टेशन पर तो लोग पर्यटन के लिए जाते हैं। यहां तक कि युवाओं में तो सेल्फी की होड़ रहती है। करोना के समय बेंगलुरु में बैठे युवाओं ने पूरी दुनिया को संभालने में मदद की है। बेंगलुरु ने दिखा दिया है कि यदि सरकार अवसर दे तो भारत का युवा क्या नहीं कर सकता है। बेंगलुरु देश के युवाओं के सपनों का शहर और इसके पीछे उद्यमशीलता और इनोवेशन है। बेंगलुरु उन लोगों को अपना माइंडसेट बदलने की सीख भी देता है, जो अभी भी भारत के प्राइवेट सेक्टर को भद्दे शब्दों से संबोधित करते हैं। देश की शक्ति को करोड़ों लोगों के सामर्थ्य को सत्तावादी मानसिकता के लोग कमतर आंकते हैं। 21वीं सदी का भारत वेल्थ क्रिएटर्स और जॉब क्रिएटर्स का है। इस ताकत को प्रमोट करने के लिए जो प्रयास बीते 8 सालों में हुए हैं, उनकी चर्चा तो होती है, लेकिन बहुत सीमित दायरे में होती है। भारत में खेती के बाद सबसे बड़ा सेक्टर एम.एस.एम.ई. है। लेकिन हमारे यहां इसकी परिभाषा ही ऐसी रखी गई थी कि वे खुद का विस्तार करना चाहते थे तो उनका नुकसान होता था। इसलिए वे खुद को छोटे उपक्रम की ओर ले जाते थे। ऐसे में हमने उसकी परिभाषा को ही बदल दिया ताकि वे अपना विस्तार कर सकें।

# थलसेना ने अग्निपथ भर्ती की अधिसूचना जारी की

## 6 कैटिगिरी में अग्निवीरों की भर्ती की जायेगी

नई दिल्ली 20 जून (वार्ता)। तीनों सेनाओं में जवानों की भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना के देशव्यापी विरोध के बीच सेना ने आज इस योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी।

- **अधिसूचना के अनुसार 6 कैटिगिरी में सेना की जनरल ड्यूटी, टैक्निकल स्टाफ, क्लर्क, स्टोर कीपर और ट्रेडमैन आदि की भर्ती प्रक्रिया आगामी जुलाई से शुरू हो जायेगी।**
- **सेना में अग्निवीरों की भर्ती दो चरण में की जाएगी। पहले चरण में आगामी दिसंबर के पहले सप्ताह में 25000 तथा अगले वर्ष 23 फरवरी तक दूसरे चरण में 21000 अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी।**

यह अधिसूचना सोमवार को सेना की वेबसाइट पर जारी की गयी है और इसमें अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित सेवा शर्तों तथा भर्ती रैलियों के बारे में जानकारी दी गयी है।

अधिसूचना के अनुसार जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क, स्टोर कीपर और ट्रेडमेन आदि की भर्ती प्रक्रिया आगामी जुलाई से शुरू हो जायेगी।

सेना की योजना है कि आगामी अगस्त के पहले पखवाड़े में अग्निवीरों की भर्ती के लिए पहली भर्ती रैली का आयोजन किया जाना है। इसके बाद उम्मीदवारों का शारीरिक और चिकित्सा परीक्षण के बाद उनकी लिखित परीक्षा ली जाएगी। सेना में अग्निवीरों की भर्ती दो चरण में की जाएगी। पहले चरण में आगामी दिसंबर के पहले सप्ताह में 25000 तथा अगले वर्ष 23 फरवरी तक दूसरे चरण में 21000 अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी।

नौसेना और वायु सेना की ओर से भी इसी सप्ताह अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जायेगी।

### जनरल रावत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुख्य विपक्षी पार्टी के नेताओं पर लाठीचार्ज किया। माकन ने कहा कि सेना में नियमित भर्ती की जगह अग्निपथ योजना को थोपने का प्रयास देश के पहले चीफ ऑफ डिफैंस स्टाफ बिपिन रावत का अपमान है, वे चाहते थे कि सेना का सबसे छोटी रैंक का जवान, जो 17 साल में रिटायर हो जाता है, 58 साल तक सेवा में रहे, उन्होंने यह प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि, अग्निपथ योजना में चार साल की सेवा के बाद युवा को बहुत कम उम्र में ही रिटायर कर दिया जाएगा। ''नो रैंक-नो पैंशन'' की यह योजना स्व.जनरल रावत की सोच के खिलाफ है। रावत ने 10 नवम्बर 2020 को एक सर्कुलर जारी किया था जिसमें कर्नल रैंक की सेवा निवृति आयू 57 वर्ष, ब्रिगेडियर व समकक्ष की 58 वर्ष और मेजर जनरल व समकक्ष की आयू 59 वर्ष करने की बात कही गई थी।

# 'जेल में कैद एक साधारण...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लाखों लोगों का है। इस प्रकार के भेदभाव के बारे में निर्णय नहीं किया गया है, इसलिये हम इसकी और गहराई में जायेंगे।'' न्यायमूर्ति रविकुमार ने कहा, ''इस महत्वपूर्ण प्रश्न को मद्देनजर रखते हुये, हम यह कह रहे हैं कि इस प्रश्न पर और अधिक चिन्तन-मनन की जरूरत है।'' न्यायमूर्ति धूलिया ने तर्क दिया, ''एक व्यक्ति निर्वाचित तो हुआ है, लेकिन वोट नहीं दे सकता। यह कुछ अलोकतांत्रिक है। हमने अभी पक्का निर्णय नहीं लिया है। लेकिन यह कुछ अलोकतांत्रिक तो है।''

इसलिये, शीर्ष अदालत ने नोटिस जारी करने की कार्यवाही तो की, लेकिन कोई अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिये।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ''दलीलों में यह बात सामने आई कि धारा 62 (5) की व्याख्या को लेकर, विचारों और दृष्टिकोणों में टकराव तो है। इसलिये हम इस पर विस्तृत सुनवाई करेंगे। लेकिन कोई अंतरिम राहत नहीं दी जायेगी।''

देशमुख, जो न्यायिक हिरासत में हैं, ई.डी. द्वारा की गई जाँच में, भ्रष्टाचार के एक मामले के मुख्य आरोपी हैं। जब एक अदालत निर्देशित जाँच के बाद, जब सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सी.बी.आई.) ने एफ.आई.आर. दर्ज कराई उसमें भी इन्हें मुख्य आरोपी बताया गया था। मलिक भी प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट (पी.एम. एल.ए.) के तहत एक मनी लॉन्डरिंग केस, जिसमें अन्डरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम भी लिप्त है, से कथित रूप से जुड़े होने के कारण इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। ये दोनों पूर्व मंत्री इस आधार पर उच्च न्यायालय गये थे कि चूँकि वे विधानसभा सदस्य हैं, इसलिये उन्हें विधान परिषद के चुनावों में वोट देने का अवसर दिया जाना चाहिये।

इन दोनों वादियों का कहना था कि उच्चन्यायालयों के पास ऐसे व्यापक विवेकाधीन अधिकार हैं कि वे कैदियों द्वारा चुनावों में वोट डालने के विषय में रिप्रजेन्टेशन ऑफ पीपुल एक्ट की धारा 62 (5) के तहत कानूनी प्रतिरोध को दरकिनार कर सकें। सर्वोच्च न्यायालय में वादियों की तरफ से प्रस्तुत हुई वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने दलील दी कि एम.एल.सी. के चुनावों में इन दोनों को मतदान से रोकना उन सभी मतदाताओं के अधिकारों को बहुत ज्यादा प्रभावित करेगा, जिन्होंने इन दोनों विधायकों को चुना था।

उन्होंने कहा, ''जनता ने मुझे (चुनकर) विधानसभा में भेजा है। मैं उनकी पसंद तथा विधानसभा के निर्णयों के मामले में उनका प्रतिनित्व करती हूँ। अगर मुझे वोट देने के मेरे अधिकार से वंचित किया जाता है, तो जिन लोगों ने मुझे वोट दिये थे, उनका अधिकार भी छीना जा चुका होगा।''

प्रवर्तन निदेशालय की ओर से उपस्थित हुये सॉलिसिटर जनरल (एस.जी) तुषार मेहता ने कहा कि धारा 62 (5) के तहत, सम्बंधित विषेध या प्रतिरोध विधायकों पर भी लागू होता है।

एस.जी. ने कहा, ''यह निषेध विधायकों पर भी लागू होता है। कुछ तर्काधारित प्रतिबंधों की कसोटी पर तो मौलिक अधिकार तक में कटौती की जा सकती है।'' अरोड़ा ने जवाब दिया, ''जेल में बंद किसी अपराधी एवं किसी विधायक के बीच फर्क होता है। अदालत को यह विभेदीकरण करना ही चाहिये तथा सबको एक ही लाठी से नहीं हाँका जा सकता।'' अदालत ने कहा कि अदालत ऐन वक्त पर कोई राहत नहीं दे सकती, लेकिन अदालत इस कानून का परीक्षण करने, इसकी गहराई में जाने के लिये सहमत हो गई। न्यायमूर्ति रवि कुमार ने कहा, ''प्रथम दृष्टया, अगर आप पुलिस हिरासत में हैं, तो आप (वोट देने के) हकदार नहीं हैं। यहां आप न्यायिक हिरासत में है।'' न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, ''आप धारा 62 को पढ़ें। कानून कोई फर्क नहीं करता। क्या कोई कानून ऐसा अंतर करता है। हम इस प्रकार की चीजों में छल-कपट नहीं कर सकते। काश! आपने हमें कुछ और समय दिया होता।'' किन्तु उच्च न्यायालय के एकल जज, न्यायमूर्ति एन.जे. जमादार ने उनकी याचिकाओं को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि अदालतें साधारणत: उस समय तक, विधानसभा सदस्यों को विधान परिषद के चुनावों में वोट डालने के मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकती तथा अनुमति प्रदान नहीं कर सकतीं, जब तक कि ऐसे बहुत से विधानसभा सदस्य इसलिये जेल में न डाल दिये गये हों कि उन्हें इस बहाने वोट डालने से रोका जा सके।

## अमेरिका में एक सार्वजनिक प्रोग्राम के दौरान फिर गोलीबारी

वाशिंगटन, 20 जून (वार्ता)। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डी.सी. में हुई गोलीबारी में एक नाबालिग की मौत हो गई है और एक पुलिस अधिकारी समेत कई अन्य घायल हो गए हैं।

गोलीबारी की घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार शाम करीब छह बजे मोएचेला संस्कृति कार्यक्रम के सिलसिले में एक 'अनपरमिटेड इवेंट' में हुई।

डी.सी. विभाग ने ट्विटर पर कहा,मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग (एम.पी.डी.) 14वीं और यू स्ट्रीट, एन.डब्ल्यू. के क्षेत्र में एक गोलीबारी की घटना पर जवाबी कार्रवाई कर रहा है। इस घटना में एक एम.पी.डी. अधिकारी सहित कई लोगों को गोली मार दी गई है।

फॉक्स न्यूज ने एम.पी.डी. के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा कि मोचेला के एक कार्यक्रम में चार लोगों को गोली मार दी गई, जिसमें एक पुलिस अधिकारी भी शामिल है।

# मुठभेड़ में चार आतंकी मारे गये इनमें एक पाकिस्तानी भी शामिल

श्रीनगर, 19 जून (वार्ता)। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा और कुलगाम जिलों में रविवार को सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के बीच हुई अलग-अलग मुठभेड़ में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक संदिग्ध पाकिस्तानी समेत चार आतंकवादी मारे गये।

पुलिस ने आज यहां बताया कि उत्तर कश्मीर के सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा में एक पाकिस्तानी समेत दो आतंकवादी मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि कुपवाड़ा में मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब पुलिस और सेना की 28 राष्ट्रीय राइफल्स (आर.आर.) की संयुक्त टीम ने जिले के लोलाब इलाके में गिरफ्तार आतंकवादी शौकत अहमद शेख के खुलासे पर आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। पुलिस ने कहा कि जैसे ही सुरक्षा बलों ने ठिकाने की तलाशी शुरू की, वहां छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरु कर दी। जवाबी कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा का एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। मुठभेड़ जारी है।

पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर विजय कुमार ने ट्वीट कर कहा,मारे गए आतंकवादी की पहचान एक पाकिस्तानी के रूप में की गई है।

### महात्मा गांधी के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कृष्ण गांधी (77), पूर्व राजनयिक एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल हैं, सोमवार को शरद पवार (81) तथा डॉ. फारूक अब्दुल्ला के बाद, ऐसे तीसरे ऐसे नेता बन गए, जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनसे बेहतर अन्य कई ऐसे लोग हैं, जो राष्ट्रीय सर्वसम्मति पैदा कर सकते हैं। पवार ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पिछले बुधवार को बुलाई गई 17 पार्टियों की एक मीटिंग में कह दिया था कि इसके लिये उन पर निर्भर न रहा जाये क्योंकि वे अभी और राजनैतिक पारियाँ खेलना चाहते हैं। इसके बाद, ममता ने डॉ. फारूक अब्दुल्ला एवं गोपाल गांधी के नामों की सलाह दी, लेकिन इस क्षण की स्थिति यह है कि विपक्ष के पास कोई प्रत्याशी नहीं है। सत्तारूढ़ भाजपा ने यहाँ बुधवार विपक्ष की मीटिंग के लिए सर्वसम्मति हेतु कुछ और नेताओं के नाम बताये, लेकिन भाजपा ने अपने उम्मीदवार का नाम उजागर नहीं किया। क्या भाजपा वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, जिनका कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है, को ही दोहरायेगी?

डॉ. अब्दुल्ला ने शनिवार को इस पद की दौड़ में स्वयं को अलग कर लिया था और अब गोपाल गांधी भी इस दौड़ से अलग हो गये हैं। ज्ञातव्य है कि गोपाल गांधी पाँच साल पहले उप राष्ट्रपति पद की दौड़ में एम. वैंकय्या नायडू से पराजित हो गये थे। इस समय चल रहे नामांकन 29 जून तक चलेंगे तथा 2 जुलाई तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

# 'कुछ देशों ने भारत के खिलाफ साइबर क्राइम आर्मी बना रखी है'

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, साइबर क्राइम आने वाले वक्त में देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनेगा

नई दिल्ली, 20 जून (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि, कुछ देशों ने भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने के लिए साइबर आर्मी बना रखी है लेकिन सरकार की संबंधित ऐजेन्सियां इस खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह चौकन्नी रहती हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विज्ञान भवन में साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि, हम अपने आप को अपग्रेड भी कर रहे हैं।

अमित शाह ने कहा कि आज के युग में साइबर सुरक्षा के बिना देश के विकास की कल्पना करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, अगर हम साइबर सुरक्षा को सुनिश्चित नहीं करते हैं, तो हमारी यही ताक़त हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती बन जाएगी। इसीलिए डिजिटल रिवॉल्यूशन के ज़माने में साइबर सुरक्षा की चुनौतियां और उनके समाधान को ढूंढने और

- **गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, वर्ष 2012 में 3377 साइबर क्राइम रिपोर्ट किए गए थे और 2020 में रिपोर्टिंग की संख्या 50 हज़ार तक पहुंच गई है, 2020 में हर दिन 136 साइबर क्राइम के मामले दर्ज किए, प्रति एक लाख जनसंख्या पर साइबर अपराधों की संख्या में भी चार वर्षों में 270 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।**

हर व्यक्ति तक साइबर सुरक्षा की जानकारी पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा को देश के पिछड़े से पिछड़े इलाक़े से लेकर हर हिस्से तक पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम के माध्यम से साइबर स्वच्छता, साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए उपाय, अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल को लोकप्रिय बनाना, साइबर वित्तीय अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन नंबर को लोकप्रिय बनाना जैसे अनेक क़दमों के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया है। शाह ने कहा , वर्ष 2012 में 3377 साइबर क्राइम रिपोर्ट किए गए थे और 2020 में रिपोर्टिंग की संख्या 50 हज़ार तक पहुंची है,2020 में हर दिन 136 साइबर अपराध के मामले दर्ज किए, प्रति एक लाख जनसंख्या पर साइबर अपराधों की संख्या में भी चार वर्षों में 270 प्रतिशत की वृद्धि हुई, 2016 में यह 1 थी और 2020 में यह बढ़कर 3.7 हो गई। ये बताता है कि ये वृद्धि आने वाले समय में कितनी बड़ी चुनौती बनने वाली है। साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल तीन साल पहले लाँच किया गया जिस पर अब तक अलग-अलग प्रकार की 11 लाख से ज़्यादा शिक़ायतें दर्ज की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया क्राइम की भी दो लाख से ज़्यादा शिक़ायतें दर्ज की जा चुकी हैं। ये मात्रा दिन-प्रतिदिन बढ़ने वाली है क्योंकि भारत में आज 80 करोड़ भारतीयों की ऑनलाइन मौजूदगी है और 2025 तक इस संख्या में लगभग 40 करोड़ की वृद्धि होने का अनुमान है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह सचिव सहित गृह मंत्रालय और केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शाह ने देश में डिजिटल क्रांति का उल्लेख करते हुए कहा कि साइबर सुरक्षित देश की कल्पना में सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। इसलिए इसके बारे में जनजागरूकता फैलाना भी उतना ही जरूरी है क्योंकि जागरूकता के बिना इसका उपयोग नहीं हो सकता।

### 'कोविड-19 की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

का अधिग्रहण कर लिया और यहां की भयभीत जनता को वृहद रूस शामिल कर लिया और इस पर किसी ने भी कोई सवाल खड़ा नहीं किया तो क्या होगा। क्या इससे शांति स्थापित होगी?

-क्रमश:

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908